सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.6 न्यू | 29.5 अधि |
| धर्मशाला | 24.5 न्यू | 36.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77337.59 |
| निफ्टी | 23516.00 |
| सोना 72,220 | चांदी 90,611 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



श्रद्धा कपूर ने राहुल के साथ कंफर्म किया रिलेशनशिप

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 20 जून, 2024 | 7 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 183, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- टिकट नहीं मिलने पर डॉ. राजेश को आया पैनिक अटैक -पेज 3
- समीरपुर में अनुराग ठाकुर ने सुनी जनसमस्याएं -पेज 6
- काली नाग, जौड़ा नारायण भगवान शिरड के लिए रवाना -पेज 11
- पुर्तगाल ने चैंपियनशिप में जीत से किया आगाज -पेज 13
- रणवीर को पीछे छोड़ विराट कोहली बने सबसे बड़े 'सेलिब्रिटी' ब्रांड -पेज 14


### टी-20 विश्व कप आज के मैच

इंग्लैंड vs वेस्टइंडीज

स्थान: सेंट लूसिया, समय : सुबह 6:00 बजे

भारत vs अफगानिस्तान

स्थान: बारबाडोस, समय : रात 8:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। इसके अलावा आबकारी नीति मामले में आरोपी विनोद चौहान की भी हिरासत बढ़ा दी है। दोनों की हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर 20 जून को भी सुनवाई करेगा।

### पाकिस्तान में आया भूकंप, 4.7 रही तीव्रता



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, अभी तक जान-माल के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है।
राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में 98 किलोमीटर की गहराई में था। वहीं, पूर्वी अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके लगे हैं।

### अमृतपाल को झटका एनएसए एक साल बढ़ाया

**चंडीगढ़।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में सजा काट रहे पंजाब के खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीतकर सांसद बने वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह को झटका लगा है। अमृतपाल सिंह और उसके साथियों की नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) की मियाद को पंजाब सरकार ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। अमृतपाल और उसके 9 साथियों पर एनएसए की मियाद 18 जून को खत्म हो चुकी थी।

### पीएम मोदी योग दिवस पर जाएंगे जम्मू-कश्मीर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए 20 और 21 जून को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहेंगे। पीएम जम्मू-कश्मीर में 1,500 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 84 प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। पीएम 21 जून को सुबह करीब 6.30 बजे श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### स्पाइस जेट की फ्लाइट में एक घंटे बंद रहा एसी

**नई दिल्ली।** दरभंगा जा रही स्पाइस जेट की फ्लाइट में करीब एक घंटे तक एसी बंद होने की वजह से यात्री बेहाल रहे। किसी तकनीकी खामी की वजह से एसी बंद हो गया था। फ्लाइट के अंदर का वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि कैसे लोग अपने आपको भीषण गर्मी के कहर से बचाने के लिए जतन कर रहे हैं।

## अनंत व्यंग्य




# उत्तर प्रदेश में गर्मी से 170 व दिल्ली-नोएडा में 27 की मौत

## गर्मी का सितम: देशभर में गर्मी से बढ़ रहा मौतों का आंकड़ा, रातें भी गर्म

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**देशभर** में झुलसाती गर्मी और जानलेवा हो गई है। उत्तर प्रदेश में गर्मी से 170 और दिल्ली तथा नोएडा में 27 लोगों की मौत गई है। कानपुर और बुंदेलखंड के जिले दिनभर सबसे ज्यादा तपते रहे। उरई 46.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं, दिल्ली में 13 लोगों की मौत हुई है। नोएडा में बुधवार को 14 लोगों की जान चली गई।

दिल्ली में बीती रात 12 साल की सबसे गर्म रही और न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नोएडा में अलग-अलग इलाकों में 14 लोगों की संदिग्ध मौत हो गई है। इन सबकी मौत के पीछे लू और हीट स्ट्रोक की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का दावा है कि इनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। संबंधित कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। दिल्ली में गर्मी से अब तक 33 लोगों की मौत हुई हैं। पुलिस के पास अभी पांच जिलों का डाटा नहीं है। ज्यादातर पुलिस उपायुक्त का कहना है कि यह फुटपाथ व रैन बसेरों में रहने वाले लोग थे। शुरुआती जांच में पुलिस इनकी मौत का कारण गर्मी ही मान रही है। हालांकि यह भी कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। उधर, दिल्ली के 38 अस्पतालों में हर रोज बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं।

### दिल्ली में मंगलवार को सीजन की सबसे गर्म रात

**दिल्ली** में पिछली सबसे गर्म रात जून 2012 में दर्ज की गई थी, जब न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मंगलवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।

### दिल्ली में एक सप्ताह का अधिकतम व न्यूनतम पारा

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 जून | 44.0 | 33.8 |
| 17 जून | 45.2 | 33.0 |
| 16 जून | 44.6 | 33.2 |
| 15 जून | 44.6 | 32.4 |
| 14 जून | 44.0 | 33.3 |
| 13 जून | 44.8 | 29.4 |
| 12 जून | 44.7 | 28.5 |

# बारामूला में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर, दो सुरक्षाकर्मी घायल

## लाइसर में आतंकियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना, ऑपरेशन जारी

**एजेंसी, बारामूला**

**बारामूला** जिले के सोपोर में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि दो जवान भी घायल हुए हैं। अभी भी ऑपरेशन जारी है। सोपोर के हादीपोरा के लाइसर इलाके में सुबह आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की। तलाशी अभियान शुरू किया गया।

सोपोर पुलिस, सेना की 32 आरआर और सीआरपीएफ के जवानों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। इलाके को खंगाला गया। यह इलाका जीडीसी हादीपोरा और पनाश कोचिंग संस्थान हादीपोरा के करीब था। ऐसे में एहतियात के तौर पर इन्हें बंद रखा गया, ताकि किसी तरह की हानि न हो। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की। इसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इस तरह मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी और एक सेना का जवान घायल हुआ है। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है। दोनों घायलों की हालत स्थिर है। पुलिस अधिकारी ने जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।



### सांबा में मिला संदिग्ध बैग सैन्य वर्दी और कारतूस बरामद

जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के सैडा सोहल में आतंकियों की मौजूदगी के बाद सांबा जिले में भी कई क्षेत्रों में संदिग्ध देखे जाने की सूचना पर पुलिस, सेना व सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। मंगलवार को सेना के क्यूआरटी वाहन सवार जवानों ने कस्बे के वीर भूमि पार्क के गेट के बाहर एक संदिग्ध बैग बरामद किया। बैग में सेना की वर्दी, टीशर्ट, एसएलआर का एक कारतूस मिला है। इसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# 7,280 महिलाओं को तीन माह की सुख-सम्मान निधि जारी

**राजेश शर्मा, ऊना**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को ऊना जिले के हरोली स्थित कांगड़ मैदान में आयोजित समारोह में 7,280 महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि के तहत 4500-4500 रुपए तीन महीने की सम्मान निधि के रूप में 3.27 करोड़ रुपए जारी किए। इस दौरान सुक्खू ने लाभार्थी महिलाओं को चेक वितरित किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 18 से 59 वर्ष आयु की 48 हजार से अधिक महिलाओं को 4500-4500 रुपए तीन महीने की सम्मान-निधि के तौर पर जारी किए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत 23 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद कर महिलाओं को सम्मान निधि प्रदान कर रही है। केंद्र सरकार किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए प्रदान कर रही है, जबकि प्रदेश कांग्रेस सरकार 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को 18,000 प्रति वर्ष प्रदान कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद करके महिलाओं को दी जा रही सम्मान निधि : सुक्खू**



ऊना जिले के कांगड़ में महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत चेक भेंट करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता : मोदी

## प्रधानमंत्री ने बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का किया उद्घाटन

**एजेंसी, पटना/नालंदा**

**पीएम** मोदी ने कहा कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन, आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा सिर्फ नाम नहीं, पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है।



यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में 1749 करोड़ रुपए से बने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का यह परिसर उसी की एक प्रेरणा है। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे।

### 455 एकड़ भूमि में बना नालंदा विवि का नया परिसर

**नालंदा** विश्वविद्यालय के नए परिसर का निर्माण 455 एकड़ के विशाल भूखंड पर किया गया है। नए कैंपस में कुल 24 बड़ी इमारत, 450 क्षमता का निवास हॉल, महिलाओं के लिए तथागत निवास हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व फूड कोर्ट, 40 हेक्टेयर में जलाशय, अखाड़ा, ध्यान कक्ष, 300 क्षमता का ऑडिटोरियम, योग परिसर, स्पोर्ट्स स्टेडियम, एथलेटिक ट्रैक के साथ आउटडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम, व्यायामशाला, अस्पताल, पारंपरिक आहर-पइन जल नेटवर्क, सोलर फार्म आदि हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीब 15 मिनट तक 1600 साल पुराने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का दौरा किया। पीएम ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां कई विद्यार्थी आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

### वैश्विक उत्सव बन गया योग दिवस

**पीएम** ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा, लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है।

## नेपाल ने भारत के एंटीबायोटिक इंजेक्शन पर लगाया बैन

**काठमांडू।** नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय के औषधि प्रशासन विभाग ने गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए भारतीय कंपनी में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन की बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। ड्रग्स अथॉरिटी के अनुसार, भारतीय फार्मा कंपनी जाइडस हेल्थकेयर लिमिटेड एंटीबायोटिक इंजेक्शन 'बायोटैक्स 1 ग्राम' निर्मित करती है। इसके बैच एफ 300460 के प्रयोगशाला परीक्षण से पता चला है कि दवा का उत्पादन विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया था। विभाग के प्रवक्ता प्रमोद केसी ने बताया कि इस एंटीबायोटिक में कुछ गंभीर समस्याएं पाई गई हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

# दलाईलामा से मिला अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**दो** दिवसीय दौर पर मैक्लोडगंज पहुंचे अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दलाईलामा से मुलाकात की। इस दौरान चीन-तिब्बत संबंधों पर चर्चा की गई। पूर्व अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा कि तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ज्ञान, परंपरा, करुणा, आत्मा की पवित्रता और प्रेम का भंडार हैं। दलाईलामा ने कहा कि वह लंबे समय तक जीवित रहेंगे, यह हम सबके लिए हर्ष की बात है। नैंसी ने कहा कि आज परिवर्तन आ रहा है और जल्द ही चीन की दमनकारी नीतियां पूरे विश्व के सामने उजागर हो जाएंगी। इस दौरान मैक्लोडगंज में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तिब्बत के विभिन्न संगठनों ने भाग लिया। इस मौके पर अमेरिकी दल के सदस्यों को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# आतिशी ने पीएम को लिखा पत्र, कहा पानी नहीं मिला तो अनशन पर बैठूंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में पानी का जबरदस्त संकट पैदा हो गया है। पानी की समस्या को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं मिला तो 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी। जब तक दिल्ली वालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता। पत्र में पीएम मोदी से आग्रह किया कि वह दिल्ली के लोगों को पानी दिलवाएं, चाहे हरियाणा से पानी दिलवाएं या कहीं और से, लेकिन किसी भी तरह से पानी दिलवाएं। 21 जून तक दिल्ली को अपने हक का 100 एमजीडी पानी नहीं मिला तो मुझे पानी के लिए सत्याग्रह शुरू करना पड़ेगा।



### दिल्ली के अस्पतालों में भी पानी का संकट

पूर्वी दिल्ली की कई कॉलोनियों में दो-तीन दिन से पानी नहीं आ रहा। विनोद नगर, मंडावली, गणेश नगर समेत कई इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। नई दिल्ली में गोल मार्केट, बंगाली मार्केट, तिलक मार्ग, संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और न्यायाधीशों के बंगलों में भी पानी की सप्लाई कम हो गई है। आरएमएल, कलावती और लेडी हार्डिंग जैसे अस्पताल भी पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड पिछले कई दिन से एनडीएमसी क्षेत्र में कम पानी दे रहा है। वजीराबाद प्लांट से पानी की सप्लाई बंद कर दी है, जिसके कारण आरएमएल, लेडी हार्डिंग जैसे कई बड़े अस्पतालों को पानी की आपूर्ति करने से परेशानी हो रही है। जल बोर्ड की ओर से एनडीएमसी को उपलब्ध कराए जाने वाले पानी की न्यूनतम मात्रा 125 एमएलडी है। मुख्य रूप से तीन जल उपचार संयंत्रों वजीराबाद, चंद्रावल और सोनिया विहार से नई दिल्ली में जल आपूर्ति होती है, लेकिन वजीराबाद जल उपचार संयंत्र 50 फीसदी से कम क्षमता के साथ चल रहा है। दिल्ली जल बोर्ड को यहां से 60 एमएलडी पानी उपलब्ध कराना था, लेकिन पानी की सप्लाई बंद है।

**राहत** प्रदेश में दो दिन बारिश का अलर्ट जारी, 26 जून के बाद मानसून के दस्तक देने की संभावना

# हिमाचल में झमाझम बारिश और बर्फबारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में बुधवार को शिमला, कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर सहित लगभग सभी जिलों में झमाझम बारिश हुई, तो वहीं रोहतांग दर्रे समेत आसपास की पहाड़ियों और लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट आई है।

ऊना, गगरेट व चिंतपूर्णी क्षेत्र में तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं, बारिश से किसानों और बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। लोगों को आगामी दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना है इसके बाद एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी होगी। आगामी दो दिनों के लिए मौसम विज्ञान केंद्र ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में 26 जून के बाद मानसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि मानसून के 20 जून तक पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन मौसम में परिवर्तन के बाद मानसून के पहुंचने में देरी हो रही है। ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा के क्षेत्रों में हीटवेव की आशंका जताई है। (अनंत ज्ञान)

### शिमला में लैंडस्लाइड से टूटू-तारादेवी रोड बंद

**शिमला** में टूटू-तारादेवी सड़क पर बुधवार शाम को लैंडस्लाइड होने से रोड बंद हो गया। सड़क पर भारी चट्टानें गिरी हैं। इसके चलते सड़क यातायात के लिए बंद हो गया है।



मनाली-लाहौल सड़क पर बारिश के बीच ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 44.0° |
| बिलासपुर | 41.8° |
| धौलाकुआं | 41.5° |
| हमीरपुर | 41.3° |
| कांगड़ा | 41.0° |
| सुंदरनगर | 40.6° |
| बरठीं | 40.6° |
| चंबा | 39.7° |
| मंडी | 39.0° |
| धर्मशाला | 36.5° |
| सोलन | 36.2° |
| जुब्बड़ हट्टी | 34.2° |

# सैंज नदी में आईटीआई छात्र की डूबने से मौत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**उपमंडल** बंजार के सैंज में आईटीआई में पढ़ने वाले एक छात्र की सैंज नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय युवकों की मदद से शव को अपने कब्जे में ले लिया है। सैंज पुलिस की टीम ने लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

21 वर्षीय युवक शरण गांव का रहने वाला था। दोपहर के समय अधिक गर्मी होने के चलते वह अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए आया था, लेकिन अचानक नदी में डूब गया। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ढालपुर अस्पताल भेजा है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## सतलुज में गिरे ट्रक चालक की मौत

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** सुन्नी के चाबा में ट्रक सतलुज में गिर गया, जिससे चालक की मौत हो गई। अभी तक शव नहीं मिल पाया है। शव की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

नदी में डूबे ट्रक के एक छोटे हिस्से में मृतक व्यक्ति के पैर दिखाई दिए हैं। शव की तलाश में गोताखोर बुलाए गए हैं। पुलिस ने इस हादसे की ट्रक यूनियन दाड़लाघाट व ट्रक यूनियन बाघा को हादसे की सूचना दी। तफ्तीश में सामने आया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक सोलन जिले के अर्की निवासी महिला के नाम से पंजीकृत है। ठियोग उपमंडल का 27 वर्षीय युवक पिछले तीन साल से ट्रक को चला रहा था, जो लापता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### इशिता-स्वस्ति बिलासपुर स्पोर्ट्स होस्टल के लिए चयनित




**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की दो छात्राओं का चयन स्पोर्ट्स होस्टल बिलासपुर के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि बीते दिनों प्रदेश में कार्यरत खेल छात्रावास के लिए चयन प्रक्रिया संपन हुई। जिसका हाल ही में परिणाम आया है, जिसमें चियोग स्कूल की इशिता वर्मा का एथलेटिक्स और स्वस्ति हेटा का चयन कबड्डी खेल के लिए चयन हुआ है। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब यह दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स होस्टल बिलासपुर में खेल संबंधी शिक्षा ग्रहण करेगी। प्रधानाचार्य ने दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### रात के अंधेरे में ट्रांसफार्मर ले गए चोर

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** थरोच क्षेत्र में सक्रिय ट्रांसफार्मर चोर गिरोह की हरकतों से जहां विद्युत विभाग सांसत में पड़ा हुआ है,वहीं कई घरों में अंधेरा पसर गया है। सोमवार रात विद्युत इकाई थरोच में शातिरों ने बहरोग में चलती लाइन से ट्रांसफार्मर उतार दिया एवं उससे तांबा ले गए। आधी रात को अचानक बत्ती गुल होने पर स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा विभाग के तकनीकी कर्मचारियों को बिजली न होने की शिकायत की गई, जिस पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तकनीकी स्टाफ द्वारा इसकी सूचना कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता को दी गई। सहायक अभियंता ने इस वारदात से अपने आलाधिकारियों को अवगत करवाया गया एवं मामले की शिकायत नेरवा थाने में की गई है। चोरों की हरकत से करीब डेढ़ दर्जन उपभोक्ताओं के घरों में अंधेरा पसर गया है। (अनंत ज्ञान)

### रीटा ने दिया गोवंश संरक्षण का संदेश

**सपना सूद, नेरवा।** कोरोना काल में ऑनलाइन मोटिवेशनल शो में विश्व रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी जिला शिमला की स्टार रीटा उर्फ रिड्ज डाइम डेरेल ने शो के चार साल पूरा होने के उपलक्ष में एक नई पहल शुरू कर गोवंश संरक्षण का संदेश दिया है। रीटा ने कहा कि हिमाचल देव भूमि है तथा यहां गो की पूजा की जाती है। ऐसे में लोगों द्वारा गो को घरों से खदेड़ कर बेसहारा छोड़ना बहुत ही निंदनीय है। इस अवसर पर रीटा ने गोशाला समिति जनोगघाट (ठियोग) का दौरा किया एवं गोशाला के गोसेवक किशन से वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि किशन बिना किसी स्वार्थ लोगों द्वारा सड़कों पर छोड़ी गई 70 गउओं की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर एक नेक कार्य कर रहे हैं। लोगों द्वारा बेसहारा छोड़े गए पशुओं के संरक्षण के उद्देश्य से यह गोशाला ठियोग कमेटी द्वारा संचालित की जा रही है। (अनंत ज्ञान)


गोशाला के गोसेवक किशन।

### व्यापार मंडल का फैसला, आज बंद रहेगा लक्कड़ बाजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रिज पर लगाए गए स्टॉल के खिलाफ लक्कड़ बाजार आज बंद रहेगा। कोई भी व्यापारी दुकानें नहीं खोलेंगे। मंडल के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि हर बार ही रिज पर प्रशासन द्वारा स्टॉल लगाने की अनुमति दी जाती है, जिसके चलते लक्कड़ बाजार के कारोबारी का काफी नुकसान होता है। आज इसको लेकर लक्कड़ बाजार से रिज तक प्रदर्शन किया जाएगा और कभी भी रिज पर स्टॉल न लगाने की मांग की जाएगी। इसके बारे में पहले भी प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवाया गया है, लेकिन मांग अभी तक लंबित पड़ी है।

### 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने बताया की जैसा कि हम जानते हैं कि देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से 21 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने 193 सदस्य देशों के समर्थन से 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने की घोषणा की थी। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के निर्देशानुसार इस वर्ष भी विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक मंडल में योग के कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम के लिए सभी जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक व मण्डल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल में इस कार्यक्रम के संयोजक होंगे। इस योग दिवस के कायक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंडल में 4 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा नेता अपने-अपने मंडलों में इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। संजीव कटवाल ने कहा की भाजपा समस्त किसानों की ओर से पीएम मोदी का किसान सम्मान निधि की किश्त जारी करने के लिए धन्यवाद भी करती है। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की तरफ भी पीएम ने बड़े कदम उठाए हैं। उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों सुनिश्चित किए जाएंगे। कटवाल ने कहा कि किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। कृषि निर्यात में देश अग्रणी बना है।

### बिझड़ी स्कूल में बच्चों को दिए योग के टिप्स



**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** बड़सर में आयुष विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी में योग दिवस की रिहर्सल करवाई गई, जिसमें जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर देश राज वर्मा व उपमंडलीय आयुष अधिकारी डॉक्टर जगतार सिंह एवं योगा को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर विशाल भाटिया के नेतृत्व में योगा इंस्ट्रक्टर पूनम कपलेश ने स्कूल में बच्चों को योगा का महत्व समझाते हुए योगा भी करवाई। इस योग दिवस को सफल बनाने के लिए योग शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को ज्यादा से ज्यादा जनमानस को लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### आशुतोष स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए चयनित

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** स्वर्ण जयंती मिडल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा-2024 में राजकीय प्राथमिक पाठशाला धिरवीं के सत्र 2023-24 के पांचवीं के छात्र आशुतोष ठाकुर का चयन चरण दो की परीक्षा के लिए हुआ है। मुख्याध्यापक रजनीश कुमार ने आशुतोष को इस सफलता के लिए बधाई दी और बताया कि चरण एक की परीक्षा 3 मार्च 2024 को हुई थी। इस परीक्षा में हमीरपुर जिला से 28 अभ्यर्थियों का चयन चरण दो की परीक्षा के लिए हुआ है। इस पाठशाला के आशुतोष ठाकुर ने पूरे हमीरपुर जिला में चयनित अभ्यर्थियों में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। (अनंत ज्ञान)



# शहर को सेफ सिटी बनाने के लिए आगे आई बिलासपुर पुलिस

## एसपी विवेक चहल ने शहर को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की बनाई प्लानिंग

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस कप्तान विवेक चहल ने शहर को सेफ सिटी बनाने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है। जिसमें नगर के डियारा, रौड़ा, कोसरियां वार्ड व इंडस्टी एरिया को पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। नगर के इस तीन वार्डों के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर दर्जनों कैमरे लगाएं जाएंगे। जिसके लिए एसपी बिलासपुर विवेक चहल स्वयं टीम के साथ पूरा विजिट करने के लिए जा रहे हैं। दो दिन के भीतर पुलिस प्रशासन विजिट करके कैमरे लगाने के स्थानों को चिन्हित करेगा। जिसके बाद पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को बजट के लिए प्रपोजल भेजी जाएगी। बजट स्वीकृत होने के तुरंत बाद पुलिस प्रशासन इस कवायद को आरंभ कर देगा।

बता दें कि शहर में हो रही चोरियों और नशे के अधिक मामलों को देखते हुए पुलिस कप्तान ने स्वयं यह प्लान तैयार किया है, जिससे न केवल पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी बल्कि शहर के लोग अपने आपको सुरक्षित भी महसूस करेंगे। जिला में लगातार बढ़ रहें क्राइम रेट और नशेड़ियों की संख्या के लिए चलते अब बिलासपुर पुलिस को पूरा फोकस इन दो प्वाइंट्स पर रहेगा। बिलासपुर शहर में कुछ ही स्थानों पर कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन अगर पुलिस प्रशासन द्वारा तैयार किया गया यह प्लान शुरू हो जाता है तो पूरा शहर न केवल कैमरों की निगरानी में होगा और पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)




### सिटी चौकी बिलासपुर में होगा कंट्रोल रूम

**शहर** में लगने वाले यह सैकड़ों कैमरों का सिटी चौकी में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जिसमें अलग से पुलिस के कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। यह कर्मचारी शहर के प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेंगे और शहर को सेफ सिटी बनाने के लिए अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगे।

### क्या कहते हैं एसपी विवेक चहल



**बिलासपुर** शहर को सेफ सिटी बनाने का प्लान तैयार किया है। जल्द ही पूरे शहर का अपनी टीम के साथ विजिट करुंगा और कैमरे लगाने के स्थानों को चिन्हित किया जाएगा। डियारा सेक्टर, रौड़ा सैक्टर, कोसरियां और इंडस्टी एरिया के एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर सैकड़ों कैमरे लगाएं जाएंगे। बिलासपुर जिला से सुरक्षित बनाने के लिए बिलासपुर पुलिस दिन-रात कार्यरत हैं।

# फ्रांसबीन के अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिले


फ्रांसबीन तोड़ती महिलाएं।

**रविंद्र जस्टा, जुन्गा ( शिमला )**

फ्रांसबीन फसल से इस वर्ष जुन्गा क्षेत्र में अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे पर रौनक आ गई है। बता दें जुन्गा क्षेत्र में सोलन की तर्ज पर फ्रांसबीन, टमाटर, लहसुन, शिमला मिर्च इत्यादि नकदी फसलों की भारी मात्रा में पैदावार की जाती है, जिससे किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

गौर रहे कि इस बार प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन और ढली में फ्रांसबीन के अधिकतम दाम 120 रुपए प्रति किलोग्राम रहे। सूखा पड़ने की वजह से इन दिनों फ्रांसबीन 50 से 60 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है, अर्थात फ्रांसबीन के दामों में गिरावट आने से किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया है। हालांकि भारी गर्मी पड़ने से फ्रांसबीन की फसल सूखने के कागार पर आ गई है, जिससे फ्रांसबीन की फलियां छोटी हो गईं। अधिकांश किसानों ने पानी की लिफ्टें लगाकर नकदी फसलों का उत्पादन किया जा रहा है।

बता दें कि जुन्गा के साथ सीमा पर लगते सोलन व जिला सिरमौर के अनेक क्षेत्रों में फ्रांसबीन की अच्छी पैदावार होती है। प्रगतिशील किसान प्रीतम ठाकुर ने बताया कि फ्रांसबीन की किस्म दो प्रकार की होती है जिसमें पहली प्रकार का झंब्बे वाला जो कम दाम पर बिकता है, जबकि दूसरा बूटिया अर्थात फाल्गुनी किस्म की फ्रांसबीन जो बिना झंब्बे से उगाई जाती है, उसके दाम मार्केट में अच्छे मिलते हैं। प्रीतम के अनुसार फ्रांसबीन फसल सबसे कम अर्थात 60 दिन में तैयार हो जाती है जिसमें किसानों को ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ती है। (अनंत ज्ञान)

# आग ने सेब बागवानों पर बरपाया कहर

**सपना सूद, नेरवा**

मंगलवार को घासणी में लगी आग से करीब 2700 सेब के पौधे पूरी तरह झुलस गए। इस अग्निकांड की वजह से रुस्लाह क्षेत्र के चार बागवानों पर कहर बरपाते हुए उनके भविष्य के सारे सपने तोड़ डाले है।

स्थानीय निवासी गोल्डी के अनुसार दोपहर करीब दो बजे न्योटी के सामने घासणी में आग लग गई। तेज हवाओं के चलते इस आग ने विकराल रूप धारण कर लिए एवं यह फेलवी गांव की तरफ से रुसलाह की तरफ फैल गई। इस आग वनस्पति एवं जीव जंतु जलकर राख हो गए। आग इतनी विकराल थी कि इसने कोहराम मचाते हुए रुसलाह निवासी मस्त राम शर्मा के सेब के 60, भोपेंद्र गांधी के 700 फलदार एवं 1200 नए, प्रकाश के 650 फलदार व अशोक गांधी के 100 फलदार पौधे देखते ही देखते भस्म कर डाले। तहसीलदार नेरवा विनोद कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय पटवारी को नुकसान रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



# मगलेड खड्ड तक सड़क पहुंचने पर लोगों ने मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पीरन पंचायत के देवठी के लोगों ने ट्रहाई गांव से बलोग पंचायत के नोंहा, डुब्लु को सड़क सुविधा से जोड़ने की करीब सात दशक उपरांत कवायद आरंभ करके पूरे क्षेत्र में एक अनूठी मिसाल कायम की है।

ट्रहाई गांव से मगलेड खड्ड अर्थात बलोग पंचायत की सीमा तक करीब दो किलोमीटर सड़क का निर्माण पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रीतम ठाकुर ने बताया कि इस रोड के बनने से नोंहा व डुब्लु सहित कई गांव की दूरी ट्रहाई करीब पांच से 6 किलोमीटर रह जाएगी, जबकि नोंहा डुब्लु जाने के लिए वाया छलंडा होते हुए करीब 45 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था।


मगलेड खड्ड तक सड़क पहुंचने पर उपस्थित गांववासी।

प्रीतम ठाकुर ने बताया कि मगलेड खड्ड से नोंहा तक सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए बलोग पंचायत के साथ मामला उठाया गया है। उन्होंने इस सड़क का निर्माण कार्य करने के लिए देवठी गांव के लोगों का आभार व्यक्त किया है। इनका पीरन पंचायत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस रोड के निर्माण के लिए दो लाख की राशि स्वीकृत की गई थी परंतु पंचायत ने इस सड़क के पैसे को किसी अन्य कार्य में लगा दिया। जिससे पूरे ट्रहाई गांव में लोगों में पंचायत के प्रति रोष व्याप्त है। बता दें कि इस रोड के बनने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

इस मौके पर वयोवृद्ध पूर्व प्रधान बालक राम निर्मोही, पूर्व प्रधान अतर सिंह ठाकुर, रामानंद शर्मा, नेकराम शर्मा, जगदीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अतिरिक्त उपायुक्त निधि पटेल ने अधिकारियों को दिए निर्देश


अतिरिक्त उपायुक्त निधि पटेल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**शुभम राही, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में पर्यटन क्षेत्र में हरित वातावरण और स्वच्छता को आगे बढ़ाने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली अपनाना अत्यंत हितकर होगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर निधि पटेल ने बचत भवन में इस संदर्भ में बुलाई। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली को प्राथमिक तौर पर सरकारी विश्राम गृह, परिधि गृहों द्वारा अपनाना आरंभ किया जाएगा। इस प्रणाली के तहत आकलन के लिए उपमंडल स्तर तथा जिला स्तर पर समितियों को गठन कर लिया गया है। उपमंडल स्तर पर उपमंडल अधिकारी तथा जिला स्तर पर उपयुक्त कमेटी के अध्यक्ष हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त उपाध्यक्ष, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत विभाग, डीएफओ, जिला पर्यटन विकास अधिकारी समिति के सदस्य उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी डीआरडीए सदस्य सचिव, जिला स्तरीय होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष, जिला स्तरीय पर्यटन उद्योग तथा हितकारी संस्था के अध्यक्ष, जिला स्तरीय होमस्टे इकाइयों के अध्यक्ष, जिला स्तरीय ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष इसके मेंबर हैं।

उन्होंने संबद्ध विभागों से अपने-अपने विश्राम गृह तथा परिधि ग्रहण व अन्य रेस्ट हाउस को इस प्रणाली के तहत उल्लेखित मानकों के अंतर्गत आकलन के उपरांत 10 दिन के भीतर रिपोर्ट समिति को सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी होटल अथवा पर्यटन संस्थान उपमंडलाधिकारी कार्यालय अथवा डीआरडीए कार्यालय से इस प्रणाली के तहत घोषणा पत्र प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# ओपीएस बहाल न हुई तो आंदोलन होगा तेज

### बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने एमडी के खिलाफ फिर खोला मोर्चा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एंप्लॉयज एसोसिशन ने एमडी हरिकेश मीणा के खिलाफ फिर से मोर्चा खोलते हुए सरकार से स्थायी एमडी की नियुक्ति की मांग उठाई है। शिमला में हुई एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक में बोर्ड के कर्मचरियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और आगामी रणनीति बनाई गई।

बैठक में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के लिए ओपीएस बहाली की मांग को भी दोहराया गया। यूनियन के महासचिव हीरालाल वर्मा ने बताया कि वर्तमान बिजली बोर्ड प्रबंधन की गलत कार्यशैली के को लेकर आज एक डिटेल्स ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया है। जिसमें मेनेजमेंट के बोर्ड विरोध और कर्मचारी विरोधी कार्यशैली को विस्तृत रूप से बताया गया है। स्मार्ट मीटर और अन्य तकनीकी विकास के जो काम किए गए उनके लिय अब केंद्र से ग्रांट की अवधि समाप्त हो गई है, जो सिर्फ मेनेजमेंट की देरी के कारण हुआ है। प्रदेश मे पुरानी पेंशन बहाली के एक साल बाद भी बिजली बोर्ड मे कर्मचरियों को पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई है। 6500 कर्मचारी इसका इंतजार कर रहे है। इसके अलावा कर्मचारियों के विभिन्न भत्ते भी लंबे समय से पेंडिंग हैं। सरकार ने अगर समय पर बोर्ड के कर्मचारियों के मुद्दों का हल नहीं किया तो कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। (अनंत ज्ञान)

# पेंशन का भुगतान समय पर न होने से पेशनर्स में रोष


बैठक के दौरान उपस्थित जिलाध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर के साथ एचआरटीसी के पेंशनर्स।

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने एचआरटीसी के पेंशनर्स को पेंशन का भुगतान समय पर नहीं होने पर गहरा रोष जताया है।

संगठन का कहना है कि निगम के पेंशनर अपनी पारिवारिक जरूरतें पूरी करने और अन्य सामाजिक दायित्व निभाने के लिए पूरी तरह से पेंशन पर निर्भर हैं। कई बार महीने के अंत में पेंशन मिलती है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। पेंशन की अदायगी हर माह के पहले सप्ताह में सुनिश्चित की जाए। बुधवार को संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर की अध्यक्षता में बिलासपुर की एचआरटीसी वर्कशॉप के साथ लगते मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में कई मसलों पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि निगम के पेंशनर्स को जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान की बकाया राशि आज तक नहीं मिली है। 50 हजार रुपए की किश्त के साथ दूसरी किश्त का भुगतान भी जल्द किया जाए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 जून को मंडी में प्रस्तावित संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में बिलासपुर जिला के पेंशनर बढ़-चढ़कर भाग लेंगे, ताकि अपनी लंबित मांगें पूरी करवाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा सके। (अनंत ज्ञान)

# धर्माणी ने युवा प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार में टीसीपी, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को घुमारवीं में नवनिर्मित दो मंजिला युवा प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र के भवन का उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया कि पूर्व राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा ने अपने सांसद निधि से इस भवन को बनाने के लिए 35 लाख रुपए दिए थे, ताकि बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा सके और युवा अपनी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर प्रदेश और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सके।

धर्माणी ने पत्रकारों से कहा कि प्रदेश कांग्रेस पार्टी तीनों उपचुनाव में जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जनता से विश्वासघात करने वाले तीनों निर्दलीयों उम्मीदवारों को जनता इस बार माफ नहीं करेगी। उन्होंने पत्रकारों के देहरा विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री की पत्नी के चुनाव लड़ने पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र 2010 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया। अब तक कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार इस सीट से नहीं जीत पाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पुश्तैनी घर देहरा होने और मुख्यमंत्री की पत्नी का मायका इस क्षेत्र में होने के कारण सर्वे के अनुसार मुख्यमंत्री की पत्नी को बेहतर उम्मीदवार आंका गया है इसके बाद हाईकमान ने उनको टिकट दिया है। विपक्ष द्वारा परिवारवाद को बढ़ावा देने और एक ही परिवार के दो लोगों को विधायक का टिकट दिए जाने पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले अपने गिरेबान में जरूर झांके। (अनंत ज्ञान)


युवा प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते धर्माणी।

**सफलता** हृदय की बीमारी से ग्रसित छात्रा का आईजीएमसी में हुआ इलाज

# कुठेड़ा स्कूल की छात्रा को मिला नया जीवन

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा की छात्रा को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नया जीवन मिला है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर प्रवीण चौधरी कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा जिला बिलासपुर में 13 जून 2024 को सभी स्टूडेंट्स का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान सभी स्टूडेंट्स जांच में दुरुस्त पाए गए, लेकिन एक छात्रा को हृदय से संबंधित बीमारी के लक्षण पाए गए। जिस पर तुरंत मोबाइल हेल्थ टीम ने छात्रा के परिजनों को बुलाकर बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल में टेस्ट करवाने को कहा गया। अस्पताल में टेस्ट के दौरान भी हृदय बीमारी से संबंधित लक्षण पाए गए।



डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि छात्रा के हृदय में छेद है और ऑपरेशन करना बहुत जरूरी है, अन्यथा आगे छात्रा को काफी दिक्कत होगी। इस पर तुरंत छात्रा को आईजीएमसी शिमला में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। 13 जून को आईजीएमसी शिमला के डॉक्टरों द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद छात्रा भी पूर्ण रूप से स्वस्थ है। छात्रा के परिवार ने मुख्यमंत्री सुक्खू का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निशुल्क इलाज के लिए विशेष तौर आभार व्यक्त किया है, जिनकी वजह से उनकी बेटी का सफल आपरेशन हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का समय-समय पर स्वास्थ्य जांच अवश्य करवाएं और प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले विभिन्न योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं सीएमओ

**सीएमओ** ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत खास बात यह है कि ऑपरेशन के लिए छात्रा के परिवार को किसी भी प्रकार का खर्चा नहीं करना पड़ा बल्कि सरकार ने सारा खर्च किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर : बुधवार को किसी ने नहीं भरा नामांकन

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के उपचुनाव के लिए बुधवार को किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। इस उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद अभी तक केवल एक ही प्रत्याशी ने पर्चा भरा है। नामांकन भरने के लिए केवल दो दिन शेष बचे हैं। अभी तक केवल भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा ने अपना नामांकन भरा है, जबकि कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। जानकारी के अनुसार डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा 21 जून को अपना नामांकन भरेंगे। 21 जून को ही कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन रैली निकालकर गांधी चैक पर जनसभा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### परिवार ही सीएम का प्रमुख का एजेंडा : राजेंद्र राणा




**ए. कुमार, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए विकास और प्रदेश की जनता के हित सर्वोपरि नहीं है बल्कि उनका एकमात्र एजेंडा मित्रों व परिवार को तरजीह देना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे बंद पड़े हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सिर्फ और सिर्फ अपने मित्रों और अपने परिवार का कल्याण सुनिश्चित करने में लगे हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में 18 से 60 साल आयु वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए का भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन अब सरकार ने अपने इस वायदे को पूर्ण करने पर भी कई शर्तें थोप दी है। अगर एक विधानसभा क्षेत्र में 25 हजार के करीब महिलाएं इस भत्ते की पात्र बनती हैं तो उनमें से सिर्फ 3,000 महिलाओं को ही सुक्खू सरकार यह भत्ता देगी जबकि बाकी की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया जा रहा है और उनकी अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता के दुख दर्द से इन सब का कोई लेना देना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार चुनावों को हाईजैंक करना चाहती: बिंदल



**रविंद्र जस्टा, शिमला ।** विधानसभा के तीन उपचुनाव 10 जुलाई को संपन्न होंगे। इन उपचुनावों के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार इन चुनावों को सरकारी दादागिरी और धन-बल के आधार पर हाईजैक करना चाहती है। कैबिनेट बैठक में देहरा को एचपीपी फोर्स देने का निर्णय करना व अन्य घोषणाएं करना न केवल गैरकानूनी है अपितु देहरा की जनता के साथ धोखा है। बिंदल ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री को अपने ससुराल की इतनी ही चिंता थी तो पिछले डेढ़ साल में देहरा के लिए कुछ क्यों नहीं किया। विधायक होशियार सिंह ने मुख्यमंत्री से देहरा के विकास के लिए लगातार गुहार लगाई परंतु उन्हें फटकार दिया और देहरा का विकास नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

### हर मंडल में मनाया जाएगा योग दिवस : कटवाल



**अनंत ज्ञान, शिमला ।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने बताया की जैसा कि हम जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से 21 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने 193 सदस्य देशों के समर्थन से 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने की घोषणा की थी। प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के निर्देशानुसार इस वर्ष भी विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक मंडल में योग के कार्यक्रम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए सभी जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक व मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल में इस कार्यक्रम के संयोजक होंगे। इस योग दिवस के कायक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंडल में 4 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### मनाली में युवक पर दराट से हमला

**कमलेश वर्मा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के वशिष्ठ चौक पर दो युवकों द्वारा दराट से हमला करने का मामला सामने आया है। मनाली पुलिस ने चचोगा निवासी जगजीवन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। वशिष्ठ चौक के पास हुई यह वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। जगजीवन पुत्र स्व. बोधू राम गांव चचोगा डाकखाना मनाली जिला कुल्लू ने लिखित शिकायत कि है कि 17 जून को कंचनीकूट वशिष्ट चौक के पास वह कोट बूट की दुकान में मोहनलाल के साथ बैठा था। सुबह सात बजे लाल चंद सोलंगनाला की तरफ से अपनी जिप्सी चलता हुआ आया और दुकान के पास गाड़ी को टक्कर मारी। लाल चंद ने शराब पी रखी थी। झगड़ा करने के बाद लाल चंद उर्फ ललित वहां से चला गया। कुछ देर बाद लाल चंद व देवेंद्र गाड़ी में आए। उन्होंने अपने हाथ में दराट लिए थे, आते ही उन्होंने हमला कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### सीएम ने मित्रों को पहुंचाया फायदा : बिहारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर ।** हमीरपुर भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा की झूठ बोलने में सीएम सुक्खू की पीएचडी है। झूठ बोलना तो मुख्यमंत्री पुराने समय से जानते हैं और इसमें कई डिग्रियां भी हासिल कर चुके हैं। एक बार फिर देहरा में जो चुनाव हो रहा है, उसमें साफ दिखाई दे रहा है कि स्वयं मुख्यमंत्री ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। पहले मुकरते रहे कि नहीं हमें टिकट नहीं चाहिए और अब कह रहे हैं कि हाई कमान का आदेश की पालना कर रहा हूं, यह बहुत बड़ा सफेद झूठ है। उन्होंने कहा परिवारवाद की खिलाफत करने वाले, आज खुद परिवारवाद में लिप्त हो गए हैं। पर सत्ता ऐसे करवा देती है क्योंकि राष्ट्र स्तर पर भी कांग्रेस में परिवारवाद अभी है। मुख्यमंत्री तानाशाही है और पूरी ताकत के साथ विरोधियों को हानि पहुंचाने का कार्य करते हैं। इन उपचुवन में भी मुख्यमंत्री ने अपने सभी दुश्मनों को एक-एक करके ठिकाने लगाने का कार्य किया है और मित्रों को फायदा पहुंचाने का कार्य उत्तम रूप से किया है। एक-एक व्यक्ति को किस प्रकार से राजनीतिक हानि पहुंचानी है, व्यापारिक हानि पहुंचानी है उसमें मुख्यमंत्री माहिर है।

### भाजपा के ट्रेप में फंसे निर्दलीय विधायक: धर्माणी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं ।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने हमीरपुर, नालागढ़ व देहरा विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत का दावा करते हुए कांग्रेस सरकार द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्रों का विकास करने की बात कही है। राजेश धर्मानी का कहना है कि तीन निर्दलीय विधायक चाहते तो किसी भी पार्टी को अपना समर्थन दे सकते थे मगर भाजपा ने इन तीनों विधायकों को अपने ट्रेप में फंसाकर उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देने को मजबूर किया था और तीनों ही निर्दलीय विधायक राजनीतिक नासमझी के चलते इस ट्रेप में फंस गए और अपने पदों से इस्तीफा दे बैठे। जिससे एक तरफ यह तीनों निर्दलीय विधायक अपना पद खो बैठे तो दूसरी तरफ लोगों के साथ विश्वासघात करने का काम किया है। (अनंत ज्ञान)

# लोगों का आशीर्वाद मेरे साथ, जीत निश्चित : आशीष शर्मा

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पिछली बार तो मुकाबला तिकोना था, इस बार टक्कर आमने-सामने होगी। दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरा दमखम लगा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा से अनंत ज्ञान की रिपोर्टर रीत वशिष्ट ने विशेष बातचीत की। पेश हैं मुख्यांश-






**सवाल : आपने पहले बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा और अब भाजपा के प्रत्याशी हैं, क्या कहना चाहेंगे?**
**जवाब :** मैंने 2022 में आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और अब भाजपा ने मुझ पर विश्वास जताकर टिकट दिया है। लोगों के बीच जाकर समर्थन जुटाया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि लोग अपना आशीर्वाद देंगे और यहां से भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी।

**सवाल : 14 महीने में ऐसा क्या हो गया कि भाजपा ज्वाइन करनी पड़ी?**
**जवाब :** देखिए, 14 महीनों में मैं मुख्यमंत्री के पास हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के काम करवाने के लिए जाता रहा, लेकिन सीएम सुक्खू ने कोई सुनवाई नहीं की। सुनवाई तो दूर, लेकिन सीएम का विधायकों के साथ जो व्यवहार रहा वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण था। मुझे मिलने का समय नहीं दिया गया। तीन-चार दिन तक बिठाए रखा। जनता द्वारा चुने गए विधायक की अनदेखी मेरी समझ से परे थी। इस तरह की प्रताड़नाओं से आहत होकर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट डाला। इसके बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से बात कर भाजपा ज्वाइन कर ली। मैंने रोष स्वरूप जनहित में ही यह निर्णय लिया।

**सवाल: आपने राज्यसभा में राम मंदिर निर्माण के कार्य से खुश होकर भाजपा के पक्ष में वोट डाला, क्या यह सच है?**
**जवाब :** नंबर वन, राम मंदिर के साथ पूरे देश के लोगों की भावनाएं जुड़ी हैं। दूसरा, मनु सिंघवी ने राम मंदिर निर्माण के खिलाफ केस लड़ा था। तीसरी बात यह थी कि हम किसी बाहरी व्यक्ति के पक्ष में वोट नहीं डालना चाहते थे। कांग्रेस प्रत्याशी मनु सिंघवी का हिमाचल से कोई लेना देना नहीं है, इसलिए अंतरात्मा की आवाज सुनकर भाजपा के हर्ष महाजन को वोट डाला।

**सवाल : हमीरपुर को भाजपा का गढ़ कहा जाता है। क्या आपकी जीत में अनुराग ठाकुर और धूमल का रसूख सहायक होगा?**
**जवाब :** धूमल दो बार यहां से जीतकर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं। हमीरपुर अनुराग का गृह जिला है। भाजपा ने मुझे सोच समझकर प्रत्याशी बनाया है। निश्चित रूप से सबके आशीर्वाद से जीत सुनिश्चित होगी।

**सवाल : सीएम सुक्खू ने निष्कासित विधायकों को 'काला नाग' और 'बिकाऊ' कहा, इस पर आपकी प्रतिक्रिया?**
**जवाब :** सीएम सुक्खू ने चुनावी माहौल बनाने के लिए दुष्प्रचार किया। अगर हमने पैसे लिए होते तो उसके सबूत आज तक सीएम सुक्खू क्यों नहीं दे पाए? बात तथ्यों पर होनी चाहिए। लोग पढ़े-लिखे हैं, उन्हें बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। सुक्खू झूठ के सहारे राजनीति करते हैं।

**सवाल: आपके खिलाफ एक बार फिर कांग्रेस के डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा हैं। उनको कितना दमदार प्रत्याशी मानते हैं?**
**जवाब :** अब मुझे फर्क नहीं पड़ता कि सामने कौन है। मैंने पिछले चुनाव में उन्हें 13000 मतों से हराया था। हर पार्टी की अपनी-अपनी सोच होती है और अपने-अपने एजेंडे होते हैं। मुझे इतना पता है कि हमारी जीत निश्चित है।

**सवाल : अगर आप जीतते हैं तो क्या प्राथमिकताएं रहेंगी?**
**जवाब :** जो मुद्दे मैंने पहले उठाए थे, वही मुद्दे इस बार भी हैं। हमीरपुर बस स्टैंड का काम चला हुआ है। 18 गांव ऐसे हैं जो सड़क से नहीं जुड़े हैं। मैं गांवों तक सड़क पहुंचाऊंगा। पानी की भी बड़ी समस्या रहती है। ब्यास नदी से पानी लिफ्ट कर हर घर तक पहुंचाया जाएगा। हमीरपुर की मार्केट का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। हमीरपुर अस्पताल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

**सवाल: कांग्रेस के आशीष और भाजपा के आशीष में क्या फर्क है?**
**जवाब:** कांग्रेस पार्टी मैंने सिर्फ 24 घंटे के लिए ज्वाइन की थी। मुझे कांग्रेस पार्टी का टिकट न देने के लिए कई षड्यंत्र रचे गए। उसके बाद मैंने खुद कांग्रेस का साथ छोड़कर बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा। लोगों की संवेदनाएं आज भी मेरे साथ हैं। आशीष शर्मा न पहले बदला है न आगे बदलेगा। बाकी लोगों ने तय करना है। लोगों के आशीर्वाद से ही राजनीति चलती है और लोग मजबूती के साथ मेरे साथ खड़े हैं।

# हरदीप बावा ने भरा नामांकन

## हरदीप को विधायक बनाकर भेजना, नहीं आने दूंगा विकास की कमी : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में पहला नामांकन कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा ने भरा। हरदीप बावा ने नामांकन के बाद शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल जनसभा को संबोधित किया। बुधवार को 44 डिग्री के तापमान के बीच कार्यकर्ताओं व समर्थकों में भारी जोश देखने को मिला। हरदीप बावा के नामांकन पत्र के दौरान मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष समेत कई मंत्री मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त परविंद्र कौर बाबा ने कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र भरा।



हरदीप बावा समेत मुख्यमंत्री और बड़े नेताओं को हार पहनाते हुए कार्यकर्त्ता।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार बिकाऊ नेता को बाहर करने का समय आ गया है। नालागढ़ की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बिकाऊ केएल ठाकुर को जनता इस बार जवाब देगी। सीएम ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है जो कि पूरे तीन साल चलेगी और इस बार विधायक के रूप में हरदीप बावा को भेजना। विकास की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने केएल ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने क्रेशरों की अनुमतियों को कराने के लिए मेरे पास आते थे और उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिनहोत्री ने कहा कि मैं खुद ट्रांसपोर्ट मंत्री हूं और मैंने इस बार हरदीप बावा का परमिट नालागढ़ से शिमला का काट दिया है। भाजपा के तीनों प्रत्याशियों के घर बैठने का समय आ चुका है। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, सीपीएस राम कुमार चौधरी समेत कई मौजूद रहे।

### हरदीप बावा बोले-बस एक मौका दे देना

हरदीप बावा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि केएल ठाकुर व लखविंदर राणा को कई बार मौके दिए जा चुके है इस बार अपने बेटे को बस एक मौका दे देना और हर परिस्थिति में आपका बेटा आपके साथ खड़ा मिलेगा। हरदीप बावा ने कहा कि मोदी के चुनावों में कांग्रेस ने 25 हजार की लीड तोड़ी थी और आज भाजपा के बिकाऊ नेता को घर बैठने का समय आ चुका है जो कि सिर्फ अपने लाभ के लिए चुनाव लड़ रहा है जिसे जनता से कोई लेना-देना नहीं है।

# टिकट नहीं मिलने पर डॉ. राजेश को आया पैनिक अटैक

## कहा-मेरी मौत के जिम्मेदार होंगे सीएम सुक्खू

**सालबिया शर्मा, गरली**



हिमाचल में हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने है। वहीं, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को कांग्रेस ने देहरा से प्रत्याशी बनाया, जिसके लेकर अब कांग्रेस में बवाल शुरू हो चुका है। देहरा विधानसभा से टिकट नहीं मिलने को लेकर नाराज कांग्रेस नेता डॉ. राजेश शर्मा ने सीएम सुक्खू पर गंभीर आरोप लगाया। इस दौरान वह फूट-फूट कर रोए, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें पैनिक अटैक आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि अगर मैं मर गया तो इसका जिम्मेदार सीएम सुक्खू होंगे।

देहरा विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के लिए डॉ. राजेश शर्मा को कांग्रेस पार्टी का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वहीं, उपचुनावों से पहले ही डॉ राजेश ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में अपना चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने सुक्खू की पत्नी को देहरा विधानसभा से उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार है। (अनंत ज्ञान)

### देहरा जल्द होगा श्राप से मुक्त : अवस्थी

**अनिल पंवार, शिमला ।** प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा का विधानसभा क्षेत्र देहरा लंबे अर्से से विकास की अनदेखी का श्राप झेल रहा है, लेकिन अब कांग्रेस प्रत्याशी और देहरा की बेटी कमलेश ठाकुर के चुनाव मैदान में बतौर प्रत्याशी उतरने से देहरा अब जल्द ही इस श्राफ मुक्त हो जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा कि आगामी 21 जून को सीएम सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर अपना नामांकन भरेंगी। नामांकन के दिन सीएम सुक्खू पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहेंगी। नामांकन प्रक्रिया के बाद एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

भाजपा के प्रलोभन से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह के इस्तीफा देने के बाद देहरा वासियों को मजबूरन उपचुनाव में झोंक दिया, जिसके चलते आज कांग्रेस प्रत्याशी को मजबुरन चुनाव में उतरना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### विपक्ष डेढ़ साल से आवाज उठा रहा सीएम कर रहे तानाशाही : जयराम

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेता राजेश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोपों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एक प्रदेश के मुख्यमंत्री पर ही अपने पार्टी के नेता को अपने आधिकारिक निवास में बंधक बनाकर उसे धमकी देकर अपनी बातें मनवाने का मामला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है जिस तरह के आरोप कांग्रेस के पार्टी के नेता और पूर्व में देहरा से प्रत्याशी रहे नेता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पर लगाए हैं, वैसा आज तक प्रदेश में किसी ने सुना भी नहीं होगा।

मुख्यमंत्री पर इस तरह की गुंडागर्दी करने के आरोप से प्रदेश की छवि भी धूमिल हुई है। देवभूमि की जो पहचान है कम से कम सरकार उसका ध्यान रखें। जयराम ठाकुर ने कहा कि यही बात विपक्ष डेढ़ सालों से कह रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा तानाशाही की जा रही है। अपनी बात मनवाने के लिए जोर-जबरदस्ती की जा रही है। सत्ता पक्ष के विधायकों से लेकर विपक्ष और निर्दलीय विधायकों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश हो रही है। इसी तरह की तानाशाही से तंग आकर कांग्रेस के विधायकों ने भी बगावत की थी।

सरकार के इसी रवैये से तंग आकर निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा दिया था। अब अपने पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ ही मुख्यमंत्री के बर्ताव से इस बात की पुष्टि हो गई कि मुख्यमंत्री किस तरह की तानाशाही से जबरदस्ती अपनी बात मनवाते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पहले यही पार्टी छोड़ चुके विधायकों और निर्दलीय विधायकों द्वारा किया गया। उन्हें सरकार का खुला समर्थन देने के लिए बाध्य किया गया। (अनंत ज्ञान)

### गाय काटते हुए वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने का मामला

# नाहन में भड़के हिंदू संगठन, आरोपी युवक की दुकान के तोड़े ताले, बाहर फेंका सामान

**एसपी जैरथ, नाहन**

सहारनपुर (यूपी) से संबंध रखने वाले विशेष समुदाय के एक युवक द्वारा पशु कुर्बानी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बुधवार सुबह तमाम हिंदू संगठन सबसे पहले नाहन के बड़ा चौक में एकत्रित हुए, जहां से लोगों की भीड़ छोटा चौक की ओर रवाना हुई। इस दौरान आरोपी युवक की दुकान के बाहर जमा भीड़ ने नारेबाजी कर खूब हंगामा किया।

इस दौरान उग्र भीड़ ने यहां आरोपी की किराए पर ली दोनों दुकानों के ताले तोड़कर कपड़े बाहर फेंक दिए। इसके बाद भीड़ बड़ा चौक से होते हुए गुन्नूघाट, मालरोड़, चौगान से होते हुए डीसी कार्यालय पहुंची। जहां मौके पर मौजूद पुलिस बल ने भीड़ को कार्यालय परिसर में दाखिल होने से रोक दिया। इस बीच भीड़ ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर खूब नारेबाजी की।



गाय काटते वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने का विरोध करते लोग।

सूचना मिलते ही डीसी सिरमौर सुमित खिमटा और एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा भी गेट पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने लोगों से बातचीत की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विशेष समुदाय के युवक द्वारा किया गया ऐसा घोर कृत्य वे सहन नहीं करेंगे। गत दिवस गाय काटते हुए वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने वाले करने वाले एक बाहरी दुकानदार के खिलाफ हिंदू संगठन व अन्य लोग में रोष पाया गया था। (अनंत ज्ञान)

# हीरापुर स्कूल में अध्यापिका ने बच्चों के साथ बेरहमी से की मारपीट

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला हीरापुर में स्कूल अध्यापिका पर बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत अभिभावकों द्वारा खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी घुमारवीं 2 को प्रेषित की गई थी। इसके बाद मंगलवार को स्कूल प्रबंधन समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वह खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी घुमारवीं द्वारा की गई।

बैठक में अभिभावकों द्वारा स्कूल की एक टीचर पर उनके बच्चों के साथ बेरहमी के साथ मारपीट करने का मामला सामने रखा गया। अभिभावकों का आरोप था कि कक्षा 2 तथा 3 में पढ़ने वाले उनके बच्चों के साथ अध्यापिका द्वारा बेवजह डंडे के साथ पिटाई की गई। इसके साथ ही अभिभावकों द्वारा शिक्षा अधिकारी के समक्ष अध्यापिका के साथ-साथ एक अन्य अध्यापक को भी स्कूल से स्थानांतरित करने की मांग की। अभिभावकों का कहना था कि अगर शीघ्र अति शीघ्र इन दोनों अध्यापकों का तबादला इस स्कूल से नहीं किया गया तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे, जिसकी सारी इस जिम्मेवारी शिक्षा विभाग की होगी। हालांकि इस बैठक में उक्त अध्यापिका द्वारा लिखित रूप में इस सारे प्रकरण के लिए माफी भी मांगी गई जिसमें अध्यापिका ने अपनी गलती मानते हुए भविष्य में बच्चों के साथ प्यार से तथा बिना किसी भेदभाव से पढ़ाने की बात कहते हुए अभिभावकों से माफी भी मांगी, बावजूद इसके अभिभावक स्कूल के दो अध्यापकों को स्कूल से स्थानांतरित करने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए अध्यापिका को दूसरे स्कूल में प्रतिनियुक्ति देकर अभिभावकों का गुस्सा ठंडा करने की कोशिश की।

हालांकि अभिभावक स्कूल के एक दूसरे अध्यापक को भी स्थानांतरण करने की मांग दोहराते रहे, लेकिन बैठक में मौजूद अधिकारी द्वारा किसी तरह मामले को शांत कर किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा चाइल्ड हेल्पलाइन जिला बिलासपुर के सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

> कुछ अभिभावकों द्वारा उनके बच्चों के साथ स्कूल अध्यापिका द्वारा डंडे से मारपीट करने की शिकायत आई थी। इसके बाद मामले की इस जांच की गई अध्यापिका ने लिखित रूप से माफी मांगी है। फिलहाल अध्यापिका को दूसरे स्कूल में प्रतिनियुक्ति कर दी गई है, साथ ही मामला उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है।
>
> **-निर्मला देवी, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, घुमारवीं- 2**

**राजनीति**

### दोनों ही दलों के लिए 'नाक की साख' भी बना हमीरपुर सीट पर उपचुनाव

# 'भितरघात' से निपटना भाजपा-कांग्रेस के लिए चुनौती

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

'भितरघात' हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव की सीट पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रत्याशियों के समीकरण उल्टा-पुल्टा करने की क्षमता रखते हैं। इनसे निपटना प्रत्याशियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार की शुरुआत में ही इस मुंह फुलाए खड़ी समस्या से निपटने के लिए दोनों ही प्रत्याशियों ने अच्छी-खासी कदमताल शुरू कर दी है। इसमें जिसे भी यकीनी तौर पर सफलता मिलेगी, नैया उसी की 'पार' लगेगी।

वैसे भी इस बार हमीरपुर सीट पर मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा हो रहा है। यह दोनों ही दलों के लिए 'नाक की साख' भी बन चुकी है। हाई प्रोफाइल इस सीट पर धनबल का कब्जा प्रयोगात्मक तौर पर किधर से भारी पड़ेगा, इसकी भी चर्चा हो रही है, लेकिन सबसे अहम 'भितरघात' की कारगुजारी पर चर्चा हो रही है।

कौन, किसे कितना नुकसान पहुंचाएगा? यही कुछ इन दिनों चल रहा है। क्योंकि आखिरी समय में इस बार के इन उपचुनावों में वह स्थिति नहीं दिख रही, जो शुरुआती दौर में अपने-अपने आधार को मजबूत करने में कामयाब हो जा रही है। (अनंत ज्ञान)





### केंद्रीय नेतृत्व का आदेश-चेहरा दिखाओ, हम सब इकट्ठे हैं

भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने बीते दिन दोपहर बाद एक निजी होटल में प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ बंद कमरे में जो बैठक की है, इसका मतलब भी सीधा है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का एक ही आदेश-यहां के नेताओं को आया है कि चेहरा दिखाओ, हम सब इकट्ठे हैं। इसी के बूते सीट कब्जाई जा सकती है। क्योंकि वर्चस्व की इस जंग में यदि नेता लोग आपस में उलझते रहे, तो उपचुनाव की नैया पार लगाने में देरी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में नेताओं ने सीट को कब्जाने के लिए रणनीति पर भी चर्चा की है।

### दोनों प्रत्याशी नहीं छोड़ रहे रणनीति की बिसात बिछाने में कोई कसर

**दोनों** ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने अंदाज में इस मुहिम में शरुआती दो दिनों के भीतर ही रणनीति की बिसात बिछाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके चुनावी बिगुल बजाया है, जबकि भाजपा के आशीष शर्मा भी मान-मनोबल और अपनी पुरानी टीम के साथ भाजपा के संगठन के बीच में समन्वय बनाकर अगले दो दिनों तक काम कर रहे हैं।

### भाजपा की हमीरपुर में भी सुजानपुर-बड़सर जैसी स्थिति

**जिस** तरह सुजानपुर और बड़सर में भाजपा का कुनबा कारगुजारी परख चुका है, ठीक उसका तजुर्बा हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा के नेताओं को यकीनी तौर पर 'कचोट' रहा होगा। हमीरपुर में भी वही स्थिति है। परंपरागत रूप से भाजपा के अच्छे खासे कैडर पर आधारित यह सीट बूथ स्तर पर भी अपना प्रभाव रखती है।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्णघट की देवयानी पठानिया बनी नर्सिंग ऑफिसर



**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर।** विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले कर्णघट गांव की बेटी देवयानी पठानिया ने नर्सिंग ऑफिसर बनकर अपने कर्णघट गांव का नाम रोशन किया है। देवयानी पठानिया एम्स हॉस्पिटल भुवनेश्वर (उड़ीसा) में अपनी सेवाएं देंगी। देवयानी पठानिया के पिता का नाम राकेश पठानिया है और वह चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करते हैं व माता गृहिणी हैं। देवयानी पठानिया ने जमा दो तक स्कूल की शिक्षा जयसिंहपुर ऐम अकादमी बागकुलजा स्कूल से पूरी की है। उसके बाद देवयानी पठानिया ने बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई गुरु द्रोणाचार्य नर्सिंग कॉलेज योल कैंट से की है। देवयानी पठानिया का एक बड़ा भाई नौकरी करता है। उन्होंने इस सफलता का सारा श्रेय अपने गुरुजनों माता-पिता और बड़े भाई को दिया है। (अनंत ज्ञान)

### द हंस फाउंडेशन भवारना ने लगाया जांच शिविर



**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल भवारना के अंतर्गत सुलह में द हसं फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें लगभग 40 लोगों के स्वास्थ्य सम्वन्धि जांच की गई। साथ ही निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। शुगर, रक्तचाप आदि के निशुल्क टेस्ट भी किए गए। इस दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट भवारना के द्वारा स्थानीय लोगों को रोगों के बारे में जागरूक भी किया गया। साथ ही साथ लोगों को सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। द हंस फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। इस बीच चिकित्सा अधिकारी विशाल राणा ने लोगों को मोतियाबिंद रोग के बारे में विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी विशाल राणा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुमित कुमार, लैब टेक्नीशियन मुनीषा व पायलट संजय कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खटेड़ में हुई प्रतियोगिताएं




**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर खटेड़ में बुधवार को प्रधानाचार्य अरुण शर्मा की अध्यक्षता में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में अंग्रेजी कविता और कहानी वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पहली कक्षा से रिद्धिमा प्रथम, कल्पना द्वितीय और दूसरी कक्षा से अन्वी प्रथम, शिवांश दूसरे स्थान पर रही। वहीं, तीसरी कक्षा से शनाया प्रथम और शनाया राजपूत द्वितीय चौथी कक्षा से सानवी प्रथम और विनिकेत द्वितीय, पांचवीं कक्षा से यासिता प्रथम और वैभव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हिमाचल से सीख रही पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस

## एनडीपीएस मामलों में हिमाचल के पुलिस और फॉरेंसिक अफसर दे रहे जांच की ट्रेनिंग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

एनडीपीएस मामलों में हिमाचल पुलिस तथा फॉरेंसिक विभाग की चुस्त-दुरुस्त जांच प्रक्रिया का लोहा पंजाब तथा हरियाणा ने भी माना है तथा इसी के चलते अब तक पंजाब, हरियाणा तथा चंडीगढ़ के करीब 1500 अन्वेषण अधिकारी पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज डरोह में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। बताते चलें कि पंजाब, हरियाणा तथा चंडीगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामलों में जांच प्रक्रिया में देरी के कारण कई ऐसे मामले हैं, जिन पर कोई निर्णय अदालतों में नहीं हो पाया है।

वहीं, इन राज्यों की तुलना में हिमाचल प्रदेश में ज्यादातर मामलों में तय सीमा में ही अदालतें निर्णय सुनाने के कारण हिमाचल में एनडीपीएस मामलों की सुदृढ़ जांच प्रक्रिया ने इन दोनों राज्यों के हाईकोर्ट का भी ध्यान आकर्षित किया है तथा कोर्ट चाहता है कि ऐसे मामलों में पिछड़ी रही इन राज्यों की पुलिस भी हिमाचल प्रदेश से प्रशिक्षण लेकर हिमाचल की तर्ज पर जांच प्रक्रिया को अंजाम दे। इसमें प्रक्रिया, जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया तक का प्रशिक्षण शामिल है।




**3 महीने में डरोह में 1500 जांच अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण**

पुलिस की जांच के अलावा इन मामलों में फॉरेंसिक जांच का रोल भी खासा अहम रहता है। 2022 में जारी भारत सरकार की अधिसूचना के तहत फॉरेंसिक जांच की रपट 15 दिनों के भीतर संबंधित जांच अधिकारी या कोर्ट को मिल जानी चाहिए। वहीं हिमाचल में एनडीपीएस मामलों में फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर ही जमा करवा दी जाती है। वहीं, पंजाब, हरियाणा तथा चंडीगढ़ में ऐसा नहीं होता तथा फॉरेंसिक रिपोर्ट में होने वाली देरी का असर निर्णय होने पर पड़ता है। सूत्रों के अनुसार अब तक पीटीसी डरोह में पंजाब तथा हरियाणा के 4-4 तथा चंडीगढ़ का एक बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं फॉरेंसिक लैब के सहायक निदेशक

**क्षेत्रीय** फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तरी रेंज, धर्मशाला के सहायक निदेशक राकेश सोनी के अनुसार पंजाब, हरियाणा तथा चंडीगढ़ के पुलिस जांच अधिकारियों को सैंपलिंग तथा फॉरेंसिक जांच का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान पुलिस जांच समेत पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि लंबित एनडीपीएस मामलों का निपटारा हिमाचल की तर्ज पर पंजाब, हरियाणा तथा चंडीगढ़ में भी किया जा सके।

# बाढ़ और भूस्खलन वाले क्षेत्रों में लगाएं साइन बोर्ड : डीसी

## पर्यटकों और नागरिकों से अपील, नदी-नालों के किनारे जाने से करें परहेज

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में नदियों तथा खड्डों के किनारे बाढ़ तथा भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में साइन बोर्ड लगाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं, ताकि पर्यटक इन जगहों पर नहाने तथा सेल्फी इत्यादि लेने नहीं जाएं। इसके साथ ही पर्यटकों से भी नदी नालों के किनारे नहीं जाने की अपील की गई है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि बरसात के दौरान नदियों, नालों तथा खड्डों में अचानक पानी के बहाव में बढ़ोतरी होने की आशंका रहती है तथा इससे कई बार पर्यटकों के बाढ़ में फंसने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो इस के लिए सभी उपमंडलाधिकारियों (एसडीएम )को अपने क्षेत्रों में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।



**24 घंटें खुले रहेंगे आपदा प्रबंधन केंद्र**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि बरसात के सीजन को देखते हुए जिला तथा उपमंडल स्तर पर 24 घंटें आपदा प्रबंधन केंद्र खुले रहेंगे तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के टोल फ्री नंबर 1077 तक सूचना दें ताकि आपातकाल स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागों को आपदा संबंधी कार्यों के लिए तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि किसी भी स्तर पर आम जनमानस को असुविधा नहीं हो। (अनंत ज्ञान)

### हरिपुर, खबली और ढलियारा के मैदानों में होंगी जनसभाएं

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि देहरा विस उपचुनाव के दृष्टिगत चुनावी जनसभाओं के लिए खबली ग्राउंड, हरिपुर ग्राउंड तथा पंचायत ग्राउंड नजदीक ठाकुर कालेज ढलियारा निर्धारित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों के अलावा अन्य स्थानों पर भी चुनावी रैलियों के लिए अनुमति लेना जरूरी है ताकि कानून तथा व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा सकें। चुनावी रैलियों की वीडियोग्राफी करने का प्रावधान भी किया गया है, ताकि चुनावी रैली पर होने वाले खर्च का अनुमान भी लगाया जा सके। रैलियों के लिए टेंट, कुर्सियां, ध्वनि यंत्रों इत्यादि की दरें भी निर्धारित की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा में बनेर खड्ड में डूबने से रैहन के युवक की मौत



बनेर खड्ड में डूबे युवक के शव को ढूंढती एनडीआरएफ की टीम।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा बाईपास स्थित बनेर खड्ड में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई है। युवक रैहन का रहने वाला था। वह अपने अन्य दो साथियों के साथ ट्रेन के माध्यम से यहां पहुंचा था। भीषण गर्मी के चलते वा नहाने के लिए तैयार हुए, लेकिन उसके दोनों साथियों ने नहाने से मना कर दिया। परंतु 18 वर्षीय सूरज नहीं माना और अपनी जान को जोखिम में डालकर नहाने के लिए उसने पानी में छलांग लगा दी। काफी देर तक जब सूरज पानी में नहीं दिखा तो उसके दोस्तों को उसकी चिंता होने लगी। उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और उन्होंने एनडीआरएफ कि टीम, कांगड़ा पुलिस और अग्निशमन विभाग को मदद के लिए बुलाया। एनडीआरएफ की टीम और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब युवक की मौत हो चुकी थी। सूरज के दोस्तों ने इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भी दिया है। एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। (अनंत ज्ञान)



### 22 को मनाई जाएगी कबीर जयंती

**पिंकी, डाडासीबा।** संत कबीर जी के जन्मदिवस पर डाडासीबा में कबीर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। अनुसूचित जाति जनजाति व ओबीसी जन कल्याण महासभा जसवां-परागपुर के अध्यक्ष अशोक मेहरा व उपप्रधान गुरवचन सिंह, उपप्रधान सोहन सिंह ने बताया 22 जून को संत कबीर जी की जयंती डाडासीबा बस स्टैंड के करीब में मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे करीब भजन कीर्तन होगा उसके तुरंत बाद 12 बजे के करीब भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### भारत विकास परिषद मनाएगी योग दिवस

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला द्वारा 21 जून को प्रातः 8:30 बजे बैजनाथ फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, मझैरना रोड, रेलवे फाटक के साथ, बुहली कोठी, पपरोला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। शाखा सचिव अनुज आचार्य के अनुसार इस योग कार्यक्रम में शाखा के सभी सदस्यों के अलावा बैजनाथ पपरोला क्षेत्र के प्रबुद्ध एवं इक्छुक नागरिक भी सादर आमंत्रित हैं। यह जानकारी परिषद के योग संयोजक प्रवीण शर्मा न दी। (अनंत ज्ञान)

# सिने जगत



## बर्थडे स्पेशल
### मैगजीन के लिए बोल्ड फोटोशूट से सुर्खियों में आई थीं नीतू चंद्रा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस नीतू चंद्रा का 20 जून को 40वां जन्मदिन है। नीतू का जन्म साल 1984 में हुआ था। उन्होंने बॉलीवुड के अलावा तेलुगू, तमिल और कन्नड़ सिनेमा के कई फिल्मों में भी काम किया है। नीतू ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 2005 में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्म गरम-मसाला से किया था। इस फिल्म के बाद उन्होंने तमिल सिनेमा की तरफ अपना रुख कर लिया था। वह 'ट्रैफिक सिग्नल', 'वन टू थ्री', 'रण', 'अपार्टमेंट' जैसी कई हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। साल 2009 में नीतू चंद्रा को उस समय काफी मुसीबतों का समाना करना पड़ा जब उन्होंने एक मैगजीन के लिए बोल्ड और विवादित फोटोशूट करवाया था। जब यह फोटोशूट हो रहा था तब कुछ लोगों ने इसका काफी ज्यादा विरोध किया था। इसके बाद इस फोटोशूट को बंद करा दिया था। नीतू अपनी लव लाइफ की वजह से भी हमेशा ही सुर्खियों में रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नीतू चंद्रा का अफेयर एक्टर रणदीप हुड्डा के साथ रहा था। दोनों को अक्सर साथ में देखा गया था। हालांकि इन दोनों का अफेयर ज्यादा देर तक नहीं चल पाया। मीडिया की खबरों के अनुसार नीतू चंद्रा का रणदीप हुड्डा के साथ ब्रेकअप हो गया था।

## आज होगी सोनाक्षी जहीर की हल्दी सेरेमनी

23 जून को शादी करने जा रहे बॉलीवुड कपल सोनाक्षी और जहीर के वेडिंग फंक्शन से जुड़ी एक और डिटेल सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो कपल 20 जून को बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में हल्दी सेरेमनी सेलिब्रेट करने वाला है। इस इंटीमेंट इवेंट में दोनों के परिवार वालों को मिलाकर 50 से भी कम मेहमान शामिल होंगे। बांद्रा स्थित यह अपार्टमेंट सोनाक्षी ने पिछले साल सितंबर में खरीदा था जब उन्होंने परिवार से अलग रहना शुरू किया था। सोनाक्षी और जहीर एक दूसरे को काफी लंबे वक्त से डेट कर रहे हैं। सोनाक्षी और जहीर एक दूसरे को काफी लंबे वक्त से डेट कर रहे हैं। सोनाक्षी ने सितंबर 2023 में बांद्रा में 11 करोड़ रुपए में अपार्टमेंट खरीदा था। इसके लिए उन्होंने 55 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी और 30 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस भी चुकाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसी अपार्टमेंट में हल्दी सेरेमनी सेलिब्रेट की जाएगी। इससे पहले सोनाक्षी और जहीर ने सोमवार रात बैचलर पार्टी एंजॉय की थी। दोनों ने इस पार्टी की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं। इस पार्टी में सोनाक्षी की करीबी दोस्त और एक्ट्रेस हुमा कुरैशी भी शामिल हुई थीं।



### इवेंट के लिए सोनाक्षी ने चूज किया मिनिमल डेकोर

सोनाक्षी और जहीर का प्लान बिना किसी शोर-शराबे के शादी की रस्मों को पूरा करने का है। इवेंट के लिए सोनाक्षी ने पारंपरिक येलो और पिंक थीम को छोड़कर नॉर्मल डेकोर चूज किया है। कपल 23 जून को सुबह रजिस्टर्ड मैरिज करने के बाद में शाम को मुंबई के दादर स्थित बैस्टियन रेस्त्रां में इंडस्ट्री के दोस्तों के लिए ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होस्ट करेगा। सोनाक्षी ने सितंबर 2023 में बांद्रा में 11 करोड़ रुपए में अपार्टमेंट खरीदा था। इसके लिए उन्होंने 55 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी और 30 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस भी चुकाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसी अपार्टमेंट में हल्दी सेरेमनी सेलिब्रेट की जाएगी।

## इटली से आता है जेठालाल के कॉस्ट्यूम्स का फैब्रिक

**हम** अक्सर इंडियन टेलीविजन सीरियल्स की भव्यता की बात करते हैं। महंगे सेट, फेमस स्टारकास्ट, एंगेजिंग स्क्रिप्ट और भारी-भरकम कॉस्ट्यूम्स। शो का ज्यादातर बजट कॉस्ट्यूम्स पर खर्च किया जाता है। टीवी के फेमस कैरेक्टर जेठालाल (दिलीप जोशी) के कपड़े डिजाइन करने वाले कॉस्ट्यूम डिजाइनर जीतू लखानी ने बताया कि स्क्रीन पर साधारण से दिखने वाले जेठालाल के कपड़ों का रॉ मटेरियल इटली से मंगाया जाता है। लोग ऑर्डर देकर भी जेठालाल जैसे कपड़े बनवाते हैं। जेठालाल बन दिलीप जोशी पिछले डेढ़ दशक से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। जीतू लखानी तकरीबन 16 साल से जेठालाल यानी दिलीप जोशी के लिए कपड़े बना रहे हैं। इन 16 सालों में जेठालाल के एक भी कपड़े रिपीट नहीं हुए हैं। देखने में वो कपड़े साधारण लगते हैं, लेकिन इसका फैब्रिक इटली से मंगाया जाता है। जीतू लखानी के छोटे भाई रोहित लखानी ने कहा कि उनके पास देश-विदेश से लोग कॉल करके जेठालाल जैसा कपड़ा बनाने का ऑर्डर देते हैं।



## श्रद्धा कपूर ने राहुल के साथ कंफर्म किया रिलेशनशिप

एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर का राइटर राहुल मोदी के साथ नाम लंबे समय से जुड़ रहा है। कभी भी दोनों ने अपने रिलेशनशिप पर खुलकर बात नहीं की, लेकिन एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को देखकर लगता है कि उन्होंने राहुल मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा है, 'दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार।' यह पहला मौका जब एक्ट्रेस ने राहुल मोदी के लिए ऑफिसियल पोस्ट शेयर किया है। बता दें कि काफी लंबे समय से दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया। दोनों को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए जामनगर जाते समय मुंबई एयरपोर्ट पर साथ देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इनकी फैमिली भी इनके रिश्ते से राजी हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### बघेईगढ़ के कठवाड में दंगल कल

**एमएम डैनियल, बघेईगढ़।** चुराह उपमंडल में दंगल मेलों का आगाज होने जा रहा है, जिसकी शुरुआत ग्राम पंचायत बघेईगढ़ के कठवाड दंगल से होती है। चुराह घाटी के ये पारंपरिक मेले इस बात की ओर इशारा करते हैं कि किसान अपनी फसल की बिजाई से का काम समाप्त कर चुके हैं। बघेईगढ़ के कठवाड दंगल से पूरे चुराह में इन मेलों की धूम मचती है। दंगल मेला कमेटी बघेईगढ़ के अध्यक्ष विपिन राजपूत ने बताया कि 21 जून को इस मेले का आयोजन किया जा रहा जिसमें स्थानीय व बाहरी राज्यों के पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। मेले मे तीन मालियां दी जाएंगी, जिसमें बड़ी माली का पुरस्कार 25000 रुपए दूसरी माली का पुरस्कार 11000 रुपए व तीसरी माली का पुरस्कार 5100 रुपए रुपए दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### नशा मुक्ति का संदेश देती एक अनोखी गाड़ी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** मंडी शहर में नशा मुक्ति का संदेश देती प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान के अंतरराष्ट्रीय हेडक्वार्टर माउंट आबू, राजस्थान की ओर से एक गाड़ी मंडी में पहुंची है। गौरतलब है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार व प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीच में मार्च 2023 को एक एमओयू साइन हुआ, जिसके तहत ब्रह्माकुमारीज को भारत के 372 जिलों में सभी सरकारी व गैर-सरकारी शैक्षिक संस्थानों में नशा मुक्ति अभियान चलाने का कार्य दिया गया है। इसमें मंडी जिला भी शामिल है। लंबे अरसे से ब्रह्माकुमारीज इस अभियान में पूरी तन्मयता से जुटी हुई हैं। इस अभियान के लिए यह बस विशेष रूप से तैयार की गई है, जिसमें ऑडियो - वीडियो इफेक्ट्स के द्वारा नशे के दुष्परिणामों के बारे में और उससे मुक्ति पाने के विशेष उपाय बताए गए हैं। इस गाड़ी का विशेष आकर्षण कुंभकरण का वर्किंग मॉडल है जो लोगों को सहज अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। मंडी जोन प्रभारी राजयोगिनी बीके शीला दीदी ने बताया की यह बस सदर मंडी में 2 जुलाई तक रहेंगी और साधारण जनमानस को जागरूक करने में एक अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा की भारत को स्वर्ग बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिसके लिए भारत को नशे से मुक्त करना एक महत्वपूर्ण विषय है। अगर सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो हम बहुत जल्दी भारत को नशा मुक्त भी बनाएंगे और इस दुनिया में स्वर्ग भी लायेंगे। (अनंत ज्ञान)

### नाले में जमा पानी से श्री राजपूत सभा परेशान

**अनिल शर्मा, मंडी।** श्री राजपूत सभा मंडी ट्रस्ट के चेयरमैन इंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में राजपूत सभा मंडी का प्रतिनिधिमंडल जिसमें शमशेर मिन्हास, एडवोकेट विशाल ठाकुर, घनश्याम सेन एवं सभा के महासचिव करतार सिंह राणा, मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट से मिला और उन्हें राजपूत सभा मंडी के जेल रोड स्थित भवन के आसपास जमा हुए नाले के बारे में जानकारी दी। नाले के बंद होने से सभा के भवन एवं आसपास के घरों में पानी भरने का खतरा है तथा कई बीमारियों के पैदा होने का डर भी है। तत्पश्चात वीरेंद्र भट्ट अपनी टीम वार्ड मेंबर सुदेश सेन एवं नरेश कुमार के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे एवं उन्होंने निरीक्षण किया और एसडीओ को तुरंत नाले की ब्लॉकेज हटाने के बारे में दिशा-निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### अस्पताल में टोकन सिस्टम का पक्षधर नहीं स्टाफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में मरीजों के कंप्यूटर पर पंजीकरण पर्ची हेतु लंबी-लंबी कतारों के मामले को हल करने के लिए जहां सिटीजन कौंसिल मंडी आगे आई, वहीं पर उसी के एक विंग हेल्प पोस्ट मंडी के सहयोग से अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया। तीनों काउंटरों पर टोकन मशीनें लगाकर मरीजों को राहत प्रदान की। दो तीन दिनों के दौरान काम लाइन पर आ ही रहा था कि मरीजों ने एक टोकन पर चार पर्चियां बनाना शुरू कर दिया। पर्ची बनने का समय भी कुछ बढ़ गया। पता चला है कि पहले जहां एक पर्ची को बनाने के लिए 15 से 20 सेकंड लगते थे। वहीं अब 45 से 55 सेकंड लग रहे हैं। एसे में टोकन नंबर और टोकन मशीनों पर सवालिया निशांत चस्पां हो गए हैं। इन्हीं सब बातों को लेकर वीरवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सिटीजन काउंसिल को बातचीत के लिए बुलाया है। इसमें अस्पताल के कुछ कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं। इसी बीच पता चला है कि अस्पताल पक्ष का कुछ स्टाफ इस बाहरी हस्ताक्षेप और टोकन सिस्टम पक्ष में नहीं है। ऐसे में अब सिटीजन कौंसिल द्वारा प्रदान की गई तीनों टोकन मशीनों और टोकन सिस्टम का क्या होगा इस बारे में मिडीया की निगाहें वीरवार को होने वाली बैठक पर टीकी हैं। सिटीजन कौंसिल के अध्यक्ष ओपी कपूर ने प्रस्तावित बैठक की पुष्टि करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन के साथ मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने का रास्ता मिलजुलकर निकाला जाएगा।

### नशे की रोकथाम के लिए कमेटी गठित

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** नशे के मकड़जाल में फंसती जा रही युवा पीढ़ी को बचाने के उद्देश्य से टिहरा-धाड़ता क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग एकजुट होना शुरू हो गए हैं। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय अथेलिटक्स कोच भुपिंद्र भूप्पी की अध्यक्षता में उनके मशरूम उत्पादन सेंटर खौदा में गत शाम बैठक आयोजित की गई। इसमें धाड़ता क्षेत्र की दस ग्राम पंचायतों में नशे विशेष तौर पर चिट्टे और सिंथेटिक नशे की रोकथाम के लिए नशा मुक्ति अभियान समिति का गठन किया गया, जिसमें कैप्टन रमेश कुमार को अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रिंसिपल अनिल राणा, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष विनोद कुमार और सुनील अत्री को उपाध्यक्ष यश पठानिया को सचिव तथा कैप्टन अशोक कुमार को सह सचिव तथा पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, अंतिम कुमार, राकेश शर्मा, ज्ञान चंद वर्मा, सुरेश कुमार, सत्तपाल सिंह चौहान को कमेटी सदस्य चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नशा मुक्ति के लिए सभी ग्राम पंचायतों में कमेटियां गठित की जाएंगी और 13 जुलाई को एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें पंचायत प्रतिनिधिओं, महिला मंडलों, युवक महलों, समाजिक समाजिक संस्थाओं और शिक्षण संस्थाओं को शामिल किया जाएगा।अभियान समिति के धर्मपुर खंड सयोंजक भुपिंद्र भूप्पी ने बताया कि 26 जून को एंटी ड्रग्स दिवस के मौके पर इस अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसके तहत भराड़ी से सुबह 8 बजे सजाओ तक नशा भगाओ पैदल मॉर्च आयोजित करके की जाएगी। इसके अलावा हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति द्वारा सरकाघाट में उसी दिन आयोजित किये जा रहे सम्मेलन व रैली में भी भागीदारी की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बाजार

## चंबा, भरमौर व पांगी में होंगे ट्राइबल आर्टिसन एम्पैनलमेंट मेले : एडीसी

**एमएम डैनियल, चंबा**



जानकारी देते एडीसी पीपी सिंह।

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तहत ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन के तत्वावधान में चंबा, भरमौर तथा पांगी में ट्राइबल आर्टिसन एंपैनलमेंट मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस संदर्भ में सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह ने बताया कि जनजातीय क्षेत्र से संबंधित लोगों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों तथा स्थानीय उपज को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध करवाने के लिए ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन द्वारा 26 जून को बचत भवन चंबा, 28 -29 जून को चौरासी मंदिर परिसर के समीप साडा भवन भरमौर तथा एक जुलाई को लाइब्रेरी भवन पांगी में ट्राइबल आर्टिसन एंपैनलमेंट मेले का आयोजन किया जाएगा। पीपी सिंह ने बताया कि मेले के आयोजन का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों को अपने कलात्मक कौशल दिखाने तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उद्यमिता विकास को लेकर प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि मेले के दौरान प्रतिभाशाली कारीगरों के शिल्प-कौशल के तहत तैयार उत्कृष्ट उत्पाद एवं स्थानीय उपज को विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा सूचीबद्ध किया जाएगा।

इसके साथ-साथ उत्पादों के डिजाइन एवं कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) को लेकर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

सहायक आयुक्त सिंह ने बताया कि जनजातीय क्षेत्र के उत्कृष्ट उत्पादों एवं स्थानीय उपज को विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ने सहित ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन के देशभर में स्थापित बिक्री केंद्रों में रखा जाएगा।

देश भर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेलों-उत्सवों में भी फेडरेशन द्वारा बिक्री एवं प्रचार-प्रसार के लिए स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा।

उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, किसानों, महिला मंडलों, युवक मंडलों से मेले में भाग लेने का आग्रह भी किया है। (अनंत ज्ञान)

# अग्निवीर भर्ती के उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र जारी

**एमएम डैनियल चंबा**

सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कांगड़ा और चंबा जिला से दूसरे चरण के लिए चयनित उम्मीदवार अग्निवीर भर्ती दुसरे चरण की प्रक्रिया 27 जुन से 08 जूलाई तक स्थान- यूथ सर्विस हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स सिंथेटिक ट्रैक, धर्मशाला (कांगड़ा) में आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेज दिए गए हैं। उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र सेना का अधिकारिक बेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in में लॉगिन करके अपना प्रवेश पत्र का प्रिंट ले सकते हैं।

भर्ती निदेशक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण (पीएफटी) और शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) उत्तीर्ण करने वाले सभी उम्मीदवारों को प्रचलित नीति के अनुसार अनुकूलनशीलता परीक्षण देना होगा जिसके लिए उम्मीदवारों को भर्ती मैदान मे सक्रिय डेटा के साथ स्मार्ट फोन लाना अनिवार्य होंगे।

कर्नल मनिष शर्मा ने यह भी बताया कि सेना भर्ती प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत, निष्पक्ष और पारदर्शी है आवेदक किसी भी दलालो से संपर्क न करें, वे भर्ती प्रक्रिया में आपको मदद नहीं कर सकते। (अनंत ज्ञान)

# दो माह बाद खड़ामुख-होली उतराला मार्ग पर अवाजाही शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खड़ामुख होली उतराला सड़क 2 महीने बाद देर शाम वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गई है। 2 महीने बाद सड़क बहाल होने पर लोगों ने खुशी जाहिर की है। गौरतलब है 16 अप्रैल के दिन यह सड़क भारी लैंडस्लाइड के चलते पूरी तरह से बंद हो गई थी।

इसके बाद तहसील होली के सैकड़ो गांव पिछले दो महीने से शेष विश्व से पूरी तरह से कट गए थे। दर्जनों बडी गाड़ियां सड़क के दोनों और फंसी हुई थी। सड़क बंद होने के चलते करीब डेढ़ महीने से 240 मेगावाट छ्रस्क्ढ़ विद्युत परियोजना का काम भी पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ था।

लगातार हो रहे लैंडस्लाइड के चलते इस सड़क की बहाली में लगातार दिक्कतें आ रही थी। प्रशासन को भी इस सड़क के जल्द बहाल न करने को लेकर लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा था। लेकिन आज सड़क के बहाल हो जाने पर लोगों ने खुशी जाहिर की है। गौरतलब है इस सड़क के बंद हो जाने के कारण लोकसभा चुनाव के दौरान भी इस सड़क की बहाली में हो रहा विलंब चुनावी मुद्दा भी बना था। इलेक्शन ड्यूटी के दौरान पोलिंग पार्टियों को भी विकल्पिक रास्ते के जरिए अपने-अपने स्टेशनों पर पहुंचना पड़ा था। इस सड़क को बहाल करने के लिए जेएसडब्ल्यू वह विभाग में लगातार प्रयास किए थे। लेकिन करीब सड़क का 200 मीटर हिस्सा लगातार धंस रहा था। जिसकी वजह से इस सड़क को बहाल करने में लगातार परेशानी आ रही थी।

बहरहाल 2 महीने चार दिन बाद इस सड़क के बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं पिछले दो महीने से दर्जनों दोनों और फंसी बड़ी गाड़ियों के चालाक भी खुश दिखाई दिए हैं।

एसडीओ पीडब्ल्यूडी भालचंद ने कहा है कि बुधवार दोपहर 3:30 बजे यह सड़क 2 महीने बाद वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई है। उन्होंने कहा है अभी तक भी यहां हल्की-हल्की स्लाइडिंग हो रही है। बावजूद इसके विभाग के कर्मचारी वह स्थानीय लोगों के सहयोग के बाद आज इस सड़क को वाहनों के लिए बहाल कर दिया है।

### एचआईवी प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**एमएम डैनियल, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा ओर एड्स कंट्रोल सोसायटी चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन की अध्यक्षता में हेल्थ केयर वर्कर के लिए एचआईवी एड्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे। कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी।

वहीं, जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच करवानी चाहिए। एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर मे तीन स्वास्थ्य खंडो पुखरी, चूड़ी ओर तीसा के चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# मेहनत और सही मार्गदर्शन से ही प्राप्त होता है लक्ष्य : डीसी

## छतराड़ी स्कूल में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**एमएम डैनियल, चंबा**



उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छतराड़ी में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपस्वाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में उपायुक्त ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने की विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि कौन से विषय में पढ़ाई करने के पश्चात किस क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं ।

उन्होंने मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा कला संकाय में पढ़ाई करने के उपरांत नौकरी की संभावनाओं के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य प्राप्ति की ओर कार्य करने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में करियर चुनाव को लेकर अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ-साथ विद्यार्थी इंटरनेट की सहायता भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों तनाव मुक्त होकर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें।

इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को साक्षात्कारों का सामना करने के टिप्स दिए। साथ ही उन्हें विद्यार्थियों को श्रम एवं रोजगार विभाग की विभिन्न योजनाओं से भी अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में कृषि उपनिदेशक चम्बा डॉ. कुलदीप धीमान व आरती,उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढ़क,जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के जिला समन्वयक दीपक शर्मा, एलडीएम डीसी चौहान सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी बच्चों को अपने- अपने विभाग में करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में बताया।

इस मौके पर विद्यार्थियों सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

# खड़ामुख-होली संपर्क मार्ग वाहनों के परिचालन के लिए बहाल

## डीसी ने भूस्खलन स्थल पर जाकर किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भूस्खलन स्थल पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

खड़ामुख के समीप भारी भूस्खलन से बाधित होली संपर्क मार्ग को बुधवार को वाहनों के परिचालन के लिए बहाल कर दिया गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल इस दौरान भूस्खलन स्थल पर जाकर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि हालांकि खड़ामुख-होली संपर्क मार्ग को वाहनों के परिचालन के लिए बहाल कर दिया गया है, परंतु भूस्खलन की संभावनाओं के कारण लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत बुधवार सांय 7 बजे बाद वाहनों के परिचालन को वीरवार सुबह तक बंद रखा जाएगा उपायुक्त ने बताया कि वीरवार को अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मौके की स्थिति का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात ही वाहनों की आवाजाही शुरू होगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण मीत शर्मा सहित विद्युत परियोजनाओं के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बालीचौकी-खोड़ा थाच बस सेवा नियमित करने की मांग

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

भारत की जनवादी नौजवान सभा की क्षेत्रीय कमेटी बाली चौकी ने हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम कुल्लू स्थानीय प्रशासन व सरकार की लचर कार्य प्रणाली की कड़े शब्दों में निंदा की है।

नौजवान सभा के नेता महेंद्र राणा ने एक प्रेस बयान में कहा कि यह पूरे बालीचौकी क्षेत्र में एकमात्र बस है जो क्षेत्र के न्यायालय परिसर गोहर तक सीधे जाती है। क्षेत्र के तमाम न्यायालय जाने वाले लोग इसी बस में सफर करते हैं, यहां तक कि स्कूल और महाविद्यालय जाने वाले छात्र भी इसी बस में सफर करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि यह बस मात्र सुधरानी तक जा रही है, जबकि सड़क पूरी तरह से ठीक है। बस के खोड़ा थाच न जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया है, बावजूद इसके एचआरटीसी के कर्मचारी बस को सुधरानी से आगे नहीं ले जा रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि इस रूट पर चलने वाली निजी बसें लगातार खोडाथाच तक जा रही हैं।

नौजवान सभा क्षेत्रीय कमेटी बालीचौकी निगम से आग्रह किया है कि करती है कि पथ परिवहन निगम की बस को शीघ्र खोड़ा थाच तक चलाया जाए अन्यथा नौजवान सभा को मजबूरन आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### जोगिंद्रनगर कॉलेज में छात्र संघ की कार्यकारिणी गठित

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

बुधवार को राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में प्रधान पद के लिए शशी धरवाल का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इसके साथ साथ उप प्रधान पद के लिए सुनित, सचिव साहिल ठाकुर, सहसचिव ममता देवी, कोषाध्यक्ष अनुपम, ओडिटर पद के लिए चंपा और उमेश का चयन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य सुनीता सिंह भी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर बरोट विकास खंड गोपालपुर**

**शुद्धिपत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19 जून 2024 को अनंत ज्ञान व दैनिक भास्कर में प्रकाशित हुई ग्राम पंचायत अप्पर बरोट की निविदा में भूलवश विकास खंड धर्मपुर प्रकाशित हुआ है, के स्थान पर विकास खंड गोपालपुर पढ़ा व समझा जाए। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

**प्रधान सचिव ग्राम पंचायत अप्पर बरोट विकास खंड गोपालपुर**

### सूडोकु 00101

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**लापरवाही** भटियात में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने

# जमीन से दो फुट ऊंचाई पर लगाए ट्रांसफार्मर

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



जमीन के बहुत करीब लगा ट्रांसफार्मर।

जिला चंबा के भटियात विस क्षेत्र में बिजली विभाग के सब डिवीजन सिहुंता के कई क्षेत्रों जैसे कि धुलारा, सुगाड़ी, कुठारा इत्यादि कई गांवों में बिजली विभाग के कई ट्रांसफार्मर जमीन से महज दो से तीन फिट की ऊंचाई पर लगा दिए गए हैं जो कि किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। बिजली बोर्ड का स्टाफ मानों आंखें मूंद करके अपनी ड्यूटी कर रहा हैं। और तो और ट्रांसफार्मर के शटर के दरवाजे भी खुले पड़े होते हैं और न ही किसी शटर के दरवाजे को ताला लगाया गया है।

बता दें कि सुगाड़ी नामक जगह पर बिजली बोर्ड ने जो ट्रांसफार्मर लगाया गया है महज जमीन से दो फिट की ऊंचाई पर है जिसमें दरवाजे खुले पड़े हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रांसफार्मर के इर्द-गिर्द किसान अपनी जमीनों मे धान कि फसल लगाने का कार्य करते नजर आ रहे हैं। कभी भी कोई बच्चा या पशु-मवेशी इस खुले ट्रांसफार्मर कि चपेट में आ सकता है। लोगों ने बोर्ड के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि अधिकारी इस समस्या का निरीक्षण करें और फील्ड के स्टाफ के खिलाफ ड्यूटी में कोताही बरतने पर संज्ञान लें।

इस संदर्भ में जब बिजली बोर्ड सिहुंता के सहायक अभियंता राजेश कुमार से उनके दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि विभाग के पास सामान की कमी चल रही है जब सामान आएगा तो सारी कमियों को दूर कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विजेंद्र सातवीं बार बने एसएमसी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्राम पंचायत भरौण (दुदर) के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडोग की स्कूल प्रबंधन समिति में विजेंद्र चंदेल को सातवीं बार अध्यक्ष चुना गया। पहले चार बार वह एक-एक साल के लिए अध्यक्ष चुने गए, जबकि तीन बार तीन-तीन साल के लिए उन्हें अध्यक्ष चुना गया है। बता दें कि विजेंद पहले ग्राम पंचायत में वार्ड पंच फिर दो बार उप प्रधान और अब प्रधान के पद पर भी कार्यरत हैं। प्रधानाचार्य चंचल गुप्ता समिति में सचिव होंगे, जबकि पूनम रावत को बतौर मनोनीत सदस्य शामिल किया गया है। इसके अलावा लाल सिंह, नारायण सिंह, साधुराम, मीना देवी, आशा देवी, जयवंती, विकास गुप्ता, सुरेश पाल और संजू शर्मा को सदस्य चुना गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मल्थेहड**
**विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

यह कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित किया जाना अति आवश्यक है। ताकि ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके। निविदाएं आमंत्रित करने की तिथि 28.06.2024 को सायं 5.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 29.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे पंचायत अधिकारियों के समक्ष खोली जाएंगी। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है

1. रेत (खड्डु/नदी की) प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20 एमएम (खड्डु /नदी की ) प्रति धन मीटर, 4. बजरी 40 एमएम (खड्डु /नदी की ) प्रति धन मीटर, 5. बजरी 20 एमएम (क्रशर की ) प्रति धन मीटर, 6. बजरी 40 एमएम (क्रशर की ) प्रति धन मीटर, 7. सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर प्रति धन मीटर, 8. पत्थर (कट स्टोन) प्रति धन मीटर 9. पकी ईंट (मिटटी के भटे की) द्वितीय श्रेणी प्रति 1000 नं. 10. जेसीबी मशीन द्वारा कटान प्रति धंटा, 11. सामग्री ढुलान ट्रैक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा प्रति घन मीटर 12. शटरिंग प्रति वर्ग फुट, 13. सीमेंट ढुलाई एचपीसीएसई डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर/ कार्यस्थल तक प्रति बैग, 14. आरसीसी पाई डिफरेंट डाया प्रति मीटर/प्रति पाईप, 15. दीवार टाईल और फ्लोर टाईल प्रति बॉक्स, 16. पेंट सामग्री (सभी प्रकार की) प्रति लीटर 17. साईन बोर्ड (3×2) सभी सामग्री सहित 18. साईन बोर्ड (4×5) सभी मेटीरियल सहित 19. पीवीसी पाईप डिफरेंट डाया प्रति मीटर /प्रति पाईप

**नियम व शर्तें:-**1.निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आरसीसी नं., जसीएसटी, सीएसटी नं. की छाया प्रति आवश्यक है/ सामग्री का रेट जीएसटी, सीएसटी सहित होना चाहिए। 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में मु. सरकार द्वार फिक्सड रूपए प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3. सभी निविदाएं सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 4. जीएसटी/सीएसटी दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी। 5. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से संबंधित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 6. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को मु. 15000/- रूपए धरोहर/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होंगे। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही अग्रिम/सुरक्षित राशि वापस होगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सर्शत निविदा, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टिफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जाएगा। अतः उपस्थित सदस्यों के द्वारा इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित तथा मान्य किया गया।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मल्थेहड**
**विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

20 जून, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** त्रयोदशी: (7:51) : **नक्षत्र :** अनुराधा (6:10), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** साध्य (8:11) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:53-12:50), **राहुकाल** (2:07 -03:52 ।

**विशेष दिन**

- 20 जून 2024 : वर्षा ऋतु प्रारंभ ।
- 20 जून 2024 : सूर्य आज से होंगे दक्षिणायन।
- 20 जून 2024 : विश्व शरणार्थी दिवस।

**मेष:** आज का दिन आपके लिए ऊर्जा से भरा दिन नहीं है, लेकिन आज अगर आप दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे, तो आर्थिक नुक़सान पक्का है।

**वृषभ:** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आप सभी पारिवारिक कर्ज़े ख़त्म करने में क़ामयाब रहेंगे।

**मिथुन:** सेहत बढ़िया रहेगी। आज के दिन धन हानि होने की संभावना है इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में जितना आप सतर्क रहेंगे उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क:** आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप ख़ुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं।व्यक्तिगत संबंध संवेदनशील और नाज़ुक रहेंगे।

**सिंह:** आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है।

**कन्या :** आज कोई आपसे पैसे उधार मांग सकता है। उन्हें पैसे लौटाकर आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। आपको सलाह दी जाती है कि उधार लेने से बचें।

**तुला:** अपने दिन की शुरुआत कसरत से करें- यही वक्त है जब आप अपने बारें में अच्छा महसूस करने की शुरुआत कर सकते हैं और इसे नियमित रखने की कोशिश करें।

**वृश्चिक:** कोई आपका मूड ख़राब कर सकता है, लेकिन ऐसी चीज़ों को ख़ुद को क़ाबू न करने दें। घर के किसी सदस्य के व्यवहार की वजह से आप परेशान रह सकते हैं।

**धनु :** पुरानी परियोजनाओं की सफलता आत्मविश्वास में वृद्धि करेगी। आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा। कोई भी फ़ैसला करने से पहले अच्छाइयों और कमियों पर गौर करें।

**मकर:** आपका स्पष्ट और निडर नज़रिया आपके दोस्त के अहम को ठेस पहुंचा सकता है। बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की ज़रूरत है।

**कुंभ :** आपको लंबी बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। ऐसी जानकारी जाहिर न करें, जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो।

**मीन:** बोलने से पहले दो बार सोचें। आपका नज़रिया किसी की भावनाओं को आहत कर सकता है। विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है।

परिवर्तन के लिए अपनी बाहें खोलो, लेकिन अपने मूल्यों को कभी भी मत छोड़ो। -दलाई लामा

संपादकीय

# ईवीएम की विश्वसनीयता

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम की विश्वसनीयता एक बार फिर कटघरे में है। ईवीएम को लेकर नया विवाद तब खड़ा हुआ, जब ओटीपी के जरिए ईवीएम के अनलॉक करने का दावा किया गया। हालांकि चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए किसी ओटीपी की जरूरत नहीं होती, क्योंकि ईवीएम किसी भी बाहरी डिवाइस से जुड़ा हुआ नहीं होता। चुनाव आयोग इस मुद्दे को बेवजह का मुद्दा बता रहा है। इस मसले को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्षी नेता आमने-सामने आ गए हैं। ताजा विवाद एलन मस्क और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बीच बहस और मुंबई पुलिस के शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पैदा हुआ है। चार जून को आए लोकसभा चुनाव के नतीजे निकलने को जैसे ही दो हफ्ते बीते, ईवीएम का जिन्न बंद बोतल से बाहर निकल आया।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुए स्थानीय चुनावों में गड़बड़ी को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट आती है। इस पर अमेरिकी ईवीएम को बंद करने की वकालत करते हैं तो वहीं, भारत में फिर ईवीएम में गड़बड़ी को लेकर तूल दे दिया गया, तब पूरी चुनावी प्रक्रिया को ही सवालों के घेरे में ले लिया गया। मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे के पार्टी के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के रविंद्र वायकर से 48 वोटों से हार गए। इसके बाद ही उद्धव की पार्टी ने ईवीएम पर सवाल उठाए। नतीजों पर कानूनी मदद लेने की बात की गई। आधिकारिक मशीनरी के दुरुपयोग का दावा भी किया गया। यही नहीं, चुनावी कदाचार के संबंध में अदालत का रुख करने पर रणनीति बनी। उन्होंने मतगणना में धांधली का आरोप लगाया।

उद्धव ठाकरे की पार्टी की शिकायत पर चुनाव आयोग में मामला दर्ज करवाया गया, जिसकी अब जांच हो रही है। देश की सियासत में ईवीएम को बंद कर बैलेट पेपर से मतदान करवाने की मांग उठने लगी है। इसी चुनाव में विशाल अंतर से जीतने वाले राहुल गांधी ईवीएम को ब्लैक बॉक्स बताते हैं तो वहीं, यूपी में रिकॉर्ड 37 सीटें जीतने वाले अखिलेश यादव ईवीएम से चुनाव करवाने का विरोध कर रहे हैं। वहीं, कुछ सियायसतदां वीवीपैट की प्रक्रिया वोटर को उपलब्ध करवाने की मांग कर रहे हैं। चुनाव आयोग पूरे दावे के साथ कह रहा है कि ईवीएम को किसी भी तरह से हैक नहीं किया जा सकता। ईवीएम की प्रोग्रामिंग से छेड़छाड़ करना कतई संभव नहीं है। इस सबसे बीच एक महत्वपूर्ण सवाल उठकर सामने आ रहा है कि क्या ईवीएम पर सवाल उठाकर भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर संदेह किया जा रहा है। क्या सियासी दल खासकर विपक्षी ईवीएम को लेकर बेवजह सवाल खड़े करते हैं और क्या अमेरिकी ईवीएम को लेकर एलन मस्क की ओर से जताई गई आशंका बाजिव है? क्या यह प्रक्रिया भारतीय ईवीएम पर भी लागू होती है और अगर हां तो क्या चुनाव आयोग को इस संदेह को दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाना होगा।

ईवीएम को हैक करने के दावे बेबुनियाद लगते हैं। अगर ऐसा होता तो उसका सोर्स कोड वे पार्टियां खरीद लेतीं, जो पहले तक बूथ कैप्चरिंग कर रही थीं। अगर ईवीएम हैक हो सकती तो ये लोग सबसे पहले हैक करते। ईवीएम का सॉफ्टवेयर वन टाइम प्रोग्रामेबल है, यानी अगर आप को कोई ईवीएम मशीन मिल भी जाए तो आप उस पर अपना मॉडिफाइड सॉफ्टवेयर नहीं चला सकते। यह तथ्य भी गौर करने वाला है कि ईवीएम किसी भी तरीके से किसी नेटवर्क से नहीं जुड़ा होता। ईवीएम का निर्माण किसी घरेलू कंपनी ने नहीं बल्कि और परमाणु ऊर्जा की के इंजीनियरों ने किया था, इसलिए इसके विश्वसनीयता पर सवाल उठाना तर्कसंगत नहीं लगता। यह आम तौर पर देखा गया है कि विपक्षी जब चुनाव हार जाते हैं तो हार का ठीकरा ईवीएम मशीन पर फोड़ते हैं और जब वे जीत जाते हैं तो ईवीएम की विश्वसनीयता पर कोई प्रश्न नहीं उठाया। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह एक बार फिर सभी राजनीतिक दलों को बुलाकर ईवीएम मशीन से हैकिंग या त्रुटि का भ्रम दूर करे। ■

# भीषण गर्मी में मजदूरों की फिक्र भी जरूरी

देश में पड़ रही भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भारत में हाल ही में कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया, जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते हैं। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं। ये नौकरियां लचीलापन प्रदान करती हैं, लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है।


लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है। इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं।

ऐसे विपरीत समय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करना बहुत जरूरी है।

उदाहरण के लिए राजस्थान प्लेटफार्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा। वर्कर्स के लिए एक न्यूनतम वेतन नीति स्थापित करना ताकि एक स्थिर आय और न्यूनतम भुगतान किए गए घंटे या कमाई सुनिश्चित हो सके। जैसे सिंगापुर के प्रस्तावित विधायी परिवर्तनों में श्रमिकों के लिए कार्य-चोट बीमा और पेंशन कवरेज का विस्तार करना शामिल है, जिसका भारत भी अनुकरण कर सकता है।

वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता देना या उन्हें समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करना समय की मांग है। इसमें संगठित होने और यूनियन बनाने का अधिकार शामिल है। उदाहरण के लिए यूके और कैलिफोर्निया में कानूनी लड़ाइयों के कारण वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता मिली है, जो न्यूनतम वेतन और अन्य लाभों के हकदार हैं। सुरक्षित कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करने के लिए जिसमें सुरक्षात्मक गियर, नियमित ब्रेक और चरम मौसम से श्रमिकों की सुरक्षा के उपाय शामिल हैं। उदाहरण के लिए निष्पक्ष व्यवहार और शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इनको मजबूत करने की आवश्यकता है। स्वतंत्र श्रम न्यायालयों की स्थापना करना और यह सुनिश्चित करना कि उनमें मामलों को तुरंत और निष्पक्ष रूप से निपटाने की क्षमता हो। उदाहरण के लिए कतर की श्रम विवाद समितियों ने न्याय तक पहुंच में सुधार किया है, लेकिन देरी और प्रवर्तन संबंधी मुद्दे बने हुए हैं, जिसके लिए और सुधार की आवश्यकता है।

वर्कर्स की रोजगार क्षमता और आय क्षमता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना भी आवश्यक है। इसमें वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण शामिल हो। उदाहरण के लिए स्किल इंडिया जैसी सरकारी पहलों का विस्तार करके वर्कर्स को विशेष रूप से लक्षित किया जा सकता है, ताकि उन्हें प्रासंगिक कौशल और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और पहुंच को सरल बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग कर सेवा वितरण में सुधार के लिए वर्कर डेटा को राष्ट्रीय श्रम डेटाबेस में एकीकृत करना श्रमिकों के लिए फायदेमंद स्कीम बनाने में सहायक होगा। उदाहरण के लिए भारत का ई-श्रम पोर्टल, जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है, वर्कर्स को शामिल करने के लिए इसका लाभ उठाया जा सकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें समय पर लाभ मिले।

भारत में वर्कर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और अच्छी तरह से लागू किए गए उपायों की आवश्यकता है। सामाजिक सुरक्षा, कानूनी मान्यता, बेहतर कार्य परिस्थितियां, न्याय तक पहुंच, प्रशिक्षण और बेहतर डिजिटल बुनियादी ढांचा एक निष्पक्ष श्रमिक अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यबल के इस बढ़ते हुए हिस्से की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित करना जारी रखना चाहिए, ताकि उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# मनोरंजन का बाजार, संस्कृति पर प्रहार

आजकल देश में मनोरंजन का बाजार भारतीय संस्कृति पर तगड़ा प्रहार कर रहा है। धारावाहिकों और मनोरंजन शोज में द्विअर्थी-भद्दे संवाद और दृश्य खुल्लम-खुल्ला सुनाए और दिखाए जा रहे हैं। सिनेमा के परदे पर शीला-मुन्नी जैसे गानों की भरमार है। युवा रास्ते में आती-जाती लड़कियों पर इन गानों के माध्यम से फब्तियां कसते हैं। फिल्म और टेलीविजन ऐसी चीजों की जानकारी देने लगते हैं, जिन्हें बच्चे सही अर्थों में जानने के बजाय गलत तरीके से अपनाने लगते हैं।

इसी का परिणाम जघन्य यौन अपराध के रूप में बार-बार प्रकट हो रहा है। अश्लीलता परोसे जाने की इस प्रवृत्ति के साथ फूहड़ विज्ञापनों की भरमार ने सुसभ्य समाज की चिंता बढ़ा दी है। इनमें सामान्यत: नारी की फूहड़ छवि प्रस्तुत की जा रही है। इसका विरोध हमेशा शून्य रहा है। तभी तो यह सब धड़ल्ले से चल रहा है। यदि समय रहते इन अश्लील विज्ञापनों, पोस्टरों, पत्रिकाओं व फिल्मी दृश्यों पर लगाम कसने के प्रयास की किसी ने पहल नहीं की तो आने वाले कुछ वर्षों में यह स्थिति और भी असहज हो जाएगी। वासना के विस्फोट की यह चिंगारी भारतीय संस्कृति को तार-तार कर देगी। मनोरंजन के नाम पर फिल्मों में परोसी जा रही अश्लीलता समाज को कहां ले जाएगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में कुछ समय पहले एक छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की घटना इसकी सबसे भयंकर परिणति कही जा सकती है। इस घटना पर समाजशास्त्री डॉ. विज्ञा तिवारी का कहना है कि आजकल फिल्मों और टेलीविजन का किशोरों और युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जहां पहले फिल्में सामाजिक और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाती थीं, आज वह अश्लीलता परोस रही हैं। अफसोस तो इस बात का है कि यह सब कुछ हर किसी के जेहन में भी है, मगर इसके विरोध में अपनी आवाज मुखर करने वाला कोई नहीं है। हर कोई जानता है कि ऐसे दृश्यों और संवादों से बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों के मन-मस्तिष्क पर गलत प्रभाव पड़ता है।


लेखक : सुशील शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हालात इतने विस्फोटक हैं कि किशोरवय की दहलीज पर पांव रखते ही लड़कियां बहक जाती हैं। फूहड़ मेकअप, बदन दिखाऊ पोशाक, लड़कों से दोस्ती इनकी पहचान बन जाती है। सड़कों, स्कूलों और दीगर स्थानों से शुरू यह दोस्ती बेडरूम में जाकर खत्म होती है। ऐसी सोच रखने वाली नई पीढ़ी व उनके बदलते अभिभावक मॉर्डर्न जमाने की बात कहकर घटिया संस्कृति के अंधेरे में लुप्त होते जा रहे हैं। इसी मनोवृत्ति का ही नतीजा है कि आज खूनी रिश्तों की आंखों में भी वहशत समाने लगी है। अब तो लोग परिचित परिवारों की लड़कियों तक को हवस की नजरों से देखने लगे हैं। आज माता-पिता के लिए बहुत मुश्किल हो गया है कि वे किस तरह अपने बच्चों में बढ़ती हुई इस महामारी जैसी मानसिकता को रोकें। उनमें संस्कारों का निर्माण करें। दुर्भाग्य से सरकार एवं फिल्म सेंसर बोर्ड भी आंख बंद किए हुए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## गवाह हैं ये

विधु भारद्वाज

*मेरे हरेक जख्म के उन पर लगते मरहम*
*के दर्द में बहते अश्कों के,*
*खुशी से हंसते लबों के गवाह हैं ये...*
*कुछ कोरे, कुछ भरे-भरे, कुछ बेरंग, कुछ*
*सुनहरे, कुछ पूरे, कुछ अधूरे जिंदगी के*
*पन्नों के, गूंगे तालिबे इल्म हैं ये...*
*सबकी आंखों में खटकते अनचाहे,*
*जिल्लत सहते, कोई वजूद तक मिटाते,*
*कोई रूप इनका बदल देते,*
*ये न रफ्तार अपनी छोड़ते...*
*मुझे बहुत प्यारे हैं ये, मेरे सरताज हैं ये,*
*मैं इन्हें संजोये रखूंगी,*
*सच्चे, पक्के दोस्त हैं ये,*
*ये मेरे सफेद होते बाल।*

# जलते जंगल; मरते जीव-जंतु, अमंगल के संकेत

दुनिया भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75,000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत ऑक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किंतु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिएं, उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है।

जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाईआक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जलकर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बहकर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है।

वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टेयर वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6 ।61 करोड़ रुपए का नुकसान अनुमानित है, किंतु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपए में जाएगा।


लेखक : कुलभूषण उपमन्यु
पर्यावरणविद

इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं, ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना चाहिए ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो।

दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा और आग प्रतिरोधक स्थायी योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिएं जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था, जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसान था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे।

आज इन बातों की कमी हो गई है जिससे आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। झाड़ियों से पीटकर आग बुझाने की मजबूरी से बाहर निकलना होगा। आधुनिक तकनीकों के बिना आग नियंत्रण के प्रयास करते हुए गत वर्ष भी वनकर्मी हिमाचल प्रदेश में काल का ग्रास बन गए थे। संवेदनशील बीटों में प्राकृतिक जल स्रोतों को चिन्हित करके स्थायी तौर पर पाइप लाइनें बिछाकर उच्च स्तरीय व्यवस्था बनाई जानी चाहिए ताकि तत्काल वहां से पानी लेकर रोलिंग पाइप बिछाकर आग पर काबू पाया जा सके। जहां-जहां सडकें पहुंच गई हैं, वहां मोबाइल वाटर टैंक की व्यवस्था होनी चाहिए। हर तरह की स्थलाकृति में चल सकने वाले छोटे अग्निशमन वाहनों का प्रबंध होना चाहिए। कम पानी से अधिक सफल अग्नि नियंत्रण के लिए धुंध स्प्रे तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है।

इस तकनीक में अग्निशमन वाहन पर टरबाइन स्प्रयेर लगा होता है जो पानी को धुंध में परिवर्तित करके स्प्रे करता है, जिससे अग्निशमन की कुशलता बढ़ जाती है। पिट्टू स्प्रयेर भी कारगर हो सकते हैं। यदि पानी में डिटरजेंट मिला कर स्प्रे किया जाए तो अग्निशमन की क्षमता बढ़ जाती है। छोटे रास्तों के लिए अग्निशमन बाइक भी उपलब्ध हैं। इनमें 40-50 लीटर पानी के टैंक लगे होते हैं और स्प्रे व्यवस्था होती है। अग्निशमन कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाने चाहिएं। इनमें अग्निरोधी वर्दी, फिल्टर मास्क, अग्निरोधी बूट, रीहाईड्रेशन घोल आदि मुख्य हैं। पानी लेने के लिए स्थान-स्थान पर पाइप प्वाइंट और तालाब निर्माण होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था होगी तो अग्निशमन कर्मी उत्साहित होकर काम कर सकेंगे और जन सहयोग लेना भी आसान होगा।


हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चीड़ का एकल रोपण भी आग के लिए बड़ा जिम्मेदार है। अत: प्रयास किया जाना चाहिए कि चीड़ वनों को मिश्रित प्राकृतिक वनों में बदला जाए। वन संबंधी विविध डेटा विश्लेषण के आधार पर अग्निशमन दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए। इसमें भूमि आच्छादन, स्थलाकृति, मिट्टी का प्रकार, वनस्पति प्रकार और मानव गतिविधि को ध्यान में रखकर योजना बने तो संपूर्णता से स्थायी समाधान की ओर बढ़ा जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### कुशल पत्रकार और लेखक

**गौर किशोर घोष** एक कुशल पत्रकार तथा लेखक के रूप में जाने जाते हैं। उनका जन्म तत्कालीन पूर्वी बंगाल के जैसोर जिले के हाट गोपालपुर गांव में हुआ था। 15 वर्ष की आयु में किशोर 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया' की छात्र शाखा के सदस्य बन गए, उस समय भारत में ब्रिटिश सरकार की ओर से यह एक प्रतिबंधित राजनीतिक दल था। किशोर का शुरुआती जीवन बहुत संघर्षपूर्ण रहा। इसी दौरान उनका लेखन भी शुरू हुआ। उनकी पहली कविता 1943 में कोलकाता की पत्रिका 'पूर्वाशा' में छपी। 'आनंद बाजार' पत्रिका में किशोर तरक्की करते हुए वरिष्ठ संपादक के पद तक पहुंचे। किशोर की इस प्रगति के दौरान उन्हें बहुत से ऐसे अनुभव हुए, जिन्हें भुला पाना उनके लिए कठिन था, लेकिन उन्होंने जिस तरह से उनका सामना किया, उससे किशोर की छवि एक अदस्य साहसी तथा निर्भीक पत्रकार की बनती चली गई। विकासशील देशों में ईमानदारी से प्रगतिवादी तथा प्रभावी लेखन कर पाना न केवल मुश्किल है, बल्कि खतरनाक भी है। सरकारों के अलावा, दूसरी बहुत-सी ऐसी व्यवस्थाएं हैं, जो अपनी स्थानीय तथा अंतरराष्ट्रीय छवि बनाए रखने के लिए प्रकाशन और प्रसारण पर अपना अंकुश बनाए रखना चाहती हैं। ऐसे में गौर किशोर घोष ने अपने रचनात्मक लेखन तथा पत्रकारिता के जरिए अपनी बात को निर्भीकतापूर्वक रखा और साथ ही नागरिकों तथा प्रेस की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए जुझारू तेवर दिखाए। गौर किशोर घोष की मानवीय दृष्टि, उनकी निर्भीकता तथा दबावों के खिलाफ अडिग पत्रकारिता के लिए उन्हें वर्ष 1981 का मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया। ■


गौर किशोर घोष
जन्म : 20 जून, 1923
मृत्यु : 15 दिसंबर, 2000

## अपनी बात

**प्रदूषण** नियंत्रण के लिए हमें व्यक्तिगत संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग के साथ तकनीकी उपायों का अध्ययन करना होगा, ताकि हम एक प्रदूषण मुक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। प्रदूषण एक जटिल समस्या है जिसका समाधान विज्ञानिक दृष्टि से होना चाहिए, क्योंकि यह पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। इससे प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा हो रहे हैं। इससे वायुमंडल, जल और खाद्य में दूषित हो रहे हैं। प्रदूषण का सीधा संबंध प्रकृति से मानते हैं, लेकिन यह सिर्फ किसी भी एक चीज को होने वाली हानि या नुकसान से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि उन सभी प्राकृतिक संसाधनों को खराब करने या व्यर्थ करने से है, जो हमें प्रकृति ने बड़े ही सौंदर्य के साथ सौंपे हैं। अब समय आ गया है कि हमें पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रयास करने ही होंगे। **-आश्वी शर्मा, नगरोटा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# हिमाचल प्रदेश पर्यटन के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं

हिमाचल प्रदेश में आजकल पर्यटन का कारोबार अपने पीक पर है क्योंकि देवभूमि ने पर्यटन में अपनी पहचान विश्व स्तरीय बनाई है। देश के विभिन्न हिस्सों से यहां पर पर्यटक आते हैं। इसके साथ साथ विदेशों से भी बड़ी तादाद में पर्यटक यहां घूमने आते हैं। एक अनुमान के अनुसार साल 2023 में यहां पर 1.50 करोड़ से अधिक पर्यटक घूमने आए। पर्यटन का हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा बहुत कम फीसदी है।

हिमाचल प्रदेश में सुंदर वादियां हैं। यहां की पहाड़ियां सुंदर वनों से ढकी हैं, जो पर्यटकों का मन मोह लेती हैं और पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं। इन पहाड़ियों में बर्फ भी खूब पड़ती है, जिसका आनंद उठाने के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में यहां आते हैं। यहां कल-कल करती नदियां किसी का भी मन मोह लेती हैं। पर्यटन के कारोबार से हजारों लोगों को रोजगार मिलता है। कई बार तो इतने पर्यटक घूमने आते हैं कि उन्हें यहां ठहरने के लिए बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ती है। बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से पीक सीजन पर लंबा जाम लग जाता है, जिसमें पर्यटक घंटों जाम में फंसे रहते हैं और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। हिमाचल प्रदेश सरकार को इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए सड़कों को चौड़ा करना होगा, लेकिन पहाड़ी राज्य होने की वजह से सड़कों को एक सीमा तक ही चौड़ा किया जा सकता है। इसके लिए जगह-जगह पर ट्रैफिक पुलिस को तैनात करके जाम की इस समस्या को दूर करने में मदद मिल सकती है।

हिमाचल में कुछ ऐसे अनछुए क्षेत्र हैं, जो बहुत सुंदर हैं। उन्हें विकसित करके पर्यटकों के लिए आकर्षित किया जा सकता है। इससे पर्यटन को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ में प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में अत्यधिक भीड़ भी कम होगी। हिमाचल में भी बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। पर्यटन को और अधिक बढ़ावा देकर बेरोजगारी की समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है। पर्यटन कारोबार जैसे-जैसे बढ़ता है तो होटल, रेस्टोरेंट और टैक्सी चालकों आदि की आमदनी में भी बढ़ोतरी होती है। हिमाचल प्रदेश में निर्मित हिमाचली टोपी और शाल आदि ऐसे कई उत्पाद हैं, जिन्हें पर्यटक खरीदते हैं और इससे उत्पाद निर्माताओं की आमदनी तो बढ़ती ही है, साथ में हिमाचल प्रदेश में निर्मित वस्तुओं का प्रचार-प्रसार भी होता है जो कि प्रदेश के हित में है। हिमाचल प्रदेश की पहचान पूरे विश्व में पर्यटन राज्य के रूप में है, लेकिन इस प्रदेश में रेल मार्ग और वायु यातायात का सीमित होना भी अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने में एक बाधा है।


लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

हिमाचल प्रदेश के लिए वायु उड़ानें सीमित संख्या में हैं। इसी तरह रेल द्वारा आवागमन केवल शिमला, कांगड़ा, ऊना और जोगिंद्रनगर तक ही है। प्रदेश में यदि वायु और रेलमार्ग को विस्तृत किया जाए तो निश्चित तौर पर राज्य में पर्यटन और बढ़ेगा। हिमाचल प्रदेश देवभूमि है, यहां पर देवी-देवताओं के बहुत से मंदिर हैं। यहां पर माता चिंतपूर्णी, बगलामुखी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी और नयना देवी शक्तिपीठ हैं, जहां पर हर वर्ष लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए आते हैं। हिमाचल प्रदेश में अनेक ऐसे मंदिर हैं, जो अपने आप में अनूठे और इतिहास समेटे हुए हैं। मंडी शहर को छोटी काशी भी कहा जाता है। इस तरह यह प्रदेश पर्यटन राज्य के साथ-साथ देवी-देवताओं का राज्य भी है। यहां के कई मंदिर तो पांडवों के द्वारा बनाए गए बताए जाते हैं।

पर्यटक यहां पर हर प्रकार का लुत्फ उठा सकते हैं। घूमने फिरने के साथ साथ भगवान में अपनी आस्था रखकर अपनी मनोकामना भी पूरी कर सकते हैं। आजकल मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है और पर्यटक दिन-प्रतिदिन पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में भी दिन-प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि हम पर्यटकों की समस्याओं का समाधान निकाल लें तो ये पर्यटक आने वाले समय में और अधिक बढ़ेंगे, जो प्रदेश हित में मील का पत्थर साबित होगा। हिमाचल के लोग भोले-भाले और शांतिप्रिय हैं, जो मेहमानबाजी के लिए जाने जाते हैं। यहां पर पर्यटक बिना किसी हिचक के आ सकते हैं और शांत मन से यहां की सुंदर वादियों और घने जंगलों की ठंडी हवाओं का आनंद उठा सकते हैं। यहां के प्रमुख पर्यटक स्थल देवदार और अन्य पेड़ों से घिरे हुए हैं। शहरों के होटलों में ठहरकर इन सुंदर पेड़-पौधों का नजारा अलग ही होता है। पर्यटक एक बार यहां आकर अपने साथ सुखद अहसास और अनुभव लेकर जाते हैं। हमें भगवान द्वारा दी हुई इस सुंदर धरोहर को संजोकर रखना होगा, तभी यह स्वर्ग जैसी भूमि आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### संतोष बने भांबला एसएमसी के अध्यक्ष

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भांबला में आज स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा में आगामी तीन वर्षों के शैक्षणिक सत्रों 2024-27 के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के मौजूदा अध्यक्ष सोमनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस सभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से संतोष कुमार को अध्यक्ष के रूप में चुना। बैठक में 60 के लगभग अभिभावकों तथा अध्यापकों ने भाग लिया। इसमें मोना देवी, प्रवीणा कुमारी, हुकम चंद, मीना देवी, रंगीला राम, सरला देवी प्रमिला देवी, पुष्पा देवी, अनिशा देवी, अंजना देवी, पुष्पा देवी, निर्मला देवी रीना देवी, रीटा को सदस्य के तौर पर चुना गया। प्रधानाचार्य दिनेश ठाकुर ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### छबील लगा बुझाई राहगीरों की प्यास



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** ज्येष्ठ माह की गर्मी में हर बार की तरह इस बार भी लोगों में ज्येष्ठ द्वादशी के प्रति श्रद्धा बरकरार रही। जोगिंद्रनगर में 15 से अधिक स्थानों पर छबील लगा राहगीरों की प्यास बुझाई। मेन बाजार स्थित छबील में आयोजकों द्वारा पारंपरिक दूध, बादाम, शरबत तथा नींबू पानी का स्टॉल लगा लोगों को शरबत बांटा, वहीं नजदीक पेट्रोल पंप में भी मीठा पानी लोगों में वितरित किया। बस स्टैंड जोगिंद्रनगर में भी आयोजकों द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई गई थी। रेलवे चौक सहित थाना चौक, नजदीक कन्या पाठशाला, पठानकोट चौक, लक्ष्मी बाजार सहित गरोडू स्थित हड़िंबा जनरल स्टोर के बाहर भी मीठे पानी की छबील लगा आयोजकों ने राहगीरों की प्यास बुझाई। जनता ढाबा पर भी द्वादशी पर बच्चों को आइसक्रीम बांटी गई। बुधवार को द्वादशी पर शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। छबील के आयोजकों ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में द्वादशी पर शरबत पिलाने का बहुत महत्व बताया गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की द्वादशी को पानी पिला कर सेवा करना पुण्य का भागीदार माना जाता है और उसे स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास को सार्थक करते हुए द्वादशी पर छबील व भंडारे का आयोजन किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### एनएसएस वालंटियर्स ने की साफ-सफाई




**अनिल, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महादेव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वॉलंटियर्स ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। फूलों की क्यारियों की निराई व गुड़ाई, सांस्कृतिक मंच की सफाई, पौधों का रखरखाव, शौचालयों की सफाई तथा अनुपयोगी घास भी उखाड़ी। शिविर में लगभग चालीस वॉलंटियर्स ने परियोजना कार्य में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी ललिता ने वॉलंटियर्स का मार्गदर्शन कर जगदीश कौशल व सेवादार प्रेम लाल के सहयोग से शिविर को संपन्न करवाया। (अनंत ज्ञान)

# पांगणा खड्ड में प्रदूषित जल बना हजारों मछलियां की मौत की वजह

## गर्मी की तपिश से सूखने लगी खड्ड, मरी मछलियों को ठिकाने लगाने व अन्य को बचाने में जुटे ग्रामीण

**पीयूष शर्मा, करसोग**

पांगणा खड्ड में प्रदूषित जल के कारण हजारों मछलियां मौत का शिकार हो गई हैं। अत्यधिक गर्मी के कारण खड्ड में भी पानी सूखता जा रहा है, जिस कारण भी मछलियां मर रही हैं। जल स्रोत किसी भी सभ्यता की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। जल है तो मानव ही नहीं अपितु सभी जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का जीवन है।

सुकेत की ऐतिहासिक राजधानी रहे पांगणा को 'अवारल' और 'पारले' पांगणा के रूप में विभाजित करती शिकारीदेवी की चरण गंगा रूपी पांगणा खड्ड से लोग भौतिक और आध्यात्मिक तरीके से जुड़े हुए हैं। पांगणा ही नहीं अपितु चुराग विकास खंड की लगभग सभी पंचायतों व निहरी विकास खंड की इस खड्ड की सीमावर्ती पंचायतों, नाचण निर्वाचन क्षेत्र की कुटाहची और मशोगल पंचायतों की भी जीवनदायिनी बनी इस खड्ड पर एक बार फिर प्रदूषण का ग्रहण लगना शुरू हो गया है।



मरी हुई मछलियां तथा दाएं रात को मकथाणी की आल से गंदे पानी की निकासी करते युवा।

परिणामस्वरूप पिछले एक दशक में तीसरी बार इस खड्ड के पांगणा स्थित 'मखथाणी की आल' जलकुंड में मछलियों को बढ़ते जल प्रदूषण और जल में घटती ऑक्सीजन के कारण अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

समाजसेवा के लिए अनेक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. जगदीश शर्मा ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए पांगणा के योगेश गुप्ता, पंकज, गुरुदेव, यशपाल, हरिश सोनी, हरिश चौहान, टीकम गुप्ता, अंकित, पुनीत, तरुण, शिवानंद, भूपेश (चीन्की), गोपी, गौरव आदि व्यापारी वर्ग व आम नागरिक मरी हुई मछलियों को ठिकाने लगाने, प्रदूषित जल को इस जलकुंड से बाहर कर पुन: स्वच्छ जल से मकथाणी की 'आल' को भरने व मछलियों को बचाने की जिम्मेदारी लेकर दिन रात महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

इस बार इंद्रदेव के मेहरबान न होने से पांगणा क्षेत्र में सेब व दूसरे फलों व अन्न को तो नुकसान पहुंचा ही है, लेकिन खड्डों के गिरते जल स्तर से सिंचाई की व्यवस्थित न होने से सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। बारिश न होने की वजह से किसानों ने मजबूरन 'मकथाणी' की आल के मुहाने से खेती तक सैकड़ों मीटर लंबी-लंबी पाइपें बिछाई है, जिसके कारण किसानों को कुछ राहत मिल रही है। बहुत से किसान खेती में नमी की कमी के कारण मक्की की बिजाई तक नहीं कर पाए हैं। सेब के पौधे सूखने के कगार पर है। पांगणा खड्ड की सहायक खड्ड खलेडी खड्ड तो पूर्णत: सूख गई है। (अनंत ज्ञान)

# श्रद्धालुओं की कार जवाल के पास लुढ़की, चालक घायल




**सुनील शर्मा, गोहर**

शाला कमरूनाग सड़क मार्ग पर जवाल गांव के पास कमरूनाग के दर्शन कर लौट रही श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर एक सड़क से दूसरी सड़क में जा गिरी।

कार (नंबर एचपी 19ई 0910) में 44 वर्षीय कमल देव निवासी निवासी गारली जिला हमीरपुर का परिवार सवार था। स्थानीय निवासी खेम सिंह ठाकुर ने बताया कि ब्रेक न लगने से कमल देव ने अपना परिवार कार से उतार दिया था, लेकिन कुछ दूरी पर ब्रेक न लगने से कार अनियंत्रित होकर सड़क से लुढ़ककर दूसरी सड़क तक पहुंच गई। घायल को गोहर अस्पताल उपचार के लिए भर्ती किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## पानी को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**पीयूष शर्मा, करसोग।** उपमंडल करसोग के अंतर्गत करलोग गांव में एक युवक अंकुश पुत्र उमा चंद गांव करलोग, डाकघर जस्सल ने गांव के एक युवक के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकियां देने बारे में एक शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला करलोग गांव का है। यहां शिकायतकर्ता अंकुश करलोग बाऊडी से पानी को लेकर ले जाने पर यह विवाद हुआ है। डीएसपी ने बताया कि आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक भी करलोग गांव का रहने वाला है। मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## सैंथल में पांच दिवसीय मेला शुरू



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**आशीष शर्मा, जोगिंद्रनगर**

हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी जोगिंद्रनगर उपमंडल के सैंथल में पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ मेला कमेटी के प्रधान भूपेंद्र शर्मा ने किया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष मेघना ठाकुर ने शिरकत की। मच्छयाल मंदिर के रामानंद पूरी, चैतन्य व पंचायत समिति प्रधान राकेश उपप्रधान अमर सिंह खनोडियां के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मेले में महिला मंडलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सजीव राणा, बिहारी लाल शर्मा, राकेश चौधरी, धर्म सिंह आदि सदस्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## कार्य निरीक्षक संघ का चुनाव 22 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल लोक निर्माण विभाग कार्य निरीक्षक संघ का प्रदेश स्तरीय चुनाव 22 जून को विश्राम गृह सुंदर नगर में प्रात: 11:00 बजे होगा। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री सुनील ठाकुर ने दी।

उन्होंने बताया कि इस चुनाव में सभी जिलों की कार्य निरीक्षक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर लंबित मांगों के बारे में आगामी कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस मौके पर वेतन विसंगति और पदोन्नति मामले पर भी मुख्य तौर पर चर्चा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## डीसी ने बरसात को लेकर अधिकारियों से की समीक्षा

**पीयूष शर्मा, करसोग**

संभावित बरसात के खतरों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बुधवार को करसोग का दौरा कर एसडीएम कार्यालय में बरसात से निपटने के लिए उपमंडल में उठाए गए विभिन्न कदमों की समीक्षा की।

उन्होंने बरसात में लोगों की जानमाल की सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कदम उठाने के भी दिशा-निर्देश दिए, ताकि बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों को जानमाल का नुकसान न उठाना पड़े। उपायुक्त ने इस दौरान करसोग में निर्माणाधीन संयुक्त भवन (मिनी सचिवालय) के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संयुक्त भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भवन के बनने से क्षेत्र के हजारों लोगों को एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों से संबंधित अपने कार्य करवाने की सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने करसोग में प्रशासन के सहयोग से संचालित की जा रही लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्रों से संवाद भी किया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय करसोग के कर्मचारियों से भी भेंट कर, उनका कुशलक्षेम जाना और कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण भी किया। उपायुक्त मंडी ने खंड विकास कार्यालय करसोग व चुराग का भी दौरा किया।

इस अवसर पर एसडीएम करसोग राजकुमार ने उपायुक्त को शॉल, टोपी भेंट कर सम्मानित किया, जबकि तहसील कार्यालय करसोग की ओर से तहसीलदार कैलाश कौंडल ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को शॉल, टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर एसडीएम करसोग राजकुमार, तहसीलदार कैलाश कौंडल सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## सरमाणा में डंगा निर्माण के चलते द्रुब्बल सड़क वाहनों के लिए बंद

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत पिपली में गांव कुराटी से द्रुब्बल सड़क मार्ग गांव सरमाणा में डंगा निर्माण कार्य के चलते वाहनों के लिए पूर्णत: बंद हो गया है।

बता दें कि ये सड़क सरमाणा के पास लगभग एक सप्ताह से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। स्थानीय ग्रामीणों ने ढिलाई से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से गुजरने वाले सड़क मार्ग के किनारे आरसीसी डंगे का निर्माण कार्य होना है, लेकिन ठेकेदार द्वारा लगभग एक सप्ताह पहले सड़क के बीचों-बीच रेत, बजरी व पथर तो रखवा दिए हैं, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया जा रहा है, जिस कारण यहां से आने-जाने वाले वाहन चालकों को आए दिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क तो बिलकुल ही बंद है, लेकिन यंहा से पैदल गुजरने वाले बच्चों, बुजुर्गों व विशेषकर मरीजों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार व संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि इस निर्माण कार्य को शीघ्र करवाया जाए, ताकि सड़क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए पुन: बहाल हो जाए। (अनंत ज्ञान)

## शीघ्र जारी हो अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों को रेगुलर करने की अधिसूचना : प्रदीप

**अनिल शर्मा, मंडी**

अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व महासचिव भरत शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व मुख्य सचिव से मिलकर अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को रेगुलर करने संबंधित अधिसूचना जारी करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना इन कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल से रेगुलर करने संबंधी हो, क्योंकि आदर्श चुनाव आचार संहिता के कारण इन कर्मचारियों के दो से तीन महीने का नुकसान हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले एक वर्ष में दो बार कर्मचारियों को रेगुलर किया जाता था, लेकिन अभी इस विषय में भी संशय है कि कर्मचारी सिर्फ मार्च में ही रेगुलर होंगे या सितंबर में भी।

इसलिए उन्होंने यह भी मांग की है कि पहले की तरह जिसमें दो बार 31 मार्च पूरा होने पर तथा 30 सितंबर को अपना कार्यकाल पूरा करने वाले कर्मचारियों को रेगुलर कर दिया जाना चाहिए, ताकि कर्मचारियों को समय रहते नियमित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी लगातार सरकार के साथ कंधे से कंधा मिला खड़े हैं। जहां प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन जैसी बड़ी सौगात दी है, वहीं कॉन्ट्रैक्ट के कारण छूटे कर्मचारियों के लिए भी प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी पेंशन के दायरे में लाना प्रदेश सरकार की दूरदर्शिता और कर्मचारियों के प्रति सरकार की सोच को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों के सभी मुद्दों को रखने के लिए प्रदेश सरकार से जल्द संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाने बारे भी आग्रह किया जाएगा, ताकि कर्मचारियों की अन्य समस्याओं का भी समाधान समय रहते किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## सरकाघाट स्कूल की कमान कमलेश के हाथ

**रितेश, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव निर्वाचन प्रणाली के अध्यक्ष प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया की देख-रेख में 3 वर्षों के लिए किया गया। इसमें सर्व सहमति से कमलेश ठाकुर को प्रधान पद के लिए चुना गया, जबकि आशा देवी, जमुना देवी, मीरा देवी, निशा कुमारी, कमल किशोर, तेज बहादुर, मीणा, करणदीप कौर, रश्मि अरशद, हलकु कमलकांत, रीना देवी, अनीता देवी, संजय, शालू देवी, विशाल चंदेल को स्कूल प्रबंधन समिति के कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में चुना गया। इसके अलावा तीन सदस्य अध्यापक अरुण उपाध्याय अनिल परवारी, सीमा चौहान चुने गए। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस मित्रों और परिवार की पार्टी : अजय चौहान

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

कांग्रेस पूरी तरह से मित्रों और परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। इसका ताजा उदाहरण चाहे अभी हाल ही में राज्यसभा की सीट के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार राजस्थान से डॉ. मनु सिंघवी रहे हों या फिर लोकसभा चुनावों में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा रहे हों।



उक्त प्रक्टावा करते भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने कहा कि अभी हिमाचल के तीन विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनावों में देहरा सीट पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी को टिकट मिलना परिवारवाद का ही उदाहरण है।

अजय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनावों के बाद जैसे ही सत्ता में आई थी, तो व्यवस्था परिवर्तन का नारा दिया गया था लेकिन सरकार के पंद्रह महीने बीत जाने पर भी युवाओं को रोजगार, एक साल के अंदर एक लाख नौकरियां, महिलाओं को 1500 रुपए, पुरानी पेंशन बहाली जैसी कई गारंटियां अभी भी लटकी पड़ी है। (अनंत ज्ञान)

## आईटीआई मंडी से 37 अभ्यर्थी चयनित

**अनिल शर्मा, मंडी**

राजकीय आईटीआई मंडी में हाल ही पंजाब मोहाली की एक कंपनी द्वारा साक्षात्कार करवाया गया था। इसमें 10वीं, 12वीं व आईटीआई पास अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

संस्थान के समूह अनुदेशक इंजीनियर मनोज शर्मा ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में 98 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 37 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। इसमें से 9 महिला अभ्यार्थी भी चयनित हुई हैं। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी पहले छह माह तक 9425 रुपए मानदेय देगी और छह माह के बाद 13000 रुपए मानदेय के साथ पीएफ, ईएसआई और बोनस भी देगी। इसके साथ हॉस्टल सुविधा जिसमें 400 रुपए प्रति माह शुल्क देना होगा, साथ ही कैंटीन की सुविधा भी दी जाएगी।



साक्षात्कार देते हुए आईटीआई के प्रशिक्षु।

सभी चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी से आए अधिकारी इंद्र जीत सिंगला वाइस प्रेजिडेंट, धीरेश कुमार सिंह एचआर व विद्या सागर पराशर ऑफिसर एचआर द्वारा अपॉइंटमेंट्स लैटर बांटे गए, जिसमें इस संस्थान की प्लेसमेंट कमेटी के सदस्य देवी राम, छबी राम, इंजीनियर हरिश, इंजीनियर भवन शर्मा व अखिल भी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## जोगिंद्रनगर से दिल्ली वोल्वो बस को बंद करने की तैयारी

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर से दिल्ली जा रही निगम की एकमात्र वोल्वो लग्जरी बस को बंद करने की तैयारी चल रही है। इससे जोगिंद्रनगर और पधर उपमंडल के यात्रियों में आक्रोश है।

41 सीटर बस जोगिंद्रनगर से देर सायं पांच बजे दिल्ली के लिए रवाना होती है। विधायक प्रकाश राणा ने बस डिपो जोगिंद्रनगर के अधीन आने वाले रूटों में बदलाव को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है और कहा कि वे इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। तकनीकी क्षेत्रीय प्रबंधक तारादेवी अमित कुमार ने बताया कि प्रस्ताव को अधिकारिक स्वीकृति अभी नहीं मिली है।

उन्होंने बताया कि अगर रूट में बदलाव होता है तो जोगिंद्रनगर और पधर के यात्रियों को मंडी तक परिवहन निगम की अतिरिक्त बस सुविधा से लाभान्वित कर वोल्वो बस की सुविधाओं से भी जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। फिलहाल जोगिंद्रनगर से बाया मंडी वोल्वो बस सेवा अभी जारी है। (अनंत ज्ञान)

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मनाली विजेता

**कविता, पधर**

पधर उपमंडल की बथेरी पंचायत के खलबुट में आयोजित मेले के दौरान यूथ क्लब खलबुट द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में जहां ललित ठाकुर और अमित डोगरा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की, वहीं स्थानीय पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र पाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जानकारी देते हुए कमेटी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मनाली व कुन्नू के मध्य खेला गया। इस दौरान कड़े संघर्ष के पश्चात मनाली की टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 21 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए की नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के दौरान युवा खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

इस मौके मेला कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, नागेंद्र ठाकुर, राजेंद्र कपूर, देवेंद्र कपूर, सचिन कपूर, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, पवन कुमार तथा राजीव कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## मंडी के भाजपा पदाधिकारियों ने की चुनावों के बाद की समीक्षा बैठक

**अनिल शर्मा, मंडी**

लोकसभा चुनाव में मंडी सीट जीतने के बाद भाजपा के मंडी जिला के पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने की। इस बैठक में विशेष रूप से मंडी लोकसभा के प्रभारी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

गोविंद ठाकुरने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के मार्गदर्शन व सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण यह जीत हुई है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है। बैठक में सभी मंडलों के कार्यक्रमों व चुनावों को लेकर अपने अनुभव साझे किए।

लोकसभा के संयोजक एवं बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने भी अपने अनुभव साझा किए। पायल ने कहा कि आने वाले समय में योग दिवस के दिन हम सभी कार्यक्रमों में भाग लें। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने जगत प्रकाश नड्डा के केंद्र में मंत्री बनने पर सभी को बधाई दी। इस बैठक में महामंत्री संजय, सोमेश, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, सुमन व अन्य प्रदेश जिला व मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**संस्कृति** | चौक ब्राडता में श्री कामेश्वर देव मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय मेले और दंगल का आयोजन

## पंजाब के पंकज व हिमाचल के रोहित ने जीती बड़ी और छोटी माली

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

ग्राम पंचायत चौक ब्राडता के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर श्री कामेश्वर देव के भव्य प्रांगण दो दिवसीय मेले और दंगल का आयोजन किया गया। मेले के समापन समारोह और विशाल दंगल के उद्घाटन में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

अपने संबोधन में चंद्र मोहन शर्मा ने कहा कि मिले और त्योहार युवा पीढ़ी को इतिहास एवं संस्कृति की जानकारी देने का मुख्य साधन है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि स्थानीय स्तर पर आयोजित किया जा रहे मेले की परंपराओं को टूटने न दें। उन्होंने कहा कि मेल कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने थौना में अपने पिता की याद में करीब 1 करोड़ की लागत से पंडित धर्मचंद अंतरराष्ट्रीय कुश्ती स्टेडियम का निर्माण शुरू किया है, जो जब अंतिम चरण में है। इससे पहले जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा का देव ब्राडता पहुंचने पर मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया।



मुख्य अतिथि आयोजकों के साथ सामूहिक चित्र में।

उन्होंने ऐतिहासिक कामेश्वर देव मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश वासियों के सुखी जीवन की कामना की चंद्रमोहन शर्मा ने मंदिर कमेटी और स्थानीय जनता को बधाई देते कहा कि इस दंगल को सुनिश्चित एवं भव्य रूप देने में स्थानीय जनता का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस दंगल में ढाई लाख रुपए के पहलवानों को इनाम बांटे गए। इसमें दो प्रकार की माली आयोजित की गई, जिसमें बड़ी माली का ख़िताब रोपड के पहलवान पंकज ने और छोटी माली हिमाचल (मंडी) के रोहित राव विजेता रहे। कमेटी ने दोनों को गुर्ज भी प्रदान किए।

इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान योगराज शर्मा, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार, मंदिर कमेटी प्रधान राकेश पालसरा, सचिव हिम्मत राम शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष निशा ठाकुर, जिला सचिव राजकुमार, भाजयुमो प्रवक्ता प्रिंस शर्मा एवं स्थानीय जनता उपस्थिति रही।

## न्यूज ब्रीफ

### डेरा बापू कुंभ दास सिंगा में लगाई छबील



छबील में सेवा करते सेवादार।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली के अंतर्गत पड़ते डेरा बापू कुंभ दास सिंगा में मुख्य सेवादार राजू ने राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। इसे पीकर राहगीरों ने इस तपती गर्मी में कुछ राहत महसूस की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रधान गुरदेव सिंह, ज्ञानी बाबा, राजेश, राहुल, संदीप, वंश आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### छबीलें सामुदायिक भावना को देती हैं बढ़ावा



पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान चंद शर्मा छबील में सेवा करते हुए।

**अभिषेक कुमार, ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान चंद शर्मा ने बंगाणा बस अड्डे पर लगाई गई छबील (पानी की सेवा) समाज सेवा की एक उत्कृष्ट मिसाल है। इस सेवा में उन्होंने ठंडा पानी, मीठा पानी तथा फ्रूट का वितरण किया, जिससे राहगीरों और यात्रियों को गर्मी में राहत मिली। ज्ञान चंद केवल ने पानी और खाद्य पदार्थों का वितरण किया, जिससे लोगों को यह महसूस हुआ कि वह केवल नाम मात्र के नेता नहीं हैं, बल्कि जनता के सच्चे सेवक भी हैं। इस प्रकार की छबीलें न केवल प्यास बुझाने का काम करती हैं, बल्कि समाज में सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा देती हैं। ज्ञान चंद का यह कार्य एक प्रेरणा स्रोत है और यह दर्शाता है कि जब नेता स्वयं सेवा में भाग लेते हैं, तो समाज में उनके प्रति सम्मान और विश्वास बढ़ता है। (अनंत ज्ञान)

### एनएसएस के छात्रों ने स्कूल परिसर संवारा



स्कूल परिसर में साफ-सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवी।

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में बुधवार को एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास व पूनम देवी की अध्यक्षता में एकदिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 छात्र तथा छात्राओं ने भाग लिया। स्वच्छता सप्ताह को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में फूलों की क्यारियों को संवारा तथा स्कूल मैदान में उगी भांग व कांटेदार झाड़ियों की कांटछांट की गई। (अनंत ज्ञान)

### धूमधाम से मनाई जाएगी संत कबीर जयंती

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के गांव नंगल जरियांला, मोहल्ला चौकी में सद्गुरु कबीर साहिब जी की 627वीं जयंती 22 जून को बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। कबीर पंथी समाज सुधार सभा के प्रधान सीता राम ने बताया कि विधिवत रूप से सुबह हवन व झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी तथा गांव वासियों के सहयोग से इस शुभ अवसर पर ठंडे मीठे जल की छबील लगाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा सद्गुरु कबीर साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। (अनंत ज्ञान)

### प्रचंड गर्मी में मिल रहीं घर-द्वार स्वास्थ्य सुविधाएं



गोंदपुर जयचंद में लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए लगाए गए शिविर में मौजूद लोग।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रचंड गर्मी में भी लोगों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था संचालित अस्पताल - सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम में शामिल प्रीति, मनीष, निहाल ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे गांव व पंचायत गोंदपुर जयचंद की बेलदार बस्ती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।। इसमें 87 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। इस दौरान 40 लोगों के टेस्ट किए गए। इसमें उच्च रक्तचाप के 5, शुगर के 6, जोड़ों के दर्द के 29 लोग पाए गए।। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस मौके पर आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांव वासी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# धूमधाम से संपन्न हुआ तीन दिवसीय पिपलू मेला

## व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**राजेश शर्मा, ऊना**





पिपलू मेले के इतिहास पर आधारित स्मारिका का विमोचन करते मुख्यातिथि, (दाएं) पिपलू मेले में भंडारे में सेवा निभाने वाले मेला कमेटी सदस्य।

जिले का ऐतिहासिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला बुधवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मेले के अंतिम दिन टाउन एवं कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कुटलैहड़ विवेक शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी अविनाश कपिला उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में राजेश धर्माणी ने कहा कि जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेले में राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से काफी अच्छे बदलाव देखने को मिले हैं। सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा विभिन्न विकासात्मक प्रदर्शनियां लगाई गईं जिसमें अनेक प्रकार की ज्ञानवर्धक जानकारी हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से कुटलैहड़ में पर्यटन विकास क्षेत्र को नए पंख लगेंगे। कुटलैहड़ क्षेत्र पर्यटन गंतव्य के रूप में पहचाना जाएगा तथा शीघ्र ही विश्व पर्यटन मानचित्र पर देखने को मिलेगा।

राजेश धर्माणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सत्ता संभालते ही अनाथ बच्चों के लिए सुख आश्रय योजना आरंभ की जो कि पूरे भारत की पहली एक मात्र अनूठी पहल है, जिसके जरिए राज्य के अनाथ बच्चे अपना जीवन-यापन सम्मानपूर्वक कर पा रहे हैं। राज्य के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत राज्य के बच्चों का भविष्य संवारा जा रहा है। इस योजना के तहत सभी पात्र विधवाओं एवं एकल नारियों के बच्चों को 27 वर्ष तक मुफ्त उच्च शिक्षा की सुविधा है तथा बच्चों के आरडी खाते में एक हजार रुपए प्रतिमाह जमा किए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार की महत्वकांशी योजना इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना को भी लागू कर दिया गया है जिसका लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। इस दौरान व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मेला कमेटी को ऐच्छिक निधि से 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर टाउन एवं कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने पिपलू मेला 2024 की बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया।

मेले के समापन पर अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गईं तथा प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा विधायक विवेक शर्मा द्वारा 200 से अधिक बकरियों का पालन कर रहे बकरी पालकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विजय डोगरा, कांग्रेस सचिव देशराज गौत्तम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, बीडीओ सुभाष अत्री, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों से आए अधिकरी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम सुक्खू का एकदिवसीय प्रवास कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 20 जून को एकदिवसीय ऊना जिले के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री वीरवार को प्रातः 11.05 बजे प्रशासनिक ब्लॉक और उत्कृष्टता केंद्र पंजुआणा का शिलान्यास करेंगे, तदोपरांत 220/132 केवी 100 मेगावाट इलेक्ट्रिक सब सेंटर टाहलीवाल, 132 केवी इलेक्ट्रिक सब स्टेशन टाहलीवाल और 32 केवी इलेक्ट्रिक सब स्टेशन गोंदपुर की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा प्रशासनिक ब्लॉक और टाउनशिप ब्लॉक पंजुआणा से बल्क ड्रग पार्क फेक्टरी गेट कुठारबीत तक बनने वाले लिंक रोड का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.15 बजे पेखूबेला में नवनिर्मित 32 मेगावाट सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीर निगाह बसोली व एचएससी भवन जनकौर का लोकार्पण भी करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री बाद दोपहर 2.15 बजे शिमला के लिए रवाना होंगे।

# कमाया हुआ पुण्य पीढ़ियों तक मिलता है: बाबा बाल जी

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर**



बाबा बाल जी का आशीर्वाद लेती श्रद्धालु।

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी ने कहा कि जीवन में किया हुआ पुण्य मनुष्य की आगे वाली पीढ़ियों के जीवन को भी सार्थक बना जाता है। आपके संस्कार देखकर ही बच्चे उसका अनुसरण करते हैं। कई पीढ़ियों तक अच्छे संस्कार असर करते हैं। महाराज ने कहा कि कहीं भी धार्मिक समारोह अथवा कथा हो, उसमें बच्चों की आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

बाबा बाल जी भंजाल गांव में सेवक शादी लाल के आवास पर प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने महाभारत कथा के अध्याय में भगवान श्री कृष्ण के सखा सुदामा के बारे में भी वर्णन करके श्रद्धालुओं को उसका महत्व समझाया। किस तरह से सुदामा की पत्नी ने सुदामा को बचपन के मित्र भगवान कृष्ण से मिलने भेजा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को किसी भी परिस्थिति में धैर्य नहीं खोना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीवन में हर मोड़ पर परीक्षा भी होती है। भगवान परीक्षा लेते हैं और जो घटित हो रहा है, यह विधि का विधान है। श्रद्धालुओं ने महाराज के चरणों पर शीश नवाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का आयोजन भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

# सरकार ने पूरा किया महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा : मुकेश

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी दोनों प्रमुख वादों को पूरा किया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने का अपना दूसरा बड़ा वादा पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही थी। बीजेपी वाले महिलाओं को कहते थे कि 1500 रुपए के लिए फार्म भरने में अपना समय बर्बाद न करें, लेकिन जिला के जिन लोगों ने राज्य सरकार पर विश्वास जताया, उनको आज जून की



तिमाही के 4500-4500 रुपए एकमुश्त खाते में डाले गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने हरोली के कांगड़ में बुधवार को हुए सम्मान निधि वितरण के शुभारंभ समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में सम्मान निधि पाने वाली लाभार्थी महिलाओं को बधाई दी, वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि योजना के पहले चरण में ऊना जिले की करीब सवा 7 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं, उन्हें 3 करोड़ 27 जाख 60 हजार रुपए वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस निधि को और बढ़ाया जाएगा।

बता दें, कांगड़ में हुए इस समारोह में मुख्यमंत्री सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल तथा चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### हम पहचान देख कर नहीं डालते पैसे

**मुकेश अग्निहोत्री** ने कहा कि कांग्रेस सरकार पार्टी की पहचान देख कर पैसे नहीं डालती। महिला किसी भी पार्टी की हो, प्रत्येक पात्र महिला 1500 रुपए की हकदार है और उनके खाते में पैसे डाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जब एक अप्रैल से प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए डालने का कार्य आरंभ किया था, तब विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इसमें अड़ंगा लगवा दिया और उनकी शिकायत पर चुनाव आयोग ने 1500 रुपए को महिलाओं के खाते में डालने पर रोक लगा दी थी, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फैसला किया कि महिलाओं को किए गए वादे के अनुरूप अप्रैल, मई और जून माह की किश्तें एक साथ दी जाएंगी। यह मुख्यमंत्री की जनहितैषी सोच को दिखाता है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बीजेपी ने सरकार को गिराने की भरपूर कोशिश की लेकिन उनके सभी पैंतरे विफल रहे।

### हरोली की महिलाओं को दिए 2.50 करोड़

उपमुख्यमंत्री ने हरोली की जनता का आभार जताते हुए कहा कि हरोली क्षेत्र की जनता ने उन्हें लगातार 25 वर्षों से सेवा करने का मौका दिया है। हम कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

हरोली की जनता ने 1500 रुपए की बात पर विश्वास जताया और सबसे आगे बढ़कर फार्म भरे। इसी का नतीजा है कि जिले की करीब सवा 7 हजार लाथार्थियों में से करीब साढ़े 5 हजार लाभार्थी महिलाएं अकेले हरोली विस क्षेत्र की ही हैं। उन्हें समारोह में 4500-4500 रुपए प्रदान करते हुए करीब 2.50 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं।

## समर वेकेशन की तिथियों में बदलाव न करने पर जताया आभार

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** गर्मी के चलते इस साल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में काफी छुट्टियां दीं, जिसके चलते समर वेकेशन में छुट्टियों की तिथियों में बदलाव करने के लिए कई अन्य शिक्षा संगठनों ने मांग की थी। वहीं, इसके विरुद्ध प्रदेश स्कूल लेक्चरर संग ने समर वेकेशन की तिथियों में कोई बदलाव न करने की मांग की थी।

शिक्षा विभाग ने दोनों पक्षों को सुनकर समर वेकेशन की तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन सचिव राजन शर्मा ने शिक्षा विभाग के निर्देशक और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश में जो विभिन्न प्रधानाचार्य के पद खाली हैं, उन पदों पर जल्द नियुक्ति की जाए। उन्होंने शिक्षा निदेशक से भी आग्रह किया की शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को उनके कॉन्ट्रैक्ट के समय से सीनियोरिटी दी जाए। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व विधायक भुट्टो ने बंगाणा बस स्टैंड पर लगाया भंडारा और छबील



बंगाणा बाजार में पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने लगाया लंगर, बांटे फ्रूट।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के बस स्टैंड बंगाणा में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो द्वारा आयोजित भंडारे तथा पानी की छबील में बंगाणा बाजार सहित कुटलैहड़ के लगभग सभी गांवों के कार्यकर्ता पहुंचे। सभी लोग बड़े ही उत्साह से राहगीरों को पूरी, सब्जी तथा ठंडे मीठे जल का वितरण कर रहे थे। कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर पूर्व विधायक भी अपने को रोक नहीं सके।

स्वयं विधायक दविंद्र भुट्टो भी एक साधारण कार्यकर्ता की तरह तरबूज काट कर लोगों में वितरण करते नजर आए। वहीं, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से आए हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और पूरा दिन सेवा भाव से काम करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर, राजेंद्र मलांगड़, सुदर्शन, अरुण मनकोटिया, प्रविंद्र कुमार, कृष्णपाल शर्मा, राजकुमार, विपन साजन, विक्की, सूरम सिंह, सुशील, रिंकू, रिशु, नरेश, जनक, राजकुमार मनकोटिया, अवनीत, राजेश कुमार, शिवम, संदीप, अजय, महेंद्र राणा, शिसन, किशोरी लाल, लवी, नीलकमल, अनिल, बहादुर, अभय राणा, भूषण, रोहित सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# विकास कार्य को गति प्रदान करें सरकार : कंवर

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री।

**कहा-अगर तीन माह में कुटलैहड़ में विकास नहीं हुआ तो भाजपा करेगी आंदोलन**

राज्य में डेढ़ वर्ष से कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कुटलैहड़ में सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं और पूर्व भाजपा सरकार में जो कार्य प्रगति पर किए गए थे, वे भी कछुए की चाल चल रहे हैं। कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा को तीन माह का समय दिया जाता है। अगर इस दौरान कुटलैहड़ विस क्षेत्र के सभी विकास कार्यों की प्रगति नहीं हुई तो कुटलैहड़ भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगी।

प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने प्रेस वार्ता में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय हमने 3.50 करोड़ रुपए बस अड्डे के लिए स्वीकृत करवाए थे और भूमि भी विभाग के नाम करवा दी थी, लेकिन स्वीकृत धन कहां गया। वहीं, बंगाणा में 12 करोड़ रुपए सीवरेज के लिए स्वीकृत करवाए थे और कार्य भी शुरू करवा कर जो लगभग पूरा होने को था, लेकिन कार्य पूरा करने के लिए एक करोड़ के धन की आवश्यकता है, जो अभी तक डेढ़ वर्ष में नहीं मिला है। कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ के वसाल में 8,50 करोड़ डीपीआरएस जिसमें स्वय सहायता समूह की महिलाओं को ट्रेनिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए भवन तैयार होना है, वह कार्य भी कछुए की चाल चल रहा है।

कुटलैहड़ में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अदरोली में टूरिज्म हार्ट बनना था और सारा धन स्वीकृत हो चुका है और अभी तक केवल मात्र चार करोड़ खर्च हुआ है। बाकी की धनराशि कहां है। इसके अलावा अन्य कार्यों को पूरा करने में प्रदेश सरकार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। इस कारण सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की समस्या से कुटलैहड़ की जनता डेढ़ वर्ष से जूझ रही हैं। (अनंत ज्ञान)




**रोष** नामी फूड वर्ल्ड के चिकन प्रोसेसिंग यूनिट के विरुद्ध फिर से फूटने लगे आक्रोश के स्वर, कहा–

# पांवड़ा गांव में यूनिट बंद हो या यहां औद्योगिक क्षेत्र बसा ले प्रदेश सरकार

**सन्नी पुरी, गगरेट**



फूड वर्ल्ड के चिकन प्रोसेसिंग यूनिट के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

उपमंडल गगरेट की कलोह पंचायत के तहत आने वाले बुंबलू में खुले नामी फूड वर्ल्ड के चिकन प्रोसेसिंग यूनिट के विरुद्ध फिर से आक्रोश के स्वर फूटने लगे हैं। अब लोगों ने इस यूनिट पर प्रदूषण विभाग के मानकों को नजरअंदाज कर प्रदूषण फैलाने के आरोप लगाते हुए इस यूनिट को बंद करने की वकालत की है।

लोगों ने चेताया है कि अगर इस यूनिट द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर प्रशासन ने कोई कार्रवाई न की तो वे तेज आंदोलन शुरू करने से गुरेज नहीं करेंगे। बुधवार को पंचायत बड़ोह के पांवड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों के लोग भी जुटे और आरोप लगाया कि एक नामी फूड वर्ल्ड के इस यूनिट द्वारा खुले में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे प्राकृतिक जल स्रोत भी खराब हो रहे हैं, जबकि इस यूनिट से आने वाली बदबू से आसपास रह रहे लोगों का जीना मुहाल हुआ है। यही नहीं गंदगी फैलने से गांव में मक्खी-मच्छर भी बढ़े हैं। इसी के चलते बुधवार को पांवड़ा गांव में कई लोग जमा हुए और इस मुद्दे पर जमकर गुब्बार निकाला।

पंचायत बड़ोह के प्रधान जसवील सिंह जस्सी ने कहा कि प्रदेश सरकार को इस यूनिट को यहां खोलने की इजाजत ही नहीं देनी चाहिए थी। इसके क्या-क्या दुष्परिणाम हैं, वे अब सामने आने लगे हैं। प्रदेश सरकार या तो इस यूनिट को बंद करवाए या फिर पांवड़ा गांव के लोगों की जमीन का भी सरकार अधिग्रहण कर यहां भी औद्योगिक क्षेत्र बसा ले, क्योंकि जिस प्रकार प्रदूषण फैलाया जा रहा है, उससे गांववासियों का जीना दूभर है। पंचायत कलोह से ममता देवी ने कहा कि पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने इस यूनिट को बंद करने के लिए तब भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को चिट्ठी लिखी थी, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसे बंद नहीं किया। अब विधायक राकेश कालिया इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएं और इसे बंद करवा कर लोगों को राहत दिलाएं।

पंचायत नंगल जरियालां के उपप्रधान कैप्टन सुशील जरियाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों को भी ऐसे यूनिट के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से बचना चाहिए क्योंकि बाद में ही इनके दुष्परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण विभाग इस यूनिट में प्रदूषण नियंत्रण के मानकों की अनुपालना करवाए।

वहीं, स्वामी सत्यादेवानंद सरस्वती ने कहा कि अभी तो शुरुआत है, जब समय होता है, तब लोग चुप रहते हैं। धीरे-धीरे यहां और भी भयानक समय आने वाला है। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान सतीश गोगी ने कहा कि प्रशासन इस मामले का त्वरित संज्ञान ले। इस अवसर पर पूर्व विधायक के सहायक रहे हर्षित तिवारी, दीपक कुमार, ग्राम पंचायत दियोली के प्रधान पूर्ण सिंह सहित कई लोग मौजूद थे। उधर, फूड वर्ल्ड के आकाश ठाकुर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि चिकिन प्रोसेसिंग यूनिट कोई अवैध यूनिट नहीं है, बल्कि इसी से देश के कई कोनों के साथ भारतीय सेना को भी चिकन की सप्लाई होती है जो कि प्रोटीन का एक मुख्य स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग समय-समय पर यहां से सेंपल लेकर इनकी जांच करता है। अगर फिर भी कोई शक है तो दोबारा यहां के सेंपल लेकर जांच करवाई जा सकती है।

वहीं, एसडीएम सौमिल गौत्तम का कहना है कि अगर गांववासियों को प्रदूषण की शिकायत है तो इसकी जांच के लिए प्रदूषण विभाग को लिखा जाएगा। यूनिट प्रबंधन से भी प्रदूषण को नियंत्रित करने की हिदायत दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### शिव बने सब्जी विक्रेता मजदूर यूनियन के प्रधान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** रेहड़ी-फड़ी व फल, सब्जी विक्रेता मजदूर यूनियन की आम सभा बुधवार को सीटू कार्यालय में आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता सीटू जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने की। बैठक में कुल्लू शहर के रेहड़ी-फड़ी व फल, सब्जी विक्रेता मजदूर शामिल हुए। बैठक में यूनियन के सदस्यों की समस्याओं के बारे में चर्चा की व नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में लगभग 60 सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें सर्वसम्मति से शिव कुमार को यूनियन का प्रधान व जगदीश को महासचिव तथा रिशू कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। अंजना, गीरू राम, टेक चंद को उपप्रधान तथा शीला देवी, टिकम राम को सचिव चुना गया और तरसेम, राज कुमार, मोहन सिंह, रमेश राणा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यूनियन सीटू से संबंधित होगी व आने वाले समय में रेहड़ी-फड़ी से जुड़े मजदूरों की समस्याओं को लेकर प्रशासन से पत्राचार किया जाएगा और समस्याओं का सामूहिक रूप से समाधान किया जाएगा तथा वैंडरज एक्ट को सही रूप से लागू करने के लिए प्रशासन से मांग की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 21 को इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बाधित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने जानकारी देते हुए कहा कि 11 केवी दियार फीडर की मरम्मत और रख-रखाव के लिए लॉअर शाढ़ाबाई, कलहैली, छोटा भुईन, पिपलागे, बशोना, पियाशिनी-महासू, दियार कमांद बगीचा, भाटग्रां, जरड व आसपास के इलाकों में 21 जून को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर इस दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण होने वाली असुविधा के लिए जनता से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### एसएमसी के अध्यक्ष बने प्रेम सागर चौधरी



**सैंज।** शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला दियोहरी में स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। स्कूल की मुख्याध्यापक महेंदर चौहान ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से बुलाई बैठक में दो दर्जन से अधिक अभिभावकों ने हिस्सा लिया और एसएमसी कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया, जिसमें प्रेम सागर चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त महेंद्र सिंह को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि भीमी राम, सुनीता देवी, पूषा देवी, योगिंद्र सिंह, मीरा देवी व वार्ड सदस्य डॉलमा देवी को सदस्य चुना गया। एसएमसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेम सागर चौधरी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति ने उनपर जो भरोसा जताया है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने बैठक में आए तमाम अभिभावकों का आभार प्रकट किया है।

### रोशन लाल ठाकुर बने संघ के नए अध्यक्ष

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश न्यायिक कर्मचारी कल्याण संघ के जिला निकाय के सामान्य सदन की बैठक में जिला न्यायालय परिसर कुल्लू में प्रेम चंद नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुल्लू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एसोसिएशन के संविधान के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित पदाधिकारियों को दो वर्ष की अवधि के लिए चुना गया है, जिसमें अध्यक्ष के पद पर रोशन लाल ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल, मुख्य सलाहकार प्रेम चंद नेगी, लीगल एडवाइजर धर्मेंद्र भारद्वाज, एडवाइजर इंद्र सिंह ठाकुर, कैशियर शिव शक्ति, असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी बुद्धि सिंह, असिस्टेंट ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी भूपेंद्र ठाकुर, ज्वाइंट सेक्रेटरी हेमंत कुमार, ज्वाइंट सेक्रेटरी सतीश कुमार वेधया, ज्वाइंट सेक्रेटरी पृथि चंद, प्रेस सेक्रेटरी दीपक कुमार, प्रेस सेक्रेटरी हरीश कश्यप, प्रोपोगेंडा सेक्रेटरी सुनील कुमार, प्रोपोगेंडा रवि कांत, ऑडिटर विजय लक्ष्मी, टेक्निकल एडवाइजर अजय कुमार रांगरा। एग्जीक्यूटिव मेबर्स में सुभाष चंद, मंजू कुमारी, सुभाष चंद, मनोहर गुलेरिया, चांद राम, किरण कुमार, हनीश राणा, वीर करन, रोमिल महंत, दीपेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, हेमराज बिष्ट, मुकेश कुमार, कुलतार चंद शर्मा, हुकुम चंद आदि चुने गए। (अनंत ज्ञान)

# ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे

## दोनों जिलों में बारिश होने से कूल-कूल हुआ मौसम, गर्मी से मिली राहत

**कमलेश वर्मा, केलांग/ मनाली**

जिला लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू जिले में मौसम ने करवट बदल ली है। बुधवार को दोनों जिलों के निचले क्षेत्रों में जहां हल्की बारिश हुई, वहीं 13,050 फुट रोहतांग दर्रा सहित इसके आसपास व लाहौल की सभी ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने से तापमान में गिरावट आई है।

बुधवार सुबह के समय कुल्लू, मनाली, लाहौल सहित रोहतांग दर्रे में धूप खिली। दोपहर बाद रोहतांग दर्रे व चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। सनद रहे कि एक ओर जहां पूरा देश गर्मी की तपिश से तप रहा है, वहीं कुल्लू व लाहौल-स्पीति में जून माह के तीसरे सप्ताह हो रही बारिश और चोटियों में बर्फबारी से मौसम कूल-कूल हो गया है। इससे यहां घूमने आए पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं और उन्होंने राहत की सांस ली है। वहीं, ठंडे मौसम का आनंद लेने के लिए देशभर के सैलानी भी भारी संख्या में कुल्लू, मनाली व लाहौल-स्पीति के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। इस बार जून के तीसरे सप्ताह भी पहाड़ों में बर्फबारी होने से सुहावना मौसम सैलानियों को भा गया है। बुधवार को रोहतांग दर्रे सहित मकरवे, शिकरवे, सेवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, हनुमान टिब्बा, देउ टिब्बा, मांगन कोट सहित रोहतांग के उस पार बारालाचा, कुंजंम, लेडी ऑफ केलांग व नीलकंठ की पहाड़ियों सहित समस्त ऊंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे। (अनंत ज्ञान)



लाहौल की ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे।

### ट्रैफिक जाम से वाहन चालक परेशान

देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक गर्मी से राहत के लिए ठंडी वादियों का आनंद लेने के लिए सैलानी कुल्लू, मनाली व लाहौल घाटी का रुख कर रहे हैं। ऐसे में कुल्लू, मनाली, लाहौल सिस्सू, कोकसर, सोलंगनाला, गुलाबा, मढ़ी, रोहतांग, मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। रोजाना हजारों की संख्या में वाहन यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में मनाली से लेकर अटल टनल तक जगह-जगह ट्रैफिक जाम का भी पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मनाली कुल्लू की ओर से सैकडों सैलानी दर्रा पार कर लाहौल, पांगी, किलाड़ व लेह, शिकुंला, बारालाचा, दीपकताल का रुख कर रहे हैं।

# 88 लाख से सुधरेगी सैंज से आनी के बीच एनएच-305 की हालत

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सैंज-आनी-ओट नेशनल हाइवे-305 में आनी से जलोड़ी के चकाचक होने के बाद गड्ढों में तब्दील हो चुके सैंज से आनी तक 23 किलोमीटर नेशनल हाइवे-305 के दिन भी जल्द बहुरेंगे। सड़क की मरम्मत का काम ठेकेदार को आवंटित कर दिया गया है।

जल्द ही सैंज से लुहरी और आनी तक 23 किलोमीटर सड़क में पैच वर्क शुरू कर गड्ढों का नामोनिशान मिटा दिया जाएगा। एनएच विभाग के रामपुर डिवीजन के अधिशाषी अभियंता इंजी. केएल सुमन ने बताया कि 88 लाख रुपए से 23 किलोमीटर सड़क की दशा सुधारने का काम ठेकेदार को दिया गया है, जिसमें सैंज से लेकर आनी तक पूरी सड़क की मरम्मत की जाएगी। सड़क में 23 किलोमीटर तक सभी गड्ढों को भरा जाएगा और पूरा पैच वर्क किया जाएगा, इसके निकास नालियों और कल्वर्ट की साफ-सफाई, झाड़ियों को काटना और सड़क किनारे चुना लगाना आदि कार्य ठेकेदार द्वारा किए जाएंगे सैंज-आनी-औट नेशनल हाइवे-305 का सैंज से लेकर आनी तक गड्ढों से बुरा हाल है। खासकर सैंज से लुहरी तक और हरिपुर से लेकर आनी कस्बे तक बुरे हाल हैं। नेशनल हाइवे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी यहां से रोज गुजरने वाले वाहन चालकों के अक्सर निशाने पर रहते हैं। हालांकि बीते करीब दो साल के दौरान एनएच विभाग की ओर से सैंज से लुहरी और छांवटी से आनी के बीच तंग मोड़ों को काटकर चौड़ा किया गया है, कई जगह बड़े-बड़े डंगे लगाए गए हैं, ताकि किसी तरह सिंगल लेन सड़क में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटा जा सके, लेकिन दिन व दिन गहरे होते गड्ढों से अब लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है। (अनंत ज्ञान)

> सैंज से आनी के बीच सड़क को जल्द दुरुस्त किया जा रहा है। आनी से जलोड़ी दर्रे तकके 30 किलोमीटर भाग में टारिंग कर इसे दुरुस्त कर दिया गया है। 88 लाख में मरम्मत के साथ-साथ 23 किलोमीटर सड़क का एक साल तक रखरखाव भी ठेकेदार द्वारा किया जाएगा।
> **केएल सुमन, अधिशाषी अभियंता एनएच विभाग रामपुर डिवीजन।**

# प्रस्तावित ग्राम सभा की बैठक स्थगित करने पर भड़के ग्रामीण

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

गाहर पंचायत सड़क मामला लगातार उलझता जा रहा है। गाहर पंचायत प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के मामले को लेकर बुधवार को होने वाली ग्राम सभा के अचानक स्थगित होने से गाहर पंचायत के ग्रामीण भड़क उठे हैं और इस मामले में ग्रामीणों ने बीडीओ नग्गर के प्रति भी अपना रोष प्रकट किया है। गाहर में एक सड़क के लिए हुए विवाद का मामला शांत होने न होने से लगातार बढ़ता जा रहा है।

गाहर के ग्रामीणों ने पंचायत के प्रधान के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। इसी कारण पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत के प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए बीडीओ नग्गर से ग्राम सभा की बैठक बुलाने की मांग की थी, जिसपर बीडीओ ने 19 को ग्राम सभा की बैठक करवाने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों के अनुसार 18 की रात को पंचायत घर के बाहर नोटिस लगा दिया गया कि प्रस्तावित ग्राम सभा को किन्ही कारणों से स्थगित कर दिया गया है। ग्राम सभा के स्थगित होने से पंचायत की जनता में बीडीओ कुल्लू के खिलाफ रोष पनप चुका है। इस संदर्भ में पंचायत के पूर्व प्रधान ठाकर चंद और भूपेंद्र कोटिया ने बताया कि पंचायत के ग्रामीण सुबह के 11 से दोपहर 1:30 बजे तक बीडीओ नग्गर का इंतजार करते रहे, लेकिन बीडीओ बैठक में शामिल नहीं हुए। बीडीओ के रवैये से परेशान होकर ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में स्थित एडीएम कुल्लू के कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते हुए एडीएम कुल्लू को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। साथ ही पंचायत प्रधान और बीडीओ नग्गर के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की। एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार ने गाहर पंचायत के ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस पूरे मामले में पहले बीडीओ नग्गर से रिपोर्ट ली जाएगी और उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा कि किस तरह की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)



एडीएम कुल्लू के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए गाहर पंचायत के ग्रामीण।

# हुरंग में सड़क के टारिंग के काम की पांच लोग करेंगे निगरानी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हुरंग पंचायत में सड़क को दुरुस्त करने के लिए टारिंग का काम शुरू होने जा रहा है। इस संदर्भ में क्षेत्र के सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि वीरवार से सड़क मार्ग को दुरुस्त रखने के लिए टारिंग का काम शुरू होने जा रहा है।

इसके साथ ही तीनों पंचायत के जनप्रतिनिधियों के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि हर पंचायत से कम से कम पांच-पांच लोग सड़क की टारिंग में अपनी ड्यूटी लगाएंगे, ताकि फोजल से डोभी के बीच में हो रही टारिंग सही तरीके से हो पाए। सभी जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ठेकेदार को तो सिर्फ अपना कार्य पूरा करना है उसे कोई फर्क नहीं पड़ता काम सही हो रहा है या फिर गलत तरीके से इसके लिए सभी पंचायत के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। इस सड़क का कार्य सही तरीके से हो इसकी जिम्मेदारी भी ग्रामीणों की है। पंचायत जनप्रतिनिधियों के अनुसार टारिंग का जिम्मा उठा रहे ठेकेदारों को भी अपने कार्य के प्रति ईमानदारी रहते हुए जनता को समर्पित इस कार्य को अच्छे से करना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को इस सड़क का भरपूर लाभ मिल सके। जनप्रतिनिधियों ने सभी वार्ड मेंबर से अपने-अपने वार्ड से एक-एक ग्रामीण की जिम्मेदारी तय कर दी है। यह टारिंग का कार्य एक सप्ताह तक चलेगा और इसमें गाड़ी वालों की जिम्मेदारी ड्यूटी के तौर पर रहेगी। वार्ड मेंबर भी एक-एक व्यक्ति का नाम प्रस्तावित करेंगे और वीरवार नौ बजे तक फोजल पहुंचने के लिए सभी से अपील की है। जनप्रतिनिधियों के अनुसार आज इस घड़ी में हम जागरूकता नहीं दिखाते हैं, तो कल के दिन कृपा आप सभी से निवेदन रहेगा कि इस सड़क के प्रति अपनी आवाज न उठाएं। (अनंत ज्ञान)

# सरकार ने संघों का एजुकेशन फंड किया बंद : ठाकुर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पूर्व बागबानी मंत्री एवं द कुल्लू जिला सहकारी संघ समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला सहकारी संघों का एजुकेशन फंड बंद कर दिया। बुधवार को यहां जिला सहकारी संघ के भवन सरवरी में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके बारे में पूरे प्रदेश के संघों ने विभाग व सरकार से इसे बहाल करने का आग्रह किया था, लेकिन सरकार व विभाग नहीं माने हैं। इसलिए अब प्रदेश के सभी सात जिला सहकार संघों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। इस फंड के बंद होने से जिला सहकार संघों को दरकिनार करने का प्रयास किया है। सहकारी बायोलॉज व कानून के तहत लड़ाई लड़ी जाएगी ताकि यह फंड बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि इस फंड के बंद होने से जिला सहकार संघ न तो एजुकेशन करवा पाएगा।

# स्टूडेंट्स को थैरेपी की दी जानकारी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

चामुंडा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉलेज मौहल के 40 छात्राओं नें सांफिया फाउंडेशन के आस बाल विकास केंद्र का दौरा किया।

इस दौरान छात्राओं नें थैरेपी सेवाओं की बारीकियों को जाना। बीजू हिमदल (कार्यक्रम प्रबंधक) ने छात्राओं को केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी तथा सभी थैरेपी सेवाओं के बारे में भी अवगत करवाया। फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन शामिल हैं। उन्होंने छात्राओं को फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए चलाए जा रहे थैरेपी ऑन व्हील्स कार्यक्रम की भी जानकारी दी। चामुंडा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉलेज की उपप्रधानाचार्य ने बताया कि नर्सिंग छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आश केंद्र में लाया गया था, जहां छात्राओं नें दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जाने वाली सेवाओं को बारीकी से जाना। (अनंत ज्ञान)



चामुंडा इंस्टिट्यूट एवं नर्सिंग कॉलेज मौहल की छात्राएं आस बाल विकास केंद्र में स्टाफ के साथ।

# मनाली कूड़ा संयंत्र केंद्र में क्षमता से तीन गुना अधिक कूड़ा-कचरा : कपूर

**कमलेश वर्मा, मनाली**

नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि मनाली कूड़ा संयंत्र केंद्र में क्षमता से तीन गुना अधिक कूड़ा कचरा आ रहा है। अप्रैल महीने में डीसी कुल्लू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें सभी नगर परिषदों व पंचायतों को अपने कूड़े के निष्पादन की खुद व्यवस्था करने को कहा था।



डीसी के निर्देश पर ही नपमनाली ने अपने क्षेत्र से बाहर के कूड़े-कचरे को 21 के बाद नहीं लेने का निर्णय लिया था। इस संयंत्र केंद्र में लाहुल के सरचू से लेकर कुल्लू के जलोड़ी जोत तक का 60 टन से अधिक कूड़ा प्रतिदिन आ रहा है। जल्द ही डीसी कुल्लू से बैठक कर आगामी निर्णय लिया जाएगा। डीसी कुल्लू का जो भी निर्णय होगा, उस पर अमल किया जाएगा और मिलजुलकर इस गंभीर समस्या से निपटा जाएगा। एनजीटी की ओर से किए गए चार करोड़ 60 लाख के जुर्माने की बात करते हुए कहा कि इस निर्णय के विरुद्ध नप मनाली उच्च न्यायालय जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# शबनम बॉक्सिंग में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चयनित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर की आठवीं कक्षा की शबनम ठाकुर बॉक्सिंग में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चयनित हुई हैं, जिसके लिए स्कूल की प्रधानाचार्या दीप्ति पॉल ने शबनम को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

प्रधानाचार्य दीप्ति पॉल ने बताया कि पिछले महीने बिलासपुर के लुहणू ग्राउंड स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए लड़के व लड़कियों का चयन किया गया, जिसमें भुंतर स्कूल की शबनम ठाकुर जो आठवीं कक्षा की छात्र है, उसका चयन हुआ, जिसके चलते स्कूल में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य ने शबनम के चयन के लिए स्कूल के कोच धर्मवीर और शबनम के माता-पिता को बधाई दी व प्रदेश स्तर पर पदक लाने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि शबनम बजौरा के साथ लगते भिंडी गांव की रहने वाली है। (अनंत ज्ञान)



# धमचिण में मंदिर की प्रतिष्ठा में भाग लेने ढालपुर से रवाना हुए गौहरी देवता

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित देवता वीर नाथ मंदिर के गौहरी देवता अपने समस्त हारियानों के साथ मंदिर की प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए ढालपुर से रवाना हुए।

बुधवार को ढालपुर वीर नाथ मंदिर से गौहरी देवता अपने समस्त हारियानों संग फोजल गांव के समीप लगते धमचिण गांव के लिए रवाना हो गए। गौहरी देवता मंदिर के पुजारी कृष्ण लाल महंत और कारदार राजकुमार ने बताया कि देवता हारियानों संग धमचिण गांव में स्थित गौहरी देवता के नए मंदिर की प्रतिष्ठा के समारोह में भाग लेने जा रहे हैं। इस दौरान देवता नए मंदिर से जुड़े सभी देव कार्यों में भाग लेंगे। सैकड़ों हारियानों के संग देवता पैदल यात्रा करते हुए रात्रि के समय फोजल गांव में विश्राम करेंगे और उसके अगले दिन देवता धमचिण गांव पहुंचकर नए मंदिर की प्रतिष्ठा में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)



# जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने झटके एक स्वर्ण, दो रजत और सात कांस्य पदक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

शिमला में इंदिरा गांधी खेल परिसर में राज्य स्तरीय सबजूनियर जूडो प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, दो रजत, सात कांस्य पदक जीते हैं।

प्रधान व कोच रणवीर ठाकुर ने बताया कि जूडो प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 30 किलो वर्ग भर में इशांत शर्मा ने स्वर्ण, जैस्मिन ने 52 किलो में रजत, 40 किलो वर्ग भर में तन्वी ने रजत, 44 किलो में आकृति परमार ने कांस्य, 48 किलो में कृतांगवी ने कांस्य, 40 किलो मे रोनित ने कांस्य, 45 किलो में प्रत्यूष ने कांस्य, 35 किलो में हरीश ने कांस्य, 30 किलो में अरब ने कांस्य, 70 किलो में ओपन में सक्षम ने कांस्य पदक जीता, इसमें रीतीन पठानिया, यशूला गुलरिया, सुरेश नेगी, मन्नत व सोहिल उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



जूडो प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले कुल्लू के खिलाड़ियों के साथ अन्य लोग।

**रवाना** रघुनाथपुर में मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन सहित किए देव कार्य, देवता कल वशिष्ठ के लिए करेंगे प्रस्थान

# काली नाग, जौड़ा नारायण भगवान शिरड के लिए रवाना

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

भगवान रघुनाथ मंदिर के प्रांगण में विराजमान देवता काली नाग जौड़ा नारायण भव्य रथ के दर्शन को सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

मंगलवार को जब देवता काली नाग जौड़ा नारायण जल विहार के पावन अवसर पर पहुंचे, तो तब से भगवान रघुनाथ के मंदिर परिसर में एक दिव्यता का संचार हो रहा था। इस दौरान भगवान रघुनाथ के प्रमुख छड़ीबरदार महेश्वर सिंह, टिक्का दानवेंद्र सिंह सहित सभी शाही परिवार के सदस्य देवता काली नाग जौड़ा नारायण के सम्मान में उपस्थित रहे। बुधवार को रघुनाथपुर में दोपहर एक बजे तक मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन सहित देव कार्य किए गए और देवता के दर्शनों को पहुंचे हजारों लोगों ने देवता के दिव्य दर्शन का लाभ उठाया। दोपहर के बाद देवता अपने साथ आए करीब 1000 हारियानों संग शिरड के लिए रवाना हुए। शिरड के लियव रवाना होने से पूर्व देवता काली नाग जौड़ा नारायण ने भगवान रघुनाथ से विधिवत विदाई ली और इस दौरान देवता ने गुर के माध्यम से विदाई की, जिसे देखकर सभी की आंखें नम हो गईं। इस दौरान देवता की मंगल कामना करते हुए अगली बार फिर से मिलने की बात कहकर भगवान रघुनाथ की नगरी को अलविदा कहा। देवता अपने हारियानों संग वीरवार को देवता शिरड में ही विराजमान रहेंगे और शुक्रवार को देवता अपने अगले पड़ाव के लिए वशिष्ठ की और प्रस्थान करेंगे।

देवता काली नाग जौड़ा नारायण 16 से अपने निवासस्थान जरी के मतेउडा गांव से चले थे। देवता के पुजारी रिंकू ओर कारदार ललित सोनी ने बताया कि ये देवता एक नहीं, बल्कि एक ही रथ में सवार दो देवता हैं, इसमें काली नाग ओर जौड़ा नारायण विराजमान हैं, जो कि अपने आप में अद्भुत है। ( अनंत ज्ञान )



देवता काली नाग, जौड़ा नारायण रघुनाथ पुर से विदाई लेकर शिरड के लिए रवाना होते हुए।



# मां शूलिनी मेले में सुरक्षा का जिम्मा 540 जवानों पर

## रिजर्व बटालियन व नौ गजेटेड रैंक के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय, पुलिस ने शहर को बांटा पांच सेक्टर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के 21 से 23 जून तक आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय मेले के लिए सोलन पुलिस ने अपना मास्टर प्लान तैयार कर लिया है।



माता शूलिनी शोभायात्रा, कल्चर नाइट सहित जगह-जगह में लगने वाले भंडारों के दौरान कानून व्यवस्था के लिए पुलिस ने मेले के लिए शहर को पांच सेक्टर में बांटा है। इस दौरान मेले में आए लाखों लोगों की सुरक्षा का जिम्मा नौ रिजर्व के करीब 540 पुलिस और होम गार्ड्स पर होगा। एएसपी राज कुमार चंदेल ने बताया कि पांच सेक्टर में बंटे शहर के प्रत्येक सेक्टर का सुपरवाइजर डीएसपी रैंक का अधिकारी होगा, जो कि इस दौरान अपने-अपने सेक्टर में होने वाली तमाम गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगा। इसके अलावा ठोडो मैदान को भी तीन सेक्टर में बांटा गया है। इसमें पहला सेक्टर झूलों वाला एरिया, तो दूसरा सेक्टर खेलकूद प्रतियोगिता का स्थान, जबकि तीसरा और महत्वपूर्ण सेक्टर कल्चर कार्यक्रम के स्थान को बनाया गया है। इन एरियों को भी डीएसपी रैंक के अधिकारी ही अपनी देख-रेख में रखेंगे। बताया जा रहा है कि राज्य स्तरीय शूलिनी मेले को सफल बनाने के लिए करीब पांच डीएसपी रैंक के अधिकारियों के अलावा छह गजेटेड रैंक के अधिकारी की तैनाती की जाएगी। बता दें कि लाखों लोगों की आस्था का केंद्र राज्य स्तरीय शूलिनी मेला इस बार 21 से 23 जून तक मनाया जा रहा है। ऐसे में पुलिस विभाग ने तैयारियों के लिए मॉकड्रिल करना भी शुरू कर दी है। इसके अलावा ट्रैफिक प्लान में बदलाव व ड्रोन की सहायता से भी लोगों पर नजर रखी जाएगी। 250 सीसीटीवी कैमरा एक्टिवेट किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### नाके लगाने की प्रक्रिया शुरू

भले ही मेले को लेकर अभी एक सप्ताह हो, लेकिन पुलिस विभाग इसे लेकर कोई भी कोताही नहीं बरतना चाहती। इसके लिए रोजाना अब शाम के समय सपरून चौक और चंबाघाट के पास नाके लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अलावा जो भी लोग बाहर से शहर में आ रहे हैं। उन पर भी पुलिस की पैनी नजर है। फिल्हाल पुलिस ने बाहर से आए सभी लोगों को थ्राना में रजिस्टर्ड करवाने का आग्राह किया है।



मेले के लिए सजता सोलन का ठोड़ो मैदान।

### सिविल ड्रैस में तैनात रहेंगे पुलिस कर्मी

एएसपी ने बताया कि शूलिनी मेले में हर बार जेब कतरे भी सक्रिय हो जाते हैं। अधिक भीड़ का यह फायदा लेते हैं और लोगों के पर्स, मोबाइल सहित अन्य सामान लेकर रफू-चक्कर हो जाते हैं। ऐसे में पुलिस विभाग ने इन्हें पकड़ने के लिए सिविल में भी पुलिस की तैनाती की है, ताकि इन्हें पकड़ने में आसानी हो। बता दें कि बीते कई साल से लगातार शूलिनी मेले के दौरान जेब कतरों की एक बड़ी फोज को पुलिस पकड़ती आई है।

### ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे रखेंगे नजर

राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के दौरान पुलिस विभाग सुरक्षा के दृष्टि से कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहती है। ऐसे में विभाग ने शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए ड्रोन का सहारा लिया है। यह ड्रोन आसमान से मेले में आए सभी लोगों पर पैनी नजर रखेंगे। तीनों दिन पुलिस इससे बराबर मानिटरिंग करेगी। इसमें एक ड्रोन हमेशा शूलिनी माता डोले पर भी नजर रखेगा। आसमानी नजर के साथ पुलिस विभाग ने शहर के कई स्थानों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। इससे सभी आने-जाने वाले लोगों पर पुलिस तीसरी आंख से नजर रखेगी।

### ट्रैफिक प्लान में भी होगा बदलाव

मेले में अधिक भीड़ होने के चलते हर वर्ष की तरह इस बार भी ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया जा रहा है। मेले की अवधि के दौरान माल रोड पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। सिर्फ एंबुलेंस या लॉयन ऑर्डर की स्थिति को मेंटेन करने के लिए पुलिस की गाड़ियां माल रोड पर आ सकेंगी। इसके अलावा शिमला से पुराने बस स्टैंड को आने वाली सड़क पर अंबुशा रिजॉर्ट से आगे कोई भी वाहन नहीं आ पाएगा। इसी प्रकार राजगढ़ से आने वाली बसों सहित बड़े वाहनों को कोटलानाला चौक पर रोक दिया जाएगा, जबकि चंडीगढ से सोलन बाजार आने वाले वाहनों को बाइपास से आगे नहीं आने दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रमेश पहाड़िया दूसरी बार बने एसएमसी के अध्यक्ष



**एसपी जैरथ, नाहन।** शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहन में मंगलवार को आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन वर्षीय स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। स्कूल में आयोजित बैठक में शिक्षक अभिभावक संघ के सदस्यों ने हिस्सा लिया। समिति की बैठक स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर अभिभावकों ने सर्व समिति से स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया, जिसमें दूसरी बार रमेश पहाड़िया को सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। स्कूल प्रबंधन समिति में अध्यक्ष के अलावा सचिव व कार्यकारी सदस्य बनाए गए। इस मौके पर 20 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें 15 सदस्य अभिभावक, जबकि पांच सदस्य शिक्षकों में से मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में शिक्षकों में विनोद गौतम, संदीप सेमवाल, शिवानी, सुमन कुमारी और एकता के अलावा किरण देवी, सुमन, संतोष, राधा शर्मा, सुरेखा, बलजिंदर कौर, शशि बाला, नर्मदा देवी, अंबिका शर्मा, उर्मिला देवी, सीमा देवी, रीता देवी, सुधा, शांति देवी आदि सदस्यों को कार्यकारिणी में लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करवाना करें सुनिश्चित

**भावना, सोलन।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के जिला नियंत्रक नरेंद्र धीमान ने बताया कि सर्वाच्च न्यायालय की ओर से जारी निर्देशानुसार असंगठित क्षेत्र में कार्यरत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सोलन में अब तक 238 प्रवासी मजदूर परिवारों जिनकी जनसंख्या 1050 है, उनको राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं तथा इन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अनुदानित खाद्यान्न उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने सोलन में काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों, जिनके नाम भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज हैं, उनसे आग्रह किया कि वे सोलन में खंड स्तर पर शहरी क्षेत्रों में तैनात संबंधित विभागीय निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित पंचायत सचिव के पास राशन कार्ड बनाने के लिए संपर्क कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला नियंत्रक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क कर किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### माइक्रोटेक उद्योग में 92 कर्मियों ने किया रक्तदान

**बीबीएन।** रोटरी क्लब बद्दी की ओर से बद्दी के काठा स्थित माइक्रोटेक उद्योग में 12वां रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें उद्योग के 92 कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कंपनी के सीएमडी सुबोध गुप्ता ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, हर व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई अनमोल जिंदगियों को बचाता है। माईक्रोटेक समूह अपने सामाजिक दायित्वों का हमेशा प्राथमिकता से निर्वहन करता रहा है और यह समाजसेवा के कार्य जारी रहेंगे। रोटरी क्लब बद्दी के अध्यक्ष कार्तिक शर्मा और अध्यक्ष रोटरी क्लब न्यू चंडीगढ़ राकेश धवन ने नेक काम के लिए सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और कहा कि रक्तदान महादान है व रक्त से हम किसी के जीवन को बचा सकते है। रोटरी की ओर से इस वर्ष में 12 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया तथा इस वर्ष 1010 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है।

# शूलिनी मेले को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

राज्य स्तरीय शूलिनी मेला-2024 के दृष्टिगत डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने आमजन की सुविधा तथा यातायात व्यवस्था को बनाए रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

डीसी ने भारतीय मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 115 तथा 117 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। आदेश 21 जून को शूलिनी माता की झांकियों के लिए प्रयोग किए जा रहे वाहनों पर लागू नहीं होंगे। इन वाहनों पर प्रतिबंधित क्षेत्र के लिए 7 दिसंबर, 2009 को जारी किए गए आदेश भी लागू नहीं होंगे। डीसी के जारी आदेशों के अनुसार सिरमौर के राजगढ़ की ओर से चंडीगढ़ जाने वाले तथा चंडीगढ़ की ओर से शामती होकर राजगढ़ जाने वाले वाहन नए बाइपास से आवागमन करेंगे।

शिमला से चंडीगढ़ जाने वाले वाहन बाइपास राष्ट्रीय राजमार्ग-5 से जाएंगे। सिरमौर से सोलन शहर की ओर आने वाले वाहनों तथा बसों से यात्रियों को कोटलानाला चौक पर उतारा जाएगा। इन वाहनों को शामती की ओर सुविधा अनुसार खड़ा किया जाएगा। शिमला-चायल-कंडाघाट आदि की ओर से पुराना बस अड्डा सोलन आने वाले बसें अंबुशा होटल सोलन के समीप खुले स्थान पर रुकेंगी। मेला अवधि में यह बसें इसी स्थान से वापस जाएंगी। अंबुशा होटल के समीप मार्ग को अवरुद्ध किया जाएगा। मेले में आने वाले निजि वाहन एवं बसों आदि को यहां पर यात्रियों को उतारने के उपरांत पार्किंग के लिए बाईपास पर भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### दोहरी दीवार के समीप मार्ग को किया जाएगा अवरुद्ध

इन आदेशों के अनुसार 21 से 23 जून तक प्रातः आठ से रात्रि 11 बजे तक पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन एवं माल रोड सोलन पर दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों सहित सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राजगढ़ मार्ग पर देवभूमि अपार्टमेंट के समीप मार्ग को अवरुद्ध किया जाएगा। यहां से वाहनों को शामती होकर नए बाइपास से भेजा जाएगा। दोहरी दीवार सपरुन के समीप भी मार्ग को अवरुद्ध किया जाएगा। यहां सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों की जांच की जाएगी। पुराना उपायुक्त कार्यालय से क्षेत्रीय अस्पताल से होकर सभी वाहनों की आवाजाही पर दोपहर 12 बजे तक पाबंदी रहेगी। आवश्यक सेवाओं के लिए प्रयुक्त वाहन, रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में प्रयोग किए जा रहे वाहन, मेला अवधि में शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम सोलन की ओर से प्रयोग में लाए जा रहे वाहन, मेला ड्यूटी के लिए प्रयोग में लाए जा रहे स्टिकर युक्त वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

# उचित मूल्य की दुकान के लिए 10 तक करें आवेदन

**आर मोहन चौहान, सोलन।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के जिला नियंत्रक नरेंद्र धीमान ने बताया कि विकास खंड धर्मपुर की पंचायत जाडला के नयानगर में उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं उपरोक्त स्थान पर नई उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए ऑनलाइन माध्यम से वांछित सूचना व अन्य दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक है व व्यक्तिगत आवेदनकर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए अधिक जानकारी के लिए वांछित औपचारिकताओं के संबंध में इच्छुक व्यक्ति व संस्थान किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय आकर या कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सीएम ने पत्नी को देहरा से टिकट दिलाकर परिवारवाद को दिया बढ़ावा : प्रताप सिंह

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी पत्नी को देहरा से विधायक का टिकट दिलाकर, जहां परिवार वाद को बढ़ावा दिया है, वहीं पर देहरा के कांग्रेसी नेताओं की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है।



रावत ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि आपको देहरा में किसी कांग्रेसी नेता पर भरोसा नहीं है, जो आपको अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतारना पड़ा। देहरा में भी किसी कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता ने चुनाव लड़ने का सपना देखा होगा, आपने अपनी पत्नी को टिकट दिलाकर उनके सपने को चूर-चूर कर दिया है। आपको इस चुनाव में कार्यकर्ताओं की अनदेखी भारी पड़ सकती है। रावत ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए बताया कि सुक्खू ने मुख्यमंत्री रहते हुए अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा से विधायक का टिकट दिलवाया है और मुकेश अग्निहोत्री ने उपमुख्यमंत्री रहते हुए अपनी बेटी की नौकरी लगवाई है। विधानसभा चुनाव से पहले इन दोनों नेताओं ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देने के नाम पर बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं।

प्रदेश के बेरोजगार युवा आज भी सरकारी नौकरी के लिए तरस रहे हैं। रावत ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ेगा क्योंकि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को झूठी गारंटी दी है। महिलाओं को 1500 रुपए के नाम पर ठगा और प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगा है। (अनंत ज्ञान)

### राहत की सांस



सोलन में लंबे अरसे के बाद बुधवार शाम को झमाझम बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट आई, जिससे भीषण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली और बारिश के बाद मौसम भी सुहावना हो गया।

# नारी के रूपों को चित्रों के माध्यम से उकेरा

## अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में बुधवार को चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज हुआ।

डिवाइन स्ट्रोक्स ग्रुप की ओर से रिटायर्ड प्रिंसिपल साधना संगर की क्यूरेटरशिप में पांच ख्याति प्राप्त चित्रकारों की कला प्रदर्शनी का आयोजन पहले कक्ष और दूसरे प्रदर्शनी कक्ष में पंजाब के मोहाली के चित्रकार सतवंत सिंह सुमैल के चित्रों की प्रदर्शनी हुई, जिसमें नारी के विभिन्न रूपों को चित्रों के माध्यम से उकेरा गया। दोनों प्रदर्शनियों का उद्घाटन हैरिटेज होटल की प्रबंध निदेशक सोनिया ठाकुर ने रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम प्रदर्शनी में लगभग 50 चित्र और दूसरी प्रदर्शनी में लगभग 45 चित्र और असंख्य छोटे चित्र प्रदर्शनी पर लगे हैं।



रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में शुरू हुई चित्रकला प्रदर्शनी के शुभारंभ मौके पर गणमान्य लोग।

यह प्रदर्शनी 19 से 23 जून तक रहेगी। इस अवसर पर लारिसा सुरगिना, रशियन क्यूरेटर मुख्य रूप से मौजूद रहीं। कलाकारों की ओर से बनाए गए चित्रों को देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों की भीड़ लग रही है। प्रथम प्रदर्शनी में चंडीगढ़ से प्रो. साधना संगर, साबिया खान दिल्ली, राहुल जयपुर राजस्थान, भारती शर्मा चंडीगढ़, सिमरित लूथरा चंडीगढ़, गोल्डी लांबा खरड़ पंजाब आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा पार्षदों ने पेयजल संकट को लेकर निर्माण कार्य पर की रोक की मांग



डीसी सोलन को मांग पत्र सौंपते नगर निगम के पार्षद।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के भाजपा समर्थित पार्षदों ने डिप्टी मेयर मीरा आनंद की अगुवाई में बुधवार को डीसी सोलन मनमोहन शर्मा से मुलाकात कर शहर में गहराई पेयजल संकट को लेकर मांग पत्र सौंपा।

पार्षदों ने जलशक्ति विभाग से मांग अनुसार पानी देने और शहर में निर्माण कार्यों पर भी रोक लगाने की मांग की। डीसी ने आश्वासन दिलाया कि आने वाले दिनों में स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने आर्डर किया कि सोलन में निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए व शहर में सिंचाई के काम पर भी तुरंत रोक लगाई। किशोर सर पार्षद शैलेंद्र गुप्ता, सुषमा, रेखा, सीमा कुमारी और अनिल कुमार मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 107 स्काउट एंड गाइड का जांचा स्वास्थ्य

**एसपी जैरथ, नाहन**

भारत स्काउट एंड गाइड संगठन सिरमौर की ओर से जिला स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्व तैयारी शिविर का आयोजन एसएफडीए हाल नाहन में आयोजित किया गया।

इस शिविर में जिले के 107 स्काउट गाइड तथा 19 स्काउट मास्टर्स एवं गाइड कैप्टन ने भाग लिया। सिरमौर स्काउट एंड गाइड के जिला संयोजक आयुक्त डॉ. संजीव अत्री ने बताया कि राज्य स्तरीय स्काउट एंड गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर एवं राज्यपाल पुरस्कार की तैयारी को लेकर जिला मुख्यालय नाहन में स्काउट एंड गाइड का शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जिले भर के 107 स्काउट ने भाग लिया। शिविर में तृतीय सोपान की जांच परीक्षा के लिए राज्य प्रशिक्षण आयुक्त सुषमा अत्री, जिला उपप्रशिक्षण आयुक्त वीर सिंह, जिला ग्रोथ समन्वयक सुशील कुमार, जिला संयोजक आयुक्त विनय शर्मा, विजय शर्मा, शालिनी वर्मा और प्रमिला शर्मा आदि ने इस शिविर में सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)



भारत स्काउट एंड गाइड संगठन की तरफ से आयोजित शिविर में हिस्सा लेते स्काउट।

# भीम सेन ने 100 पुलों का निर्माण कर स्थापित किया नया कीर्तिमान

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

ब्रिज मेन के नाम से जानने वाले पीडब्ल्यूडी रिकांगपिओ में कार्यरत एसडीओ भीम सेन नेगी ने अपने कार्यकाल में अपनी टीम के साथ किन्नौर के साथ-साथ अन्य जिलों में नदी- नालों पर 100 पुलों का निर्माण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



भीम सेन ने अपने 100वां पुल 140 फुट लंबे पुल का निर्माण कुपवी के काटली खड्ड पर किया तथा यह पुल उन्होंने अपनी टीम के सहयोग से छह दिनों के अंदर तैयार किया। नेगी ने वर्ष 1997 में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के यांत्रिक उपमंडल करछम में बतौर दैनिक भोगी अपनी नौकरी शुरू की तथा उन्होंने पहला 40 फुट लंबा पुल मई माह 1999 में किन्नौर के तांगलिंग नाले में पूर्वनी सड़क मार्ग पर लगाया था, जबकि उन्होंने सबसे लंबे (200 फुट) पुल का निर्माण अगस्त, 2007 में स्पीति नदी पर सुमरा गांव के लिए 14 दिनों में बिना किसी मशीनिरी से केवल आदमियों के सहयोग से तैयार किया था। (अनंत ज्ञान)

# मित्तियां में गहराया पेयजल संकट

## ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के पहाड़ी क्षेत्र मित्तियां में पीने के पानी का संकट गहरा चुका है।

ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जगदेव चंद के नेतृत्व में नालागढ़ में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता नीरज गुप्ता से मिला और उन्हें समस्या से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने ज्ञापन देते हुए निर्माणाधीन पेयजल योजना को शीघ्र चालू करने की मांग उठाई क्योंकि क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख चुके हैं, जिस कारण पानी की समस्या बढ़ गई है। वर्तमान में गुरु कुंड योजना का पानी पीने योग्य नहीं है। बरसात शुरू होते ही वह पेयजल योजना बंद हो जाती है। पलासड़ा से निर्माणाधीन पेयजल योजना का काम लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने इस योजना को शीघ्र चालू करने की मांग की। नीरज ने बताया कि यह समस्या पहले से ही उनके ध्यान में है। इस पर ही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि तीन दिन में इस योजना को चला दिया जाएगा। इस दौरान उनके साथ रामशहर के सहायक अभियंता दिनेश धीमान भी उपस्थित थे।



मित्तियां के ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर नीरज गुप्ता से मिलते हुए।

**गर्मी** पांवटा साहिब में एक्सीडेंट का ग्राफ कम करने के लिए पिछले लंबे समय से ट्रैफिक पुलिस की टीम कर रही काम

# पांवटा में 44 डिग्री तापमान, पर्यटकों ने पहाड़ों का किया रुख

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

प्रचंड गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, पावंटा साहिब में आज जहां 44 डिग्री में ट्रैफिक पुलिस का जवान सीना तान बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसने के लिए सड़कों पर मुस्तैद है, वहीं गर्मी में भी पांवटा ट्रैफिक पुलिस के जवान यातायात बाधित न हो।

इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं क्योंकि गर्मी पिक पर देखते हुए इन दिनों पर्यटक भी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। दरअसल पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए दिन-रात काम कर रही है। पुलिस जवानों के लिए न तो कोई रविवार होता है, न होली और न ही दीवाली इस दिन भी कोई दुर्घटना या कोई लड़ाई-झगड़ा न हो इसके लिए पुलिस चौक-चौराहों पर निगरानी रखती है। उनका कोई स्थानीय पता है तो वह है बस थाना या चौकी का। अपनी ड्यूटी का और वर्दी का। वहीं ग्राउंड जीरो पर देखा तो विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया तो यहां पर ट्रैफिक पुलिस के जवान नजर आए, वहीं ट्रैफिक इंचार्ज से जब बातचीत की, तो उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में एक्सीडेंट का ग्राफ कम करने के लिए पिछले लंबे समय से ट्रैफिक पुलिस की टीम काम कर रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ऊपर ट्रैफिक पुलिस टीम ऑनलाइन चालान भी कर रही है। इसके अलावा ओवर स्पीड में दौड़ने वाले वाहन चालकों पर भी अब नकेल कसी जा रही है, ताकि यातायात शहर में बाधित न हो और एक्सीडेंट की ग्राफ भी कम हो, वहीं उनसे जब प्रचंड गर्मी को लेकर बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में सभी ट्रैफिक जवान अपने कार्य को ईमानदारी से निभा रहे हैं।




व्यस्त सड़कों और वीवीआइपी मूवमेंट के बीच धूप हो या बारिश हर परिस्थिति में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को सड़क पर खड़े होकर ही अपनी ड्यूटी निभानी पड़ती है। ट्रैफिक पुलिस की यही कोशिश होती है कि सड़कों पर यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। ऐसा ही नजारा पांवटा साहिब की सड़कों पर भी देखने को मिलता है। आज जब 44 के पार तापमान था, तब शहर के चौराहों पर पुलिस जवान अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैनात थे। प्रचंड गर्मी के बीच ट्रैफिक पुलिस कर्मी सभी चौक, नेशनल हाईवे रोड को नियंत्रित कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

सुपर मॉल

डिस्प्ले क्लासिफाइड

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### वेसले हॉल ने कोहली को सर्वश्रेष्ठ कहा



**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज वेसले हॉल ने इतने सालों में कई बेहतरीन बल्लेबाजों को देखा है, लेकिन उनकी नजर में भारतीय सुपरस्टार क्रिकेटर विराट कोहली सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। बारबडोस के 86 वर्ष के पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि आधुनिक दौर में कैरेबियाई क्रिकेटरों से फ्रैंचाइजी क्रिकेट का लाखों डॉलर का अनुबंध ठुकराने की उम्मीद नहीं की जा सकती, लेकिन इससे क्षेत्र में टेस्ट क्रिकेट पर विपरीत असर पड़ रहा है। अपने 16 साल के कैरियर में 48 टेस्ट खेलने वाले हॉल ने यहां भारतीय टीम के सदस्यों से मुलाकात की और अपनी आत्मकथा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कोहली को भेंट की। उन्होंने कोहली से कहा ,'' मैने कई महान खिलाड़ी देखें हैं और आप उनमें से एक हो। मैने आपका कैरियर देखा है और उम्मीद है कि भारत के लिए आप आने वाले कई साल खेलोगे।''

### विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को चौंकाते हुए खुलासा किया है कि वह 2024-25 सीजन के लिए नया केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे। विलियमसन ने सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन के फैसले के बाद न्यूजीलैंड को अब एक नए सीमित ओवरों के कप्तान का नाम भी बताना होगा। उन्होंने 2022 में पहले ही टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी और केवल सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम का नेतृत्व कर रहे थे। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेशी लीग में खेलने का मौका तलाश रहे हैं और इसलिए उस अवधि के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उस समय सीमा के अलावा, उन्होंने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।



विलियमसन के नेतृत्व में, न्यूजीलैंड को मौजूदा टी-20 विश्व कप में पहले दौर से बाहर होना पड़ा, जिसने हाल के वर्षों मे आईसीसी व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टी-20 विश्व कप था। अनुभवी बल्लेबाज के अलावा तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने भी केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में अनिच्छा का संकेत दिया है। अंतिम सूची अगले महीने घोषित होने की संभावना है।

### दोबा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**अनंत ज्ञान, जवाली।** एसडीएम कोर्ट के ग्राउंड जवाली में दो दिवसीय रात्रि दोबा प्रीमियर लीग का शुभारंभ जवाली के प्रसिद्ध ज्योतिषशास्त्री पंडित विपन शर्मा ने किया। इस टूर्नामेंट में बीस से अधिक टीमें भाग ले रही है। मुख्यातिथि पंडित विपन शर्मा ने कहा कि ऐसी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने युवा वर्ग को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया। इस टूर्नामेंट के शुभारंभ पर सौरभ अत्री, अधिवक्ता ललित मोहन, प्रदीप वालिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम म्यांमार में खेलेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम यांगून में मेजबान म्यांमार के खिलाफ नौ और 12 जुलाई को दो अभ्यास मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने यह घोषणा की। भारतीय टीम 26 जून से कोलकाता में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। भारत ने 31 मई और चार जून को उजबेकिस्तान के खिलाफ ताशकंद में दो दोस्ताना मैच खेले थे। भारत फीफा रैंकिंग में 67वें और म्यांमार 54वें स्थान पर है।


### अल्काराज ने जीत से किया आगाज



**लंदन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्वींस क्लब में पहले मैच में फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र का जीत के साथ आगाज किया जबकि एंडी मर्रे ने टूर स्तर पर 1000वां मैच जीता। फ्रेंच ओपन खिताब विजेता अल्काराज का ग्रासकोर्ट पर जीत का अभियान 13 मैचों का हो गया है। उन्होंने पिछले साल क्वींस क्लब खिताब जीतने के बाद विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा। वहीं पांच बार के चैम्पियन मर्रे ने अलेक्जेइ पोपिरिन को 6-3, 3-6, 6-3 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को लोरेंजो मुसेत्ती ने 1-6, 6-4, 6-2 से हराया। टेलर फ्रिट्ज, टॉमी पॉल और सेबेस्टियन कोरडा भी दूसरे दौर में पहुंच गए।

### पेरिस ओलंपिक में खेलेंगे जोकोविच

**बेलग्रेड।** पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में खेलेंगे, सर्बिया ओलंपिक समिति नेयह जानकारी दी।



सर्बियाई समिति ने कहा, 'नोवाक जोकोविच और डुसन लाजोविच ने एटीपी रैंकिंग के अनुसार शर्तों को पूरा कर लिया है और 2024 में पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।' जून की शुरुआत में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने कैस्पर रूड के खिलाफ होने वाले रोलां गैरा क्वार्टरफाइनल से पहले ही नाम वापस ले लिया था, क्योंकि स्कैन में उनके दाहिने घुटने में मध्यवर्ती मेनिस्कस फटा हुआ पाया गया था। दो सप्ताह पहले, जोकोविच ने पुष्टि की थी कि उनके घुटने का सफल ऑपरेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने वापसी के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई थी। जोकोविच ने चार ओलंपिक टूर्नामेंट खेले हैं और 2008 में बीजिंग में कांस्य पदक जीता है। मोंटे कार्लो में क्ले स्विंग से पहले अप्रैल में जोकोविच ने कहा था, 'पेरिस ओलंपिक बहुत महत्वपूर्ण हैं। ओलंपिक हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहा है।'

---

**टी-20 विश्व कप**

### अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-8 मैच में नजरें कोहली और कुलदीप पर

# भारत के सामने अफगान चुनौती

**एजेंसी, ब्रिजटाउन (बारबडोस)**

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण के पहले मुकाबले में उतरेगी तो नजरें काफी समय से खामोश पड़े विराट कोहली के बल्ले पर होगी जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव भी अंतिम एकादश में जगह बनाने को बेताब होंगे। भारतीय टीम संयोजन को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

भारत ग्रुप चरण की टीम में कोई बदलाव नहीं करेगा या किसी विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की जगह पिछले एक साल से अधिक समय से अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर को टीम में जगह देगा। टूर्नामेंट की शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा ने चार हरफनमौलाओं (हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा) को अंतिम एकादश में रखने पर जोर दिया था।



विराट कोहली और रोहित शर्मा की फाइल फोटो।

न्यूयॉर्क में गेंदबाजों की मददगार पिच पर यह रणनीति भारत के लिए कारगर भी साबित हुई। इससे 8वें नंबर तक बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और कप्तान इस संयोजन में छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे। कुलदीप को टीम में लाने के लिए मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह को बाहर रखना होगा। ऐसा होने पर सिराज को बाहर रहना पड़ सकता है। भारतीय टीम के दो अभ्यास सत्रों को देखें तो पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के कारण कुलदीप का दावा पुख्ता होता है। केनसिंग्टन ओवल के आसपास ठंडी हवाओं से पावरप्ले में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिलना चाहिए।

भारतीय प्रशंसकों की नजरें कोहली पर लगी होंगी जो अभी तक इस टूर्नामेंट में दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं। न्यूयॉर्क में वह अपनी चिर परिचित शैली से कामयाब नहीं रहे लेकिन वेस्टइंडीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में शामिल किए गए दुबे अभी तक अपनी रंगत में एक ही बार दिखे हैं। अमेरिका की पिचों पर वह खुलकर नहीं खेल सके, लेकिन अब वह बड़े शॉट खेलना चाहेंगे। भारत के स्टार टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ अपने अंदाज के विपरीत खेलकर रन बनाए।

वहीं गेंदबाजी में कमाल कर रहे हार्दिक पांड्या भी रन नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप के प्रदर्शन में मैच दर मैच निखार आया है और वह जसप्रीत बुमराह का बखूबी साथ दे रहे हैं। स्पिनरों की मददगार पिच पर अक्षर और जडेजा भी उपयोगी साबित होंगे।

दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से हारकर यहां पहुंची है। पहले तीन मैचों में निर्णायक साबित हुए उसके गेंदबाजों को वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने उन्नीस साबित कर दिया। कप्तान राशिद खान की उम्मीदें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर टिकी होंगी जो अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 विकेट ले चुके हैं।

बल्लेबाजों में फॉर्म में चल रहे रहमानुल्लाह गुरबाह और इब्राहिम जदरान से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

#### संभावित टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, नूर अहमद, नवीन-उल-हक।

### गंभीर का कोच बनना लगभग तय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और डब्ल्यू वी रमन का मंगलवार को बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर, रमन और सीएसी प्रमुख अशोक मल्होत्रा ऑनलाइन शामिल हुए।



बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ''हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।''

उन्होंने कहा ,'' गंभीर के बाद रमन का साक्षात्कार हुआ। यह भी 'जूम कॉल' पर हुआ। उन्होंने भी भारतीय क्रिकेट के लिए अपना रोडमैप रखा। यह साक्षात्कार 40 मिनट तक चला। समिति ने कुछ सवाल पूछे जिसके बाद प्रेजेंटेशन देखा।''

मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी-20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर-8 मैचों के लिए बारबाडोस में है।

### श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए हो सकती है श्रेयस अय्यर की वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गौतम गंभीर के भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने से आईपीएल चैंपियन कप्तान श्रेयस अय्यर के अंतरराष्ट्रीय कैरियर को नया जीवन मिल सकता है, जो जुलाई-अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के जरिए वापसी कर सकते हैं।



कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल खिताब दिलाने वाले श्रेयस को पांच जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भी चुना जा सकता है, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उनके चुने जाने की संभावना अधिक है।

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद के सबसे प्रबल दावेदार गंभीर आईपीएल में केकेआर के मेंटोर थे। श्रेयस को ईशान किशन के साथ बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था चूंकि वे रणजी ट्रॉफी खेलने से कतरा रहे थे। श्रेयस ने रणजी फाइनल खेलकर 90 रन बनाए थे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम का ऐलान अगले सप्ताह होगा। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई युवा खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। समझा जाता है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ी अब वनडे और टेस्ट पर फोकस करेंगे क्योंकि सितंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच नौ डब्ल्यूटीसी टेस्ट खेले जाने हैं। इनमें बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत में 2-2 टेस्ट, आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट और पाकिस्तान में वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी शामिल है।

### दुर्व्यवहार के लिए तंजीम हसन साकिब पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब को नेपाल के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप-2024 ग्रुप-डी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के लिए एक डिमेरिट अंक मिला है और उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



यह घटना रविवार को किंग्सटाउन के अर्नोस वेल ग्राउंड में हुई। नेपाल की पारी के तीसरे ओवर में तंजीम द्वारा गेंद फेंकने के बाद, वह बल्लेबाज रोहित पौडेल के पास आक्रामक तरीके से पहुंचे और अनुचित शारीरिक संपर्क बनाया। तंजीम ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

### स्टिमक ने एआईएफएफ को चेताया

### दस दिन में भुगतान या कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पद से बर्खास्तगी को 'एकतरफा' बताते हुए भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच इगोर स्टिमक ने एआईएफएफ को चेताया कि अगर दस दिन के भीतर उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे।

स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उन पर उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया। फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए भी उन्होंने चौबे को जिम्मेदार ठहराया।

स्टिमक ने कहा कि भारत में कार्यकाल के दौरान उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ा है और वह एआईएफएफ से दोबारा कुछ सुनना नहीं चाहते।



उन्होंने कहा ,'' मैं समय से पहले इस तरह अपना अनुबंध खत्म किए जाने के कारण दस दिन के भीतर अपना बकाया भुगतान किए जाने के लिए कह रहा हूं। यह रकम वही होगी जो अनुबंध के कार्यकाल में मुझे मिलनी थी। ऐसा नहीं करने पर मैं फीफा की ट्रिब्यूनल में एआईएफएफ के खिलाफ मामला दर्ज करूंगा।''


### चीन की तैराकी और गोताखोरी टीम घोषित

**बीजिंग।** चीनी तैराकी प्रशासनिक केंद्र ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए तैराकी, गोताखोरी और कलात्मक तैराकी टीम की घोषणा की। पेरिस खेलों में दस गोताखोर भाग लेंगे।

ओलंपिक चैंपियन क्वान होंगचन, चेन युक्सी, वांग जोंगयुआन, जी सियी और काओ युआन अपने दूसरे ओलंपिक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि स्प्रिंगबोर्ड गोताखोर चेन यिवेन, चांग यानी और लोंग दाओयी, साथ ही प्लेटफॉर्म गोताखोर यांग हाओ और लियान जुनजी पेरिस में अपना पहला ओलंपिक खेलेंगे।

31 सदस्यीय चीनी तैराकी टीम का नेतृत्व छह ओलंपिक चैंपियन झांग यूफेई, ये शिवेन, ली बिंगजी, यांग जुनक्सुआन, तांग मुहान और वांग शुन कर रहे हैं। विश्व चैंपियन यू यिटिंग, किन हैयांग और पान झानले से भी अपनी ताकत दिखाने की उम्मीद है।

### जीत की लय कायम रखने उतरेगा मेजबान वेस्टइंडीज



**एजेंसी, ग्रोस आइलेट**

शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी-20 विश्व कप सुपर-8 चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं।

वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नए सिरे से शुरूआत करने का मौका है।

दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया।

### अर्जुन एरिगैसी ने स्टीफन अवग्यान मेमोरियल शतरंज खिताब जीता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने आर्मेनिया के जर्मुक में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल-2024 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दौर में स्थानीय खिलाड़ी मैनुअल पेट्रोसियन को हराकर खिताब जीता।



भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी 20 वर्षीय एरिगैसी ने आठवें दौर में रूस के ग्रैंड मास्टर वोलोदार मुर्जिन को 63 चाल में हराया था। उन्होंने चार जीत और पांच ड्रॉ के बाद 6.5 अंक हासिल किए। वह दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में अपराजेय रहे। उन्होंने एक दौर बाकी रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया था। इस जीत से अर्जुन लाइव रेटिंग में अपने करियर के सर्वोच्च चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस टूर्नामेंट के बाद उनके कुल 2778 लाइव रेटिंग अंक हो गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन तथा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना उनसे आगे हैं।

अर्जुन ने कहा,''यह टूर्नामेंट मेरे लिए शानदार रहा और मैंने अधिकतर मौकों का फायदा उठाया। इस तरह के टूर्नामेंट आसान नहीं होते हैं क्योंकि प्रतिस्पर्धा कड़ी होती है, लेकिन मैंने जिस तरह का खेल दिखाया उससे मैं खुश हूं तथा मैंने वर्ष का अपना दूसरा खिताब जीता।''

विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश उनसे 15 अंक पीछे सातवें स्थान पर है जबकि आर प्रज्ञानानंदा 2757 अंक लेकर 8वें स्थान पर है। विश्वनाथन आनंद 2751 अंक के साथ 11वें स्थान पर हैं।

### ओलंपिक चैंपियन नीरज ने पावो नूरमी खेलों में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी, तुर्कू**

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।




भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है, ने रात का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अपने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। फिनलैंड के टोनी केरेनन ने 84.19 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन ओलिवर हेलैंडर, जिन्होंने दो साल पहले इस मीट में नीरज को स्वर्ण पदक से वंचित किया था, ने 83.96 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.58 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा इस साल अपने तीसरे इवेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

इस साल के अंत में पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना ताज बचाने के सफर पर निकले नीरज ने 10 मई को दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल करके अपने सत्र की शुरुआत की। इसके पांच दिन बाद उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.27 मीटर का मामूली थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।

**यूरो-2024**

### सुपर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो टीम ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया

## पुर्तगाल ने चैंपियनशिप में जीत से किया आगाज

**एजेंसी, लीपजिग**

स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया।

मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैम्पियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था।

छह यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिए टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं। एक अन्य मैच में अर्दा गुलर के शानदार गोल से तुर्की ने जॉर्जिया को 3-1 से हराकर यूरो-2024 में शानदार शुरुआत की।



मुकाबले के दौरान पुर्तगाल के खिलाफ गोल करने का प्रयास करता चेक गणराज्य का खिलाड़ी।

### बार्सीलोना ने भारत में अकादमियां बंद की

**नई दिल्ली।** मशहूर फुटबॉल क्लब एफसी बार्सीलोना ने 14 साल बाद भारत में अपनी सारी अकादमियां बंद करने का फैसला किया है।



क्लब ने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। 'ला मासिया' (युवा अकादमी) शैली में बच्चों को फुटबॉल के गुर सिखाने के लिए दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे में ये अकादमियां शुरू की गई थी जो एक जुलाई से बंद हो जाएंगी।

लियोनेल मेसी, आंद्रेस इनिएस्ता, सर्जियो बस्केत और गेरार्ड पीक जैसे दिग्गजों ने बार्सीलोना की अकादमियों से ही कैरियर का आगाज किया था।

